माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 9, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

पूछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 14
देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 13



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा अयोजित

स्मृति प्रार्थना सभा

स्वर्गीय डॉ. जगदीश गाँधी जी

10 नवम्बर 1936 – 22 जनवरी 2024

आध्यात्मवादी एवं मानवता के विनम्र सेवक

के निधन के 13वें दिन उनकी याद में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

आइये, हम सभी मिलकर प्रसिद्ध शिक्षाविद्, दूरदर्शी और विश्व एकता एवं शांति के अग्रदूत डॉ जगदीश गाँधी जी की याद में आयोजित इस 'स्मृति प्रार्थना सभा' में शामिल होकर उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करें।

स्थान: वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस, लखनऊ

दिनाँक एवं समय: रविवार, 4 फरवरी 2024, प्रात: 11.00 बजे

डॉ भारती गाँधी
संस्थापिका- निदेशिका
सिटी मोन्टेसरी स्कूल

प्रोफेसर गीता गाँधी किंगडन
अध्यक्षा एवं प्रबंधक, सी.एम.एस.
मोबाइल: 9415015030

प्रबंधतंत्र
एवं सी.एम.एस के
समस्त कार्यकर्ता

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 9, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पूछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 14

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 13

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन

मुंबई। मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी। पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है। निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा कि यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही। हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जानी जाने वाली पूनम को आखिरी बार कंगना रनौत के होस्ट वाली रियलिटी टीवी शो 'लॉक अप' में देखा गया था।

न्यायमूर्ति अरुण भंसाली बने हाईकोर्ट के सीजे

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर 2023 को सेवानिवृत हो जाने के बाद अब हाईकोर्ट को नए मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा 2 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के नाम की सिफारिश की थी।

ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरश: लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।

नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार

: वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

दिन दहाड़े मां-बेटा और चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

नसीर खान

फरहीन

हंजला खान (फाइल फोटो)

- मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर इलाके में दोपहर 3.30 बजे हुई वारदात
- वारदात के बाद गांव में पुलिस तैनात, हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश
- जमीन की पैमाइश को लेकर कहासुनी के बाद तड़तड़ाई गोलियां, एक गिरफ्तार

अमृत विचार : मलिहाबाद के मोहम्मदनगर शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जमीन के विवाद में लल्लन खां व उसके बेटे फराज ने फरहीन (40) और उसके बेटे हंजला खान (20) और चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया है। उधर, घटना की जानकारी होने पर फरहीन के पति फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। देर शाम को पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदनगर में फरीद परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी फरहीन और बेटा हंजला है। उनका जमीन को लेकर भाई लल्लन खां के साथ काफी दिनों से विवाद चल रहा है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज के साथ थार पर सवार होकर फरीद के घर पहुंचा। लल्लन व उसके बेटे ने कहासुनी शुरू कर दी। इस दौरान घर पर सिटी स्टेशन के पास रहने वाला फरीद का चचेरा साला मुनीर उर्फ ताज भी मौजूद था।

कहासुनी बढ़ने पर लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से फायरिंग की। मुनीर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस बीच मुनीर को गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। वहीं फराज ने रायफल से घर के अंदर मौजूद फरहीन और उसके बेटे हंजला को गोली मार दी। हंजला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फरहीन और मुनीर को परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां दोनों की मौत हो गई।

> दोनों के बीच कोई ज़मीनी विवाद नहीं था। दूसरे पक्ष का आरोपी से ज़मीन का विवाद था। लल्लन खान को लगता था कि मृतक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के लोगों से मिलकर उनकी पैरवी कर रहे हैं। जिसको लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया। लेखपाल की भूमिका की जांच की जा रही है।
>
> -सूर्यपाल गंगवार, जिलाधिकारी

पुलिस कमिश्नर व फोरेंसिक टीम पहुंची

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने वारदात के बारे में जानकारी हासिल की। सीसीटीवी फुटेज में थार सवार पिता-पुत्र वारदात को अंजाम देते हुए नजर आए। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पु लिस टीम ने दबिश देनी शुरू कर दी है। उधर, गांव में दहशत को देखते हुए दो एसीपी, चार थानों के इंस्पेक्टर के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक पैमाइश को लेकर दोनों पक्षों में इधर विवाद बढ़ गया था।

कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी

- पीजी में रहकर कर रहा था ऑनलाइन कोचिंग, 12 दिन में तीसरी आत्महत्या

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार छात्र ने बुधवार को किसी समय यह कदम उठाया, हालांकि उसका शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।

बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या

बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

खुदरा बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

- कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा गया

नई दिल्ली। सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

रांची, एजेंसी

- कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।

पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था।

गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

रांची। झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भाजपा उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है।

जगदगुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी

आगरा। जगदगुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में एयर एंबुलेंस के जरिए देहरादून ले जाया गया। उन्हें वहां सिनर्जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पूर्व में भी उनकी इसी हॉस्पिटल में देखभाल होती रही है। शिष्यों के जोर देने पर उन्हें यहां से देहरादून शिफ्ट किया गया। हाथरस में रामकथा कह रहे जगदगुरु रामभद्राचार्य की सुबह तबीयत बिगड़ गई थी। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जांच में सीने में संक्रमण का पता चला। डॉक्टरों ने आईसीयू में पूरी तरह अपनी निगरानी में रखा और जांच के बाद उनकी हालत को खतरे से बाहर बताया।

भाजपा सांसद रीता बहुगुणा को छह माह की सजा

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आचार संहिता उल्लंघन का मामला

अमृत विचार : वर्ष 2012 में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधान सभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर मीटिंग करने की आरोपी मौजूदा भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने छह माह के कारावास व 11 सौ रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 फरवरी 2012 को शाम करीब छह बजकर 50 मिनट पर रीता बहुगुणा जोशी लखनऊ विधान सभा कैंट क्षेत्र की प्रत्याशी की हैसियत से कृष्णा नगर के बजरंग नगर क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए प्रचार का समय समाप्त होने के बाद भी जनसभा को संबोधित कर रही थी। इसकी सूचना मिलने पर स्टेटिक सर्विलांस मजिस्ट्रेट मुकेश चतुर्वेदी ने मौके पर जाकर देखा तो करीब 50 लोगों की भीड़ के साथ बजरंग नगर के मकान नंबर 95 एवं 96 के बीच जाने वाली सड़क पर रीता बहुगुणा जोशी मीटिंग कर रही थीं। कहा गया है कि मौके पर वीडियो बनाया गया तथा उन्हें सभा से मना भी किया गया, इसके उपरांत मुकेश चतुर्वेदी द्वारा कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस की विवेचना के उपरांत 12 सितंबर 2012 को रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ अदालत में चार्ज शीट दायर की गई, जिसके उपरांत 20 फरवरी 2021 को रीता बहुगुणा जोशी के विरुद्ध अदालत ने आरोप तय किए थे।

आईआईटी मद्रास में खेल कोटा लागू

नई दिल्ली । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास अपने स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए खेल कोटा लागू करने वाला पहला आईआईटी बन गया है और यह 2024-25 शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक पाठ्यक्रम में इससे संबंधित दो अतिरिक्त सीट सृजित करेगा। वर्तमान में आईआईटी में खेल कोटा नहीं है, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में खेल कोटा है। संस्थान के निदेशक वी कामकोटि ने कहा, "शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से शुरू होकर आईआईटी मद्रास खेल उत्कृष्टता प्रवेश (एसईए) पाठ्यक्रम के तहत भारतीय नागरिकों के लिए प्रति स्नातक कार्यक्रम में दो अतिरिक्त सीट की पेशकश करेगा।

हंगामे के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी फटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बजट सत्र के मौके पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : विपक्षी विधायकों के हंगामें के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी फटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।

आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा

अखिलेश की ब्रेकिंग

: विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।

एक नजर

अस्पतालों की चिकित्सकीय सेवाओं की होगी जांच

अमृत विचार : प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उप्र के अधिकारी जिलों में जाएंगे। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने 18 मंडलों में निरीक्षण के लिए महाप्रबंधक व उपप्रबंधकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जांच टीमें सभी जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ जिलों में चल रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों का भौतिक व वित्तीय समीक्षा करेंगे, जरूरत पड़ने अतिरिक्त बजट की संस्तुति भी करेंगे। मिशन निदेशक ने शुक्रवार को बताया कि राज्य स्तरीय टीमें 31 मार्च 2024 तक समीक्षा कर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

सभी वर्गों को निराश करने वाला केंद्रीय बजट : डीपी यादव

अमृत विचार : सपा नेता डीपी यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट देश के सभी वर्गों को निराश करने वाला है। ऐतिहासिक बेरोजगारी के संकट से उबरने के लिए कोई रणनीति नहीं है। बेतहाशा महंगाई के संकट में राहत देने के लिए कुछ नहीं है। बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। महिला के कल्याण के लिए कोई भी प्रावधान बजट में नहीं है।

सचिवालय कर्मियों का साप्ताहिक अवकाश रद

अमृत विचार : विधानमंडल के दोनों सदनों की बैठक 3 फरवरी और 10 फरवरी को भी होने से सचिवालय के अधिकारियों और कर्मियों का शनिवार को साप्ताहिक अवकाश रद कर दिया गया है। यह आदेश सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा की ओर से जारी किया गया है।

आगरा में अंतरराष्ट्रीय बायर सेलर मीट आज से

अमृत विचार : आगरा में दो दिवसीय दूसरा अंतरराष्ट्रीय बायर सेलर मीट तीन फरवरी से शुरू होगा। उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह मीट की शुरुआत करेंगे। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सेलर मीट में संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन समेत 10 देशों के 40 से अधिक खरीदार आमंत्रित किये गये हैं।

राज्यपाल ने बजट सत्र के पहले दिन विधान मंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

राम मंदिर के रूप में हुई है राष्ट्र मंदिर की स्थापना : आनंदीबेन

अभिभाषण

- ईमानदार, पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना सरकार का संकल्प : राज्यपाल
- प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा
- बिना भेदभाव गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधान सभा में बजट सत्र के दौरान अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य।

बजट सत्र शुरू होने से पूर्व सदन में राष्ट्रगान के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह शासन के साथ ईमानदार व संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से संपन्न हो रही है। लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

एक करोड़ 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्यपाल ने फरवरी 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए बताया कि अबतक देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोग

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की कुशल एवं प्रभावी नीतियों के साथ प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। 3 करोड़ 60 लाख अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रतिमाह नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अब तक 17 लाख 82 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

महाकुंभ में सुविधा के लिए किए जा रहे उत्तम प्रबंध

राज्यपाल ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के संबंध में सदन को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी संतगणों, स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और विश्व भर से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा के लिए उत्तम प्रबन्ध किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा।

मुख्यमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानमंडल के सत्र की शुरूआत के अवसर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी को बधाई दी। कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस पर चर्चा होगी और विपक्ष के सवालों का सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों और अनुदान मांगों पर अपनी राय रखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इसके अलावा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए या प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे।

बिना रुकावट के चली विधान परिषद की कार्यवाही

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई विधान परिषद की कार्यवाही पहले दिन बगैर किसी बाधा और शोर-शराबे के संपन्न हुई। पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. अवधेश प्रसाद सिंह, डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा एवं प्रो. राजकुमार त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधान सभा में दिये गये अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया गया। तत्पश्चात बजट सत्र के कार्यक्रमों, कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा और कार्य सूची के मदों को निपटाया गया। सभापति ने अपरान्ह 12.52 बजे सदन की कार्यवाही शनिवार 11.00 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

मंत्रियों ने सदन में रखे दो अध्यादेश व स्पष्टीकरण

अमृत विचार : सदन में शुक्रवार को विधायी कार्यवाही के तहत दोनों सदनों में पिछले सत्र में पास किए गए 17वें अधिनियम से लेकर 25वें अधिनियम की राज्यपाल से स्वीकृति को सदन से अवगत कराते हुए पहले दिन दो अध्यादेश रखे गए। साथ की मंत्रियों ने कई वार्षिक रिपोर्ट रखते हुए विलंब के कारणों का स्पष्टीकरण भी पटल पर रखा।

स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने भारतीय स्टांप (उत्तर-प्रदेश संशोधन) अध्यादेश और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश को सदन पटल पर रखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग दो द्वारा सदन पटल पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. की पिछले और वर्तमान सत्र की वार्षिक रिपोर्ट और विलंब के कारणों को रखा गया गया। मुख्यमंत्री, राज्य कर अनुभाग दो की 17 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1165 और 1468 समेत 29 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1501 को उप्र, माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा-166 के अधीन विलंब के कारणों सहित रिपोर्ट रखी गई।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने उप्र लोक आयुक्त व उप लोक आयुक्त अधिनियम 1975 की धारा 12 (7) के अधीन स्पष्टीकरण ज्ञापन को पटल रखा। कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार अनुभाग एक की 1 जनवरी, 2024 को जारी अधिसूचना को उप्र कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम, 1964 की धारा-40 की उपधारा (3) के अधीन सदन पटल पर रखा।

सपा विधायकों ने किया विरोध-प्रदर्शन

विधान भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन करते सपा विधायक। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने शुक्रवार को विधान मण्डल सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। सपा विधायकों ने अपने हाथ में सरकार विरोधी नारों के पोस्टर और बैनर लेकर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार की उदासीनता पर आक्रोश जताया।

सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और भर्तियों में धांधली को लेकर नारेबाजी की और सभी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग की।

भाजपा सरकार में कम नहीं हुई महंगाई व बेरोजगारी

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को विधान भवन में बजट सत्र शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में फिर दोहराया कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगा।

दस वर्ष की भाजपा सरकार के बावजूद महंगाई और बेरोजगारी कम नहीं हुई है। किसानों को किए वादे आज भी अधूरे हैं।

अखिलेश ने कहा कि पीडीए में 90 प्रतिशत वहीं लोग हैं, जो भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त हैं। बेरोजगारी से त्रस्त युवा ही भाजपा को हराएंगे। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी जीत के लिए आगे बढ़ रही है। कहा कि किसानों को सबसे ज्यादा भाजपा सरकार ने ही दुखी किया है। उन्होंने जो-जो वादे किए थे, सब अधूरे हैं। प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नहीं है, यहां ईज आफ डूइंग क्राइम है। उन्होंने कहा कि सरकार जो आंकड़े पेश करती है, सब झूठ हैं। प्रदेश में निवेश जीरो है, इसलिए रोजगार भी जीरो है।

कौन जाएगा, ये तो बाद में पता चलेगा

राज्यपाल ने तल्ख अंदाज में विपक्ष को दिखाया आईना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने तल्ख अंदाज में विधानसभा में नारेबाजी कर रहे समाजवादी पार्टी और रालोद के विधायकों को आईना दिखाया। राज्यपाल गो बैक-गो बैक नारेबाजी कर रहे विधायकों से राज्यपाल ने कहा कि कौन चला जाएगा, यह तो बाद में पता चलेगा।

राज्यपाल ने कहा कि 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश हुआ करता था। भाजपा सरकार के शासन में यूपी केंद्र सरकार की 47 योजनाओं में देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने सपा विधायकों से कहा कि आप लोग यहां नारेबाजी करते रह गए, ये (भाजपा सरकार) लोग आपसे ऊपर निकल गए।

जमकर हुआ नियमावली का उल्लंघन

विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली 2023 लागू होने के बाद दूसरे ही सत्र में नियमावली का जमकर उल्लंघन हुआ। सपा के सदस्यों ने वेल में आकर प्रदर्शन किया। बैनर और तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे। वहीं अधिकारी दीर्घा में बैठे शासन व पुलिस के आला अधिकारी अभिभाषण के दौरान मोबाइल फोन पर बात करते रहे। उल्लेखनीय है कि नियमावली के अनुसार सदन में बैनर तख्ती लेकर प्रवेश वर्जित है। मोबाइल का उपयोग भी प्रतिबंधित है।

विपक्ष ने खूब गढ़े नारे, काले कपड़े भी दिखाए

सपा और रालोद के सदस्य राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सदन में पहुंचते ही विरोधस्वरूप खड़े हो गए। राज्यपाल ने जैसे ही अभिभाषण पढ़ना शुरू किया तो विपक्षी विधायक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर वेल में आ गए। विपक्षी दलों के सदस्यों ने राज्यपाल गो बैक-गो बैक के नारे लगाए। योगी तेरी जमाने में जनता लुट रही थाने में, मरीज दम तोड़ अस्पतालों में-सरकार भाग रही सवालों से, बिजली महंगी मीटर हाई-झूठे निकले भाजपाई, सामाजिक न्याय का नारा है-पीडीए के साथ देश सारा है, जैसे नारे लगाते रहे। सदस्यों ने बैनर के पीचे लगे काले कपड़े भी लहराकर राज्यपाल को दिखाए। राज्यपाल ने भी विपक्ष की नारेबाजी और शोर-शराबे के बीच ही पूरी शिद्दत के साथ अभिभाषण पढ़ा।

राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा : अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभाषण झूठ का पुलिंदा है। किसानों के हितों की बात करने वाली योगी सरकार के शासन में आज भी 5000 करोड़ से अधिक रुपये गन्ना किसानों का बकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री में देने का वादा किया गया, पर आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ उनसे पूरा बिल वसूला जा रहा है। इन्वेस्टर समिट तमाशे के अलावा कुछ नहीं रह गया है। लंबे-लंबे समझौता ज्ञापन हुए, पर निवेश 10 प्रतिशत से भी कम आया है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, जबकि सच ये है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65,743 मामले दर्ज हुए। यह देश के किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है।

एमबीबीएस डॉक्टर अब बन सकेंगे सोनोलॉजिस्ट विशेषज्ञ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीट पीजी में शामिल हो चुके डॉक्टरों से मांगे गए आवेदन

अमृत विचार : प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्टों की कमी को दूर करने के लिए मेडिकल कॉलेजों में सोनोग्राफी के लिए पूर्व गर्भधारण और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में छह माह अवधि का पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं। साथ ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में शुरू होने वाले पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं।

पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश करने के लिए स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एमबीबीएस चिकित्सकों के साथ ही, गत नीट पीजी की काउंसिलिंग में कट ऑफ पार कर चुके एमबीबीएस चिकित्सकों से आवेदन मांगे गए हैं। निर्देश में स्पष्ट किया गया है, इंटर्नशिप पूरी कर चुके और नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल होने वाले चिकित्सकों से नियम व शर्तों के साथ ही आवेदन करें। आवेदन करने वाले चिकित्सकों को काउंसलिंग के माध्यम से मेडिकल कॉलेज आवंटित किये जाएंगे।

मालूम हो कि गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग में सोनोलॉजिस्टों की संख्या में भारी कमी है, जिसे दूर करने के लिए एमबीबीएस डॉक्टरों को छह माह का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। छह माह के प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा उत्तीर्ण होने पर ये चिकित्सक बतौर विशेषज्ञ सेवाएं दे सकेंगे।

चार चिकित्सक उत्तीर्ण

सोनोग्राफी (पीसीपीएनडीटी) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने को नीट पीजी में प्रतिभाग कर चुके चिकित्सकों में चार चिकित्सक, पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उत्तीर्ण हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए डॉ.रूपेन्द्र कुमार, डॉ.भावना तिवारी, डॉ.हितेश चौहान और डॉ.रितेश चौहान के नाम की सूची चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को प्रेषित की है।

मुलायम के निजी सचिव रहे जगजीवन प्रसाद का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव रहे पूर्व एमएलसी जगजीवन प्रसाद का शुक्रवार को निधन हो गया। शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे कृष्ण मुरारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

सपा प्रमुख ने जगजीवन के आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को भी ढांढ़स बंधाया। बैकुंठ धाम जाकर उनकी अंत्येष्टि में शामिल हुए। सपा प्रमुख ने कहा कि बाबू जगजीवन प्रसाद आजीवन नेताजी मुलायम सिंह यादव के पारिवारिक सदस्य की तरह रहे। उनके निधन से समाजवादी पार्टी और परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। 5 जून 1955 को जन्मे जगजीवन प्रसाद अयोध्या के मिल्कीपुर के धनेठी गांव के मूल निवासी थे।

सतर्कता अफसर नामित हुए राजेंद्र पैसिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शासन के नगर विकास विभाग ने नगर निकायों पारदर्शी, स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के लिए विभाग के विशेष सचिव आईएएस राजेंद्र पैसिया को सतर्कता अफसर नामित किया है। कहा गया है कि जनता से कोई घूस मांगे तो मोबाइल नंबर 9214266666 काल करें। इसके साथ ही कार्यालय का फोन नंबर और ईमेल भी साझा किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव के आदेश पर नगर विकास के प्रमुख सचिव ने प्रशासन में भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं विभाग में आंतरिक सतर्कता को मजबूत करने के लिए नगर विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. राजेंद्र पैसिया को सतर्कता अफसर नामित किया गया है। शासन ने अफसर का कार्यालय 124 बापू भवन और दूरभाष संख्या 05222236107 और मो. नं. 9214266666 के साथ ईमेल आईडी भी सार्वजनिक करते हुए आम जनता से अपील की गई है कि यदि कोई घूस मांगे तो संबंधित नंबर पर फोन करें।

गन्ने की घटतौली पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सचिव ने दोषी कर्मियों पर दिए कार्रवाई के निर्देश
- कहा, घटतौली पर किसान करें टोल फ्री नंबर पर शिकायत

अमृत विचार : चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गन्ना विकास वीना कुमारी ने गन्ने की घटतौली करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव ने गन्ना किसानों को बकाये के त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव शुक्रवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए, विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग के अधिकारियों की ओर से चीनी मिल गेटों व गन्ना क्रय केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए। इस मौके पर गन्ना आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने गन्ना मूल्य भुगतान पर प्रमुख सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि बीते साढ़े छह वर्षों में 2,35,073 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान प्रदेश के किसानों का कराया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में अब तक 14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है।

औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए धनराशि जारी करने के आदेश

अमृत विचार, लखनऊ : 450 करोड़ की धनराशि से डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र चमकेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इस सिलसिले में धनराशि जारी करने के आदेश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में लगातार मिल रहे औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को देखते हुए सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों और डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़ और आगरा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने के लिए प्रस्तावों को स्वीकृत दी है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही गाजियाबाद नगर निगम के अंतर्गत साहिबाबाद, लोहा मंडी, साउथ साइड जीटी रोड, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत 207 करोड़ की धनराशि से विकास कार्य कराए जाएंगे।

आंकड़े | पॉक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस व आईटी सिस्टम की हुई समीक्षा

एनएएफआईएस के लाइव एनरोलमेंट में यूपी अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 98.90 डिस्पोजल रेट व 0.10 पेंडेंसी रेट के साथ द्वितीय और 76.90 कम्लाइंस रेट के साथ तृतीय स्थान पर

अमृत विचार : नेशनल आटोमेटेड फिंगर प्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एनएएफआईएस) में उप्र. 'लाइव एनरोलमेंट' में प्रथम स्थान पर है, जबकि 98.90 डिस्पोजल रेट व 0.10 पेंडेंसी रेट के साथ द्वितीय और 76.90 कम्लाइंस रेट के साथ तृतीय स्थान पर है। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) में 99.62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर है। लोकभवन में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पॉक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस व आईटी सिस्टम की समीक्षा बैठक में ये आंकड़े प्रस्तुत किये गये।

मुख्य सचिव ने कहा कि पहले से प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है, आगे भी जहां भी सुधार की आवश्यकता हो, सुधारात्मक कदम उठाए जाएं और प्रदेश को सभी मामलों में प्रथम स्थान पर लाया जाए। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट व महिला उत्पीड़न के पुराने लंबित प्रत्येक मामले की समीक्षा कर देखें कि वह कहां और किस स्तर पर लंबित हैं। उन पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित कर उनका तेजी से निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सजा दिलाने से ही लोगों के अंदर भय व्याप्त होगा और मामलों में कमी आएगी। बैठक में सचिव गृह डॉ. संजीव गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पद्मजा चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एसके भगत समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले वैज्ञानिक हों पुरस्कृत

मुख्य सचिव ने कहा कि क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रोडक्टिव पुलिसिंग पोर्टल की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट पुलिस का उदाहरण है। इससे अपराध के पैटर्न, प्रवृत्ति, अपराध समूहों और हॉटस्पॉट की पहचान करने में पुलिस कर्मियों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल को क्राइम मीटिंग में प्रयोग किया जाए। इससे क्राइम की मॉनीटरिंग के साथ, बेहतर प्लानिंग और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करने से अच्छे परिणाम आते हैं। उन्होंने एफएसएल में डिस्पोजल रेट बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों को पुरस्कृत करने के निर्देश दिये।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन - 10:00 बजे।
- प्रेस क्लब में सरल केयर फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण कलैंडर का लोकार्पण - 2.00 बजे।
- जिला कार्यालय में कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की बैठक - 4:00 बजे।
- महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल (गोमती नगर) में दान दाता सम्मान समारोह और झांसी की रानी पर किस्सागोई का आयोजन - 7.00 बजे।

एक नजर

कम्बाइन्ड एलिजिबिल्टी लिस्ट बनाने का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश सरकार को सरकारी इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल पद पर प्रोन्नति के लिए कम्बाइन्ड एलिजिबिल्टी लिस्ट बनाने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अलका तिवारी व अन्य, लालमनी राम व अन्य, राम समुझ तथा अमिता सिंह की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं व विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने अपने निर्णय में हेडमिस्ट्रेस को प्रोन्नति के लिए 22 प्रतिशत जबकि हेड मास्टर्स को 61 प्रतिशत का फिक्स्ड कोटा दिए जाने संबंधी प्रावधान को लैंगिक न्याय के विपरीत बताते हुए कहा कि संबंधित प्रावधान में संशोधन होने तक कम्बाइन्ड एलिजिबिल्टी लिस्ट बनाई जाए, जिसमें 17 प्रतिशत कोटा नॉन टीचिंग स्टाफ का होगा।

अस्पताल की बिल्डिंग से अवैध कब्जा हटाएं

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक आयुर्वेदिक-यूनानी अस्पताल की पुरानी पड़ चुकी बिल्डिंग से अवैध कब्जा हटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही, न्यायालय ने एसडीएम, सरोजनी नगर को इस अवैध कब्जे के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट को देने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने भानु प्रताप सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर थाम देगी गाड़ियों की रफ्तार

बीते साल प्रदेश की सड़कों पर बढ़ गए साढ़े चार करोड़ नए वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : वाहनों की रफ्तार ही नहीं उनकी 'बिक्री' भी फर्राटा भर रही है। हाल यह है कि प्रदेश में बीते एक साल में साढे. चार करोड़ नए वाहन सड़क पर आए हैं। वाहनों की खरीद फरोख्त की यही गति रही तो आने वाले वर्षों में वाहन सड़क पर दौड़ेंगे नहीं, रेंगेंगे।

वाहन के स्पीडोमीटर में ही स्पीड दिखेगी। वाहन खरीद लिया तो सीमित सड़कें होने पर उन्हें दौड़ा नहीं पाएंगे। हर मार्ग पर जाम से पहले ही जनता त्राहिमाम कर रही है ऐसे में वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार को थाम देगी। जरा सोचिए... जब मौजूदा वक्त में ही सड़क पर चलना दूभर है तो करीब एक दशक बाद नगर-नगर जाम का क्या नजारा होगा?

एक साल में 4,46,75,902 नए वाहन आए सड़कों पर : मार्च 2023 में करीब 4,24,10,340 वाहन प्रदेश की सड़कों पर आए। तीन माह बाद यानी 30 जून 2023 में ट्रांसपोर्ट और नॉन ट्रांसपोर्ट गाड़ियों की संख्या बढ़कर कुल 4,32,97,677 हो गई। मात्र तीन माह में ही 8,87,337 नए वाहन प्रदेश के मार्गों पर आ गए। बीते वर्ष छह माह बाद सड़कों पर आए नए वाहनों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ और गाड़ियों की संख्या बढ़कर 4,46,75,902 पहुंच गई। यानी मात्र एक साल के भीतर (2023 दिसंबर तक) 22,65,562 नए वाहन आ गए।

गाड़ियों की बढ़ती संख्या की बिक्री का कुछ ये रहा क्रम

वर्ष 2023	वाहनों की संख्या
31 मार्च	4,24,10,340
30 जून	4,32,97,677
31 दिसंबर	4,46,75,902

खूब बिके दोपहिया वाहन साढ़े तीन करोड़ से अधिक गाड़ियां बिकीं

कॉमर्शियल और नॉनकामर्शियल की कौन कहे.. सालभर में दो पहिया वाहनों की बिक्री ने तो चौंकाकर रख दिया। दिसंबर 2023 तक 3,57,33,715 दोपहिया गाड़ियां बिकीं।

मार्ग सीमित हैं ऐसे में वाहन खरीद तो लेंगे, लेकिन चलाएंगे कहां...

यह सही है गाड़ियों की बिक्री तेज हुई है। पहले का दौर नहीं रहा। बैंकों से आसान किस्तों पर गाड़ियां मिल रही हैं। यही वजह है कि वाहनों की बिक्री में तेज इजाफा देखने को मिल रहा है। आने वाले वर्षों में लोग रफ्तार वाली गाड़ियां ले तो लेंगे, लेकिन सड़कों पर लगे जाम में इन्हें चलाना मुश्किल हो जाएगा। बेहतर होगा कि लोग सार्वजनिक गाड़ियां नगर बस, मेट्रो, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, ओला-उबर और ई-वाहनों के जरिए शहर की सड़कों पर सफर करें। इससे प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा और लोग आरामदेय सफर का लाभ ले सकेंगे।

-पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

अंसल के एमडी व डिप्टी प्रेसीडेंट को मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंसल एपीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव अंसल व डिप्टी प्रेसीडेंट हरीश गुल्ला को बड़ी राहत देते हुए धोखाधड़ी व कूट रचना के एक मामले में उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को खत्म कर दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने इस मामले में पुलिस द्वारा दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए निचली अदालत द्वारा पारित किए गए तलबी आदेश को भी खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने हरीश गुल्ला व प्रणव अंसल की याचिका पर पारित किया है। याचियों की ओर से दलील दी गई कि उनके खिलाफ संजीव अग्रवाल ने विभूति खंड थाने में धोखाधड़ी व कूट रचना आदि आरोपों में वर्ष 2018 में एफआईआर दर्ज कराई। याचियों पर आरोप लगाया गया कि वादी व उसकी पत्नी ने अंसल द्वारा डेवलप किए गए सुशांत गोल्फ सिटी में कई प्लॉट, फ्लैट्स व विला बुक कराए थे। इसके लिए वर्ष 2011-12 में 11 एमओयू भी बनाए गए थे, लेकिन प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार को जमीनों की व्यवस्था करनी थी, जिसमें देरी होती चली गई, जिसकी वजह से सम्पत्तियां वादी व उसकी पत्नी को नहीं हस्तांतरित की जा सकीं। इस पर वादी ने याचियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी। याचियों की ओर से दलील दी गई कि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ जिसके तहत चार संपत्तियों का बैनामा किया जा चुका है और बाकी के चार संपत्तियों का बैनामा किया जाना है, लेकिन 19 जून 2023 को यूपी रेरा ने अंसल पर नया बैनामा करने से रोक लगा दी। कहा गया कि इसी कारण से बाकी के चार संपत्तियों का बैनामा नहीं किया जा सका, हालांकि याची अब भी समझौते की शर्तों का पालन करने को तैयार हैं और उनकी वादी को धोखा देने की कोई मंशा नहीं है। न्यायालय ने सभी परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि याचीगण समझौते की शर्तों का पालन करने को तैयार हैं, ऐसे में आपराधिक कार्यवाही को जारी रखना सही नहीं है।

▸▸ हाईकोर्ट ने खत्म किया धोखाधड़ी का आपराधिक मुकदमा

योजनाओं को बूथों तक पहुंचाएंगे कार्यकर्ता

अमृत विचार, लखनऊ : गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता 9 से 11 फरवरी तक गांव में प्रवास करेंगे और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर बूथ तक पहुंचाएंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि महानगर के समग्र विकास के संकल्प को लेकर प्रत्येक बूथ के लोगों को यह बताने की आवश्यकता है जो कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के माध्यम से विकसित भारत के सपने को पूरा करना है। अभियान संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि लखनऊ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यशालाएं आयोजित कीं।

सील तोड़कर बनाए 40 रो-हाउस, ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चिनहट में पांच बुलडोजर लगाकर एलडीए ने की बड़ी कार्रवाई

▸▸ बिल्डर व सहयोगियों ने बिना मानचित्र आठ बीघा में बनाए थे भवन

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने चिनहट में सील तोड़कर निर्मित किए गए 40 रो-हाउस भवन ध्वस्त कर दिए। प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के साथ पांच बुलडोजर लगाकर कार्रवाई की।

शुक्रवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन दल ने चिनहट में बड़ी कार्रवाई की। ग्राम अनौराकला खुर्द में आठ बीघा क्षेत्रफल में बिल्डर रजत गुप्ता, अंशु उपाध्याय, पार्थ सिंह, अंकुर व अन्य द्वारा बनाए गए 40 रो-हाउस बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए। सभी भवन 1000 से लेकर 1200 वर्ग फिट क्षेत्रफल के बिना मानचित्र स्वीकृत कर निर्मित किए गए थे। जो पूर्व में एलडीए ने सील किए थे। फिर भी इन बिल्डरों द्वारा सील तोड़कर पुनः निर्माण कराकर भवन तैयार किए गए। बराबर नियमों का उल्लंघन करने पर विहित न्यायालय के आदेश पर ध्वस्तीकरण किया गया। कार्रवाई के लिए लिए पांच बुलडोजर लगाए गए और सुबह से शाम तक सभी जमींदोज कर दिए। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि कार्रवाई जोनल अधिकारी संजय जिंदल व शशिभूषण पाठक के नेतृत्व में की गई।

अधिग्रहित भूमि का नहीं किया भुगतान, भू स्वामी नहीं हटा रहे परिसंपत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कानपुर- लखनऊ एक्सप्रेस वे के निर्माण में आ रही है अड़चन

अमृत विचार : लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में अड़चन आ रही है और काम की रफ्तार सुस्त हो गई है। प्रभावित ग्राम बनी की अधिग्रहित भूमि का प्रतिकर भुगतान न होने के कारण कास्तकार सड़क निर्माण कार्य में अड़ंगा लगा रहे हैं।

शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में निर्माणाधीन किसान पथ, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के निर्माण एवं भूमि अर्जन को लेकर हुई बैठक में उक्त बात सामने आई। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में प्रभावित ग्राम फर्रुखाबाद चिल्लावां में नादरगंज चौराहे से लगभग 180 मीटर तक अर्जित भूमि/परिसंपत्तियों का भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान न होने के कारण प्रभावित भू-स्वामि परिसंपत्तियों को नहीं हटा रहे हैं। मस्जिद की दुकानें और मंदिर प्रभावित है। मंदिर के विस्थापन के लिए भूमि की आवश्यकता है, जिससे सड़क निर्माण में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि मार्ग निर्माण कार्य में श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाकर काम में तेजी लाएं। साथ ही काम के दौरान अगर कोई अड़चन आती है तो तत्काल समाधान किया जाए।

दूसरी ओर लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में प्रभावित ग्राम अमौसी में सिंचाई विभाग की बाउंड्रीवाल प्रभावित है। मूल्यांकित धनराशि देने के लिए अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड-2 से बैंक खाते का विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया था। मगर अभी तक खाते का विवरण नहीं भेजा गया है। साथ ही बाउंड्रीवाल को भी नहीं हटाया गया।

प्रेरणा स्थल पर लगेंगे सीसीटीवी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बसंतकुंज योजना स्थित प्रेरणा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रेरणा स्थल में सीसीटीवी लगवाने व श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाकर तेजी से काम कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान देखा कि प्रेरणा स्थल पर कैफेटेरिया, योग सेंटर और शौचालय का सिविल कार्य अंतिम चरण में हैं। मौके पर निर्माणाधीन म्यूजियम का काम भी तेजी से हो रहा है। मंडलायुक्त ने एलडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाकर प्रेरणास्थल के निर्माणाधीन कार्य युद्ध स्तर पर कराए जाएं।

प्रेरणा स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

डीएम के आदेश पर लोनिवि ने नहीं किया अतिक्रमण का चिह्नीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डीएम ने जताई नाराजगी 15 फरवरी तक अतिक्रमण हटाने के दिए आदेश

अमृत विचार : डीएम के आदेश के बाद भी औद्योगिक आस्थान तालकटोरा रोड पर लोक निर्माण विभाग ने अतिक्रमण का चिह्नीकरण नहीं किया। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने आदेश का अनुपालन न होने पर नाराजगी जताई और चिह्नीकरण कर 15 फरवरी तक अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए।

डीएम ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक की। गोयला औद्योगिक क्षेत्र देवा रोड में लोक निर्माण विभाग की ओर से स्वीकृत परियोजना से लगभग 800 मीटर कम की सड़क का निर्माण कराने के बारे में इकाईयों की ओर समिति को जानकारी दी गई। डीएम ने लोक निर्माण विभाग को अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। राजकीय औद्योगिक आस्थान तालकटोरा में सड़क का उच्चीकरण किया गया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र चिनहट, मटियारी चौराहा और देवा रोड पर 27 दिसंबर से 22 जनवरी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

बैठक में एक जनपद एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना के तहत हस्तशिल्पियों को मेले, प्रदर्शनी, महोत्सव आदि में प्रतिभाग कराया गया। हस्तशिल्पियों की ओर से दिए गए सुझावों पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद दावों के भुगतान के लिए संस्तुति दी गई। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऑन लाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए डीएम ने निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, नगर निगम, अधिशासी अभियंता, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, एलडीए और उद्योग से संबंधित अन्य विभागों के प्रतिनिधि एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मांगे सुझाव

अमृत विचार, लखनऊ : जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में उद्यमियों को बताया गया कि अमौसी क्षेत्र में यूपीएसआईसी की ओर से फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स प्रस्तावित किया गया है। इसका क्षेत्रफल 9419.67 स्क्वायर मीटर है। जिसमें उद्यमियों को स्टेट आफ द आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा दी जाएगी। यूपीएसआईसी के प्रतिनिधि ने उक्त प्रस्ताव पर उद्यमियों से सुझाव मांगे। उद्यमियों ने इस पहल की प्रशंसा की।

जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

राजधानी में ठंड के बीच गंतव्य को जाते लोग।

सर्द हवाओं से पारा 2 डिग्री लुढ़का

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सर्द हवाओं से मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। लखनऊ का तापमान बीते 24 घंटों में 12 डिग्री से घटकर 10 डिग्री हो गया है। मौसम वैज्ञानिक का कहाना है कि पश्चिमी क्षेत्र में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के संकेत मिल रहे हैं। इसका असर मध्य क्षेत्र में भी पड़ सकता है।

हालांकि लखनऊ और उसके आसपास के क्षेत्रों में दिन भर धूप खिली रही, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण चल रही सर्द हवाओं से तापमान में गिरावट आई है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और बाराबंकी जनपदों में भी सर्द हवाओं से मौसम में बदलाव आया है। आने वाले दिनों में ठंडी हवाओं के साथ धुंध छाया रह सकता है।

छह उड़ानें रद, आधा दर्जन से अधिक विलंब से

अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनीनगर : धूप निकलने से भले ही राहत मिली हो मगर विमान सेवाएं अभी भी प्रभावित हैं। खराब मौसम के कारण छह उड़ानें रद कर दी गईं, जबकि आधा दर्जन से अधिक ने विलंब से उड़ान भरी। मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773, हैदराबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 453, दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई2107, गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या 9आई 809, रायपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6522 और लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 को रद कर दिया गया। वहीं, शारजाह से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 1424, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 411, अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 277, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 431 और दिल्ली से लखनऊ आने वाली विस्तारा एयरलाइंस की उड़ान संख्या यूके 641 विलंब से पहुंची। जबकि लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 412, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5241, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 432 और लखनऊ से दिल्ली जाने वाली विस्तारा एयरलाइंस की उड़ान संख्या यूके 642 ने विलंब से उड़ान भरी।

प्रयास | जिले में 11 समितियों का फीड हुआ ब्योरा, पहले चरण में 45 समितियां होनी हैं ऑनलाइन

कम्प्यूटराइज्ड समितियों में बैंकों की तरह होंगे काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वह दिन दूर नहीं जब डूब रहीं सहकारी समितियां उभरेंगी और बैंकों की तरह काम करेंगी। सहकारिता मंत्रालय का सीधा फोकस किसानों की सुविधाओं के लिए समितियों पर है।

इसी क्रम में 2026 तक देश की सभी समितियां एक-दूसरे के साथ सहकारी बैंकों से मर्ज होंगी। पहले चरण में 2025 तक समितियां कम्प्यूटराइज्ड करने का लक्ष्य है। इसमें जिले की 11 समितियां कम्प्यूटराइज्ड हो गई हैं। इन समितियों के खाते, किसानों का विवरण, ऋण, खरीद-बिक्री, बकाया समेत पूरा ब्योरा कम्प्यूटर पर है। अब यहां रजिस्टर की बजाय प्रतिदिन कम्प्यूटर पर कार्य होने लगे हैं। इस प्रणाली से समय की बचत के साथ ऋण व व्यवसाय में पारदर्शिता आएगी और मैनुअली कार्य बंद होने से फर्जीवाड़ा रुकेगा। खासकर किसानों के खातों व खरीद की रकम में भी हेरफेर नहीं कर पाएंगे।

45 समितियों पर जनसेवा केंद्र भी : नए सिरे से उभरने वाली समितियों में जनसेवा केंद्रों की सुविधा मिलेगी। इससे किसानों को खाद, बीज, ऋण, गेहूं व धान खरीद के साथ आय, जाति, निवास, सम्मान निधि जैसे 200 से अधिक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिला सहकारी बैंक की तरफ से पहले चरण की सभी 45 समितियों में जनसेवा केंद्रों का पंजीयन करा दिया है।

समितियों पर नए सिरे से कार्य होने लगे हैं। किसानों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी। ऑनलाइन काम होने से पारदर्शिता आएगी और किसान कहीं से भी अपना ब्योरा देख सकेंगे। पहला चरण लगभग पूरा होने वाला है।

-शैल कुमारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, लखनऊ

कम्प्यूटर से जुड़ीं जिले की ये समितियां

- राजधानी सोलर एनर्जी सहकारी श्रम विकास
- निराला हर्बल कोआपरेटिव सोसाइटी
- मत्स्य डेयरी एवं संयुक्त विकास सहकारी समिति
- लखनऊ पर्यटन सांस्कृतिक विकास सहकारी समिति
- पृथ्वी एग्रो कोआपरेटिव सोसाइटी
- अवध परिवहन सहकारी समिति
- विकासखंड गोसाईंगंज उपभोक्ता सहकारी समिति
- भटगांव कृषक उत्पादक सहकारी समिति

11 बिजली अभियंताओं को मिली प्रोन्नति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के 11 बिजली अभियंताओं को शुक्रवार को प्रोन्नत कर दिया गया। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी हुए। आदेश के तहत मुख्य अभियंता-स्तर दो के दो अधिकारियों अनुराग अग्रवाल व धीरज सिन्हा को मुख्य अभियंता-स्तर एक पर प्रोन्नत किया गया है। अनुराग अग्रवाल अभी तक मुख्य अभियंता रेस्पो के पद पर तैनात थे, अब इन्हें शक्ति भवन मुख्यालय में तैनाती दी गई है।

धीरज सिन्हा को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में ही रखा गया है। दो अधीक्षण अभियंताओं आकर्षक नाथ गुप्ता व अनुराग माथुर को मुख्य अभियंता स्तर-दो पर प्रोन्नति दी गई है। ऊर्जा मंत्री से सम्बद्ध आकर्षक नाथ गुप्ता को वर्तमान तैनाती पर ही रखा गया है, जबकि अनुराग माथुर को वाणिज्य-चार शक्ति भवन विस्तार से कॉरपोरेशन मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसी तरह, सात अधिशासी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पद पर प्रोन्नत किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने ऊर्जा निगमों में समयबद्ध तरीके से अभियंताओं के प्रमोशन के लिए शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

एक नजर

कपड़े की दुकान और तीन घरों से चोरों ने पार किया सामान

अमृत विचार, मोहनलालगंज : अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरों ने कपड़े की दुकान और तीन घरों को निशाना बनाया। रायबरेली निवासी प्रमोद कुमार तिवारी की मोहनलालगंज सीएचसी के समीप रेडीमेड कपड़े की दुकान है। उन्होने बताया कि चोर दो लाख के कपड़े व गल्ले से 20 हजार रुपये चुरा ले गए थे। गाजीपुर निवासी प्रत्युष गुप्ता के घर से चोर चार लाख के गहने व 10 हजार नकद चुरा ले गए। हजरतगंज के गौरव गुप्ता ने बाराबंकी के डोभाह गांव निवासी नौकर आनंद पर घर से लाखों के गहने व 25 हजार नकद चुराने का आरोप लगाया है। वहीं, बिजनौर के नटकुर निवासी बंबादेवी के घर से चोरों ने पांच लाख के गहने व 50 हजार नगदी पार कर दिया। संबंधित थानों की पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

दाखिले के नाम पर 28 छात्रों से 10.96 लाख ठगे

अमृत विचार, लखनऊ : मूलतः सिद्धार्थ नगर के वासा डुमरियागंज निवासी मो. इरफान ने गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। कि उसने संदीप और राहुल को 28 बच्चों का डी फार्मा में दाखिले के लिये 10.96 लाख दे दिये। लेकिन जब प्रवेश पत्र आदि नहीं आये तो उनसे संपर्क किया। आरोपियों ने बताया कि वह लोग की परीक्षा करा देंगे, छात्रों को आने की जरूरत नहीं। बाद में बताया कि प्रमोट कर दूसरे कॉलेज में छात्रों का दाखिला करा दिया है। जब उक्त कालेज में पता किया तो किसी भी छात्र का दाखिला नहीं होने की जानकारी हुई। आरोपियों से रुपये मांग रहे हैं तो वापस नहीं कर उल्टे धमकी दे रहे हैं।

छह करोड़ की जमीन कब्जाने में गई तीन की जान

पैमाइश को लेकर तीन घंटे में दो बार हुआ विवाद फिर भी राजस्व टीम ने पुलिस को नहीं दी सूचना

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार : मलिहाबाद इलाके में करीब छह करोड़ की जमीन (दो बीघा 17 बिस्वा) है। इसे कब्जाने को लेकर जमीन मालिक बख्तियारनगर निवासी तैय्यब खान और लल्लन के बीच विवाद चल रहा था। मामला एसडीएम कोर्ट में चल रहा था। इस जमीन की पैमाइश शुक्रवार को होनी थी। इसके लिए राजस्व टीम मौके पर पहुंची। पैमाइश को लेकर तीन घंटे में दो बार विवाद हुआ। इस दौरान तीन की हत्या कर दी गई। आरोपी सिराज उर्फ लल्लन खां को शंका थी कि मामले में फरीद उसके विरोधी तैय्यब की पैरवी कोर्ट में कर रहा है। इसी संदेह में लल्लन ने अपने सगे भतीजे के बेटे, उसकी पत्नी व साले की गोली मारकर हत्या कर दी।

जानकारी के मुताबिक बख्तियार नगर निवासी तैय्यब खान की दो सौ बीघा जमीन मलिहाबाद इलाके में है। तैय्यब वर्तमान में लंदन में रहते हैं। वहां पर वह वकालत करते हैं। उनकी इस जमीन पर सिराज उर्फ लल्लन खां कब्जा करना चाहता था। इसे लेकर तैय्यब व लल्लन के बीच में एसडीएम कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। फैसला तैय्यब के पक्ष में आया। शुक्रवार को एसडीएम ने जमीन की पैमाइश के लिए आदेश दिया था।

मलिहाबाद में घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी व ग्रामीण। अमृत विचार

तिहरा हत्याकांड

▸▸ मामला एसडीएम कोर्ट में चल रहा था, शुक्रवार को होनी थी जमीन की पैमाइश

पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर ने बताया कि शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम पैमाइश करने पहुंच गई। इसकी सूचना न तो एसडीएम ने और न ही राजस्व टीम ने पुलिस को दी थी। पैमाइश के दौरान करीब 12.30 बजे दोनों पक्षों में काफी विवाद हुआ। इसके बाद फरीद अपने घर चले गए। लल्लन खां अपनी थार से उसके घर पहुंचा। वहां पर भी कहासुनी हुई। इसके बाद लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से गोली चला दी। वारदात में तीन की मौत हो गई। विवाद के दौरान राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद थी। वारदात के बाद पुलिस को सूचना दी। सूत्रों के अनुसार सिराज, फराज व फुरकान को पकड़ लिया है, हालांकि अधिकारियों ने इसी पुष्टि नहीं की।

रायफल व थार बरामद, कई हिरासत में

पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त लाइसेंसी रायफल व थार बरामद हो गई है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक लल्लन के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। उसके नाम से रायफल का लाइसेंस 2000 में जारी हुआ था। इसकी जांच की जा रही है कि हिस्ट्रीशीटर के असलहे का लाइसेंस कैसे बन गया। वहीं, सिराज उर्फ लल्लन का पासपोर्ट भी जारी होने की सूचना मिली है। उसके दो बेटे पोलैंड में रहते हैं। उनसे मिलने के लिए लल्लन पोलैंड भी जा चुका है। इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

सिर पर गोली लगने से बेटे की मौके पर ही मौत

डीसीपी पश्चिम राहुल राय के मुताबिक, पुश्तैनी जमीन को लेकर लल्लन खान और फरीद खान के बीच सालों से विवाद चल रहा है। कई बार दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हो चुकी थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि शुक्रवार को जमीन की पैमाइश को लेकर दोनों पक्षों में फिर से झगड़ा हुआ। इसके बाद सिराज उर्फ लल्लन खान बेटे फराज खान के साथ फरीद के घर पहुंचा। फरीद की पत्नी फरहीन खान, बेटे हंजला खान और साले मुनीर खां उर्फ ताज को लाइसेंसी रायफल से गोली मार दी। बताया कि बेटे हंजला के सिर पर गोली लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

गांव में दहशत का माहौल

डीसीपी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर वारदात की जानकारी मिलते ही चार थानों की पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान पुलिस क्षेत्र में दशहत के साथ अफरा-तफरी का माहौल था। सूत्रों की मानें तो पत्नी बेटे और साले की मौत की पुष्टि होने पर फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। आनन-फानन उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस चार टीमें हत्यारोपी की तलाश में दबिश दे रहे हैं।

दोनों भाइयों के बीच पहले भी हो चुका है खूनी संघर्ष

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार : मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में एक ही परिवार के सदस्यों की हत्याओं से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव में तनाव न बढ़े इसको लेकर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हालांकि, परिजनों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने हत्यारोपी पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सीमाओं पर नाकेबंदी कर चेकिंग

मोहम्मदनगर गांव में तीन हत्याओं के बाद ग्रामीणों ने चुप्पी साध ली है। ग्रामीणों के जेहन में हत्यारोपी पिता-पुत्र की दहशत बरकार है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। हत्यारोपियों की तलाश में जिले की सीमाओं पर भी चेकिंग की जा रही है। वहीं, देर शाम पुलिस ने बरुवा गांव के समीप हत्या में इस्तेमाल की गई थार और लाइसेंसी राइफल भी बरामद कर ली है। बताया जा रहा है कि गाड़ी का पहिया पंचर होने के कारण हत्यारोपी पिता-पुत्र गाड़ी छोड़कर भाग निकले।

गब्बर के नाम से मशहूर था लल्लन

ग्रामीणों ने बताया कि लल्लन और फरीद की गिनती क्षेत्र के रसूखदारों में आती है। दोनों ही पुराने बागवान है। वर्षों से दोनों परिवारों में जमींदारी प्रथा बदस्तूर कायम है। 70 व 80 के दशक में बुलेट और घोड़े की सवारी करने वाले लल्लन को लोग गब्बर के नाम से भी जानते थे। बताया जा रहा है कि उस दौर में हिस्ट्रीशीटर लल्लन पर हत्याओं व कई संगीन आपराधिक मुकदमे भी दर्ज है। सूत्रों की मानें तो पूर्व में लल्लन के नेत्रहीन भाई सगीर की घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। चाचा की हत्या किए जाने पर बेटे फराज पर आरोप लगाया गया था।

आसपास के जिलों में भेजी गई आरोपियों की तस्वीर

तीन हत्याओं के बाद जिले में पुलिस सक्रिय हो चुकी है। आलाधिकारियों ने हत्यारोपियों की फोटोग्राफ जिले की सीमाओं पर स्थिर थानों में भेज दी है। हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस ने मुखबिर तंत्र के अलावा शहर भर में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। फिलहाल, देर शाम तक पुलिस ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी किए जाने की पुष्टि नहीं की है।

वारदात को अंजाम देते हुए पिता-पुत्र सीसीटीवी कैमरे में कैद

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में ट्रिपल मर्डर से जुड़ा 50 मिनट का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। वायरल वीडियो में थार से आए हत्यारोपी पिता-पुत्र के अलावा चालक अशरफ भी दिखाई पड़ा रहा है। यह वीडियो फरीद के घर का बताया जा रहा है। वहीं, फरीद के भाई ने हत्यारोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

देर शाम करीब 5.15 बजे वारदात के संबंध में एक फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुई। फुटेज करीब 50 मिनट का है। जो फरीद के घर का है। उसने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। फुटेज में साफ दिखाई पड़ रहा है कि सिराज उर्फ लल्लन खां अपने बेटे फराज और चालक अशरफ के संग थार से फरीद के घर पर पहुंचा। इसके बाद आरोपी पिता-पुत्र फरीद के परिवारिक सदस्यों से हाथापाई करने लगे। वहीं चालक अशरफ दूर खड़ा दिखाई पड़ रहा है। इसी बीच पिता-पुत्र लाइसेंसी राइफल से घर के भीतर फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस आयुक्त ने बताया कि देर शाम पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि, हत्यारोपी पिता-पुत्र भागने में सफल रहे।

घटना

▸▸ देर शाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुई फुटेज

जमीन से जुड़े कई मामले बन रहे मौत की वजह

अमृत विचार, मलिहाबाद : जमीन को लेकर विवाद होना और उस विवाद के बीच अपने ही परिवार के लोगों की हत्या कर देने वाली यह घटना ने देवरिया कांड की यादों को ताजा कर दिया है। जमीन से जुड़े कई मामले मौत की वजह बन रहे हैं। जिनका समय पर निस्तारण न होने पर लोग जघन्य अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते 2 अक्टूबर को देवरिया जनपद में फतेहपुर गांव में जमीनी विवाद मे पहले प्रेमचंद्र यादव की हत्या हुई। इस हत्या का बदला लेने के लिए सत्य प्रकाश दुबे समेत उनके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। हालांकि, सत्यप्रकाश की बेटी शोभिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने 27 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। ठीक इसी तरह जमीन से जुड़े प्रकरण शुक्रवार को मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में भी सामने आया। जहां करोड़ों की बेशकीमती जमीन की पैमाइश के बाद भाई सिराज खां ने बेटे फराज खान के संग मिलकर छोटे भाई फरीद के घर पर फायरिंग कर उनकी पत्नी फरहीन, बेटे हंजला खान और साले मुनीर खां उर्फ ताज की हत्या कर दी। पुलिस और प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों की जांच में यह सामने आया कि दोनों भाई करोड़ों की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं।

कई मामले लम्बित

▸▸ देवरिया के बाद मोहम्मदनगर की घटना ने दिखाया आईना

सार-संक्षेप

चार लोगों से 9.6 लाख की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज के 22 क्लाइड रोड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रदीप मल्ल ने बताया डेढ़ महीने पहले उन्हें टेलीग्राम पर मैसेज आया था। झांसे में आकर उन्होंने वेबसाइट क्वाइनदेव पर कई बार में सात लाख रुपये निवेश कर दिए। कुछ रुपये वापस आये, इसके बाद रकम आनी बंद हो गयी तब ठगी का पता चला। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अनुराग सिंह के 95 हजार रुपये साइबर ठगों ने पार कर दिये। इधर, सआदतगंज निवासी मो. तौफीक के पास 7 जनवरी को जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की कंपनी का कर्मी बन बात की। झांसे में आकर एक ऐप डाउनलोड किया। इसके बाद उनका फोन हैक कर क्रेडिट कार्ड से 59 हजार 974 रुपये व खाते से 15 हजार 800 रुपये ट्रांसफर कर लिये। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी में ईमार गोमती ग्रीन्स अपार्टमेंट निवासी गुंजन श्रीवास्तव से साइबर ठगों ने 36 हजार रुपये पार कर दिये।

महिला की अश्लील फोटो वायरल करने में पांच पर रिपोर्ट

अमृत विचार, मोहनलालगंज : फेसबुक पर महिला का फ़ोटो बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले पांच आरोपियों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मोहनलालगंज निवासी महिला ने बताया कोलकाता निवासी एसके साजिद से कुछ महीने पहले फेसबुक पर दोस्ती की थी। उसने मेरी अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड कर दिये। आरोपी ने फोन कर उसे व बेटियों को जान से मारने व गलत काम करने की धमकी दी। आरोपी साजिद के साथ उसकी महिला मित्र नमामी चटर्जी, अंतरा गागुंली, सताब्दी बुल्टी दोलन, चित्रालेखा मुखर्जी भी लाइव होकर गलत शब्द बोले। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया तहरीर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चेकबुक, एटीएम कार्ड का उपयोग कर रुपये हड़पने का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : मूलत: कुशीनगर निवासी शुम्मुन फातिमा ने सहायक पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उसने उन्नाव के जनरौली निवासी चन्द्रमोहन को 4.80 लाख रुपये में एक प्लाट अब्बू ओवैदा अंसारी के माध्यम से बेचा था। वह पढ़ी-लिखी नहीं है। इसके चलते आरोपियों ने उसका खाता बिजनौर रजिस्ट्रार ऑफिस के सामने आईडीबीआई बैंक में खुलवाया था। उसका एटीएम और चेक बुक अब्बू के पास है। वह उसका सिम अपने मोबाइल में डालकर एटीएम कार्ड व चेक बुक का इस्तेमाल कर रहा है। कई बार मांगने के बाद भी आरोपी ने एटीएम आदि नहीं लौटाया। आरोपी अब्बू ओवैदा अंसारी और चन्द्रमोहन मिल कर उसके खाते से रुपये निकाल लिये। सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

गैंगस्टर की 97.50 लाख की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) न्यायालय ने शुक्रवार को गैंगस्टर के आरोपी सीतापुर जिले के भदेवा गांव निवासी आलम उर्फ कल्लू की 97.50 लाख की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। आरोपी के खिलाफ लखनऊ, सीतापुर में अलग-अलग थानों में 17 मामले दर्ज हैं। आलम पर गैंग बनाकर साथियों के संग लोगों से मारपीट, चोरी व जानलेवा हमला कर संपत्ति बनाने का आरोप है। इसने अपराधों से जुटाए धन से अपने व पत्नी के नाम से 97.50 संपत्ति बनायी है, जिसे कुर्क किया जाएगा।

नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर कोतवाली में महिला ने नवीन सिंह के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोपी ने महिला को कानपुर बुला नशीला पदार्थ खिलाकर आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। इसके बाद शोषण करता रहा, गुरुवार को पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया के कानपुर कैंट निवासी नवीन सिंह ने मुलाकात में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। उसे कानपुर बुला कर खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। बेहोशी की हालत में गलत काम किया। एक फरवरी को नवीन ब्यूटी पार्लर पहुंचा और महिला की पिटाई कर भाग निकला। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरि ने बताया कि पीड़िता आरोपी की तलाश की जा रही है।

मोबाइल चलाने से मना करने पर छात्रा ने दी जान

अमृत विचार, लखनऊ : मूलत: गोंडा निवासी बृजमोहन त्रिवेणी नगर थर्ड में परिवार संग किराए पर रहते हैं। उनकी 16 वर्षीय बेटी आरती एक सरकारी स्कूल में इंटर में पढ़ती थी। बृजमोहन का कहना है कि वह ई-रिक्शा चलाकर बेटी को पढ़ा रहे थे। बताया आरती घंटों मोबाइल चलाया करती थी। गुरुवार को उन्होंने और पत्नी गुड़िया ने मोबाइल चलाने से रोकते हुये आरती को डांट दिया था। इसके बाद से वह नाराज थी। शुक्रवार सुबह बृजमोहन ई-रिक्शा लेकर बाहर गए थे। तब आरती कमरे में थी। मां गुड़िया कुछ देर बाद कमरे में पहुंची तो आरती का शव फंदा से लटका दिखा। घटना की जानकारी पर पहुंचे पिता ने पुलिस को सूचना दी। पूछताछ के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की। इंस्पेक्टर अलीगंज ने बताया परिजन ने आरोप से इंकार किया है।

मस्जिद की जमीन पर दुकानें बना वसूली मामले में जांच के आदेश

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की अनुमति लिए बगैर वक्फ सम्पत्ति पर दुकानों का निर्माण कराया और उन्हें धन उगाही कर आवंटित कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मस्जिद खजूर वाली के अध्यक्ष और सचिव ने अपने सगे-संबंधियों के नाम पर दुकानें एलाट कर दीं और मिलने वाला पैसा अपने बैंक खातों में जमा करवा लिया। बोर्ड अध्यक्ष के मुताबिक, यह वक्फ एक्ट के खिलाफ किया गया कार्य है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की टीम स्थलीय जांच के लिए अयोध्या (फैजाबाद) जायेगी। जांच रिपोर्ट में अगर शिकायत सही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ वक्फ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर मस्जिद को हुए नुक्सान की वसूली की जायेगी।

आधा दर्जन सीएचसी में स्थापित होंगे अग्निशमन उपकरण

अमृत विचार, लखनऊ : मऊ जिले में आधा दर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अग्निशमन यंत्र स्थापित किये जाएंगे। इसके लिए शासन ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट स्वास्थ्य महानिदेशक को भेज दिया है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने बजट जारी करते हुए शुक्रवार को बताया कि मऊ में मोहम्मदाबाद, बडरांव, घोसी, कोपागंज, फतेहपुर मंडाव और जोगापुर सीएचसी में फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित किया जाना है। इसके लिए एक करोड़ 46 लाख रुपये के प्रस्ताव आया था, तकनीकी परीक्षण उपरांत एक करोड़ 45 लाख रुपये आवंटित कर दिये गए हैं।

बेकाबू कार दुकान में घुसी, तीन घायल

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार: निगोहां इलाके में बेकाबू कार घर के बाहर खड़ी गाड़ी में टक्कर मारते हुये बाइक रिपेयरिंग की दुकान में घुस गयी। हादसे में कार चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रायबरेली के कुलासा मऊ निवासी नागेंद्र सिंह शुक्रवार को पत्नी ऊषा के साथ लखनऊ दवा लेने आए थे। पीजीआई के समीप लालगंज के बैसवारा निवासी कार चालक पंकज ने उन्हें लिफ्ट दी। नागेंद्र सिंह आगे और उनकी पत्नी ऊषा पीछे बैठी थीं। कार निगोहां कस्बे में पहुंची। जहां बेकाबू होकर हाईवे किराने बने वरुण यादव के घर के बाहर खड़ी गाड़ी से टक्कर मारते हुये बाइक मैकेनिक की दुकान में घुस गयी। हादसे में कार सवार घायल हो गये।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से निकालकर सीएचसी बछरावां में भर्ती कराया। उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

▸▸ निगोहां कस्बा में हुआ हादसा रायबरेली निवासी हैं घायल

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार

घरों की रेकी कर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर: इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरि ने बताया चोरी के आरोप में पारा के हंसखेड़ा निवासी सनी रावत, ठाकुरगंज निवासी रावेंद्र गौतम व अवधेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने मंगलवार को विष्णुलोक कॉलोनी निवासी अनुपम शुक्ला के घर से लाखों की चोरी की थी। वहीं पिछले वर्ष 2 नवंबर को ट्रांसपोर्ट नगर में एक गोदाम और कृष्णानगर निवासी शिल्पा के घर चोरी में चोरी करने का जुर्म कबूल किया है। बताया सनी पर 11, रावेंद्र पर नौ और अवधेश विभिन्न थानों में नौ बार रिपोर्ट दर्ज की गयी है। सनी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी दो हजार में कार बुक कर दिन में बंद घरों की रेकी करते थे। रात में एक साथी कार में बैठता था और दो घरों से सामान पार करते थे।

तेल प्लांट में चौकीदार की गमछे से गला घोंट कर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

▸▸ भाई ने गांव के ही युवक पर लगाया हत्या का आरोप

▸▸ चोरी का विरोध करने पर ग्रामीण जता रहे हत्या की आशंका

▸▸ काकोरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवरी का निवासी था मृतक

अमृत विचार: काकोरी इलाके में आरोपियों ने तेल प्लांट के चौकीदार की हत्या कर शव परिसर में फेंक दिया। भाई ने गांव निवासी युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं आसपास के लोगों ने प्लांट में चोरी का विरोध करने पर चोरों द्वारा गमछा से गला घोंटकर हत्या की आशंका जतायी है।

थाना अंतर्गत शिवरी ग्राम पंचायत के मजरा लोखरिया निवासी लखन राजपूत (60) कूड़ा प्लांट के पास संचालित निजी तेल प्लांट में चौकीदारी थे। शुक्रवार सुबह प्लांट पहुंचे लोगों ने लखन का शव परिसर में औंधे मुंह पड़ा देखा। उसके गले में गमछा कसा था। सूचना पर पुलिस और परिजन पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि लखन प्लांट में करीब दो वर्ष से चौकीदारी कर रहा था। प्लांट आबादी से बाहर है। इसके चलते अक्सर चोरी की घटनाएं होती हैं। आसपास रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि गुरुवार देर रात कुछ संदिग्ध लोग प्लांट के आसपास दिखे थे। इसी के चलते लखन घर नहीं गया था। परिजनों ने बताया कि लखन अविवाहित था। ग्रामीणों ने चोरी की वारदात का विरोध करने पर चोरों द्वारा हत्या की आशंका जतायी है। छोटे भाई प्रेम ने गांव निवासी युवक पर लखनऊ की हत्या का आरोप लगाया है। उसने युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि घटना स्थल की जांच की है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी निरीक्षण किया है।

युवती की फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर इलाके में रहने वाली युवती ने बताया 27 जनवरी को उसके इंस्ट्राग्राम अकाउंट से किसी ने उसकी फोटो एडिट कर उसके नंबर पर भेजी। इसके बाद अश्लील चैट करने की बात कही। बात नहीं मानने पर फोटो परिजन और दोस्तों व सोशल मीडिया प्लटेफार्म पर वायरल करने की धमकी दी। युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर ने बताया अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, गोसाईंगंज इलाके में रहने वाले बीए के छात्र ने छात्र ने बताया पड़ोसी गांव जल्लाबाद निवासी अनिकेत रावत परिचित है। उसने ही छात्र के नाम पर फर्जी आईडी बनाई। इसके बाद उनकी व चचेरे भाई की फोटो एडिट कर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दीं। उसके खिलाफ अश्लील कमेंट भी किए हैं। पीड़ित को परिचितों ने घटना बतायी। इंस्पेक्टर गोसाईगंज महेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ 80 लाख का माल कहां लगाया ठिकाने, जल्द हो सकता है खुलासा

▸▸ चिनहट इलाके में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में हुई डकैती का मामला

अमृत विचार : चिनहट इलाके में बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में पड़ी डकैती का पुलिस खुलासा करने के नजदीक पहुंच चुकी है। डकैतों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वारदात की साजिश किसने रची और माल कहां ठिकाने लगाया, इसकी जानकारी जुटायी जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम ने सर्विलांस सेल की मदद से आरोपियों की तलाश के लिये बरेली और मुरादाबाद में दबिश दी। बरेली पहुंची टीम ने डकैती में शामिल कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता सामने आया कि डकैती की वारदात में 9 से 11 डकैत शामिल थे। उन्होंने कर्मियों को बंधक बनाकर तार वाहन में भरा था। इसके अलावा डीसीएम की बरामदगी का भी प्रयास किया जा रहा है।घटना के बाद डीसीएम किस ठिकाने पर खड़ी की गयी, यह भी पता लगाया जा रहा है। मुरादाबाद पहुंची टीम ने भी घटना से जुड़े कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ में अहम सुराग मिले हैं। पुलिस अफसरों की मानें तो सभी आरोपियों से पूछताछ पूरी होने के बाद ही कड़ियां जुड़ेंगी। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिये करीब एक हजार सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है।

बताया जा रहा है घटना के बाद आरोपी अलग-अलग रास्तों से निकले थे। इससे पुलिस से तो बच गये, लेकिन सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गये। जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गयी। बता दें चिनहट की देवा रोड स्थित ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में पिछले शुक्रवार की रात डकैतों ने कर्मचारियों को बंधक बना 80 लाख का तांबा का तार लोड कर फरार हो गये थे।

बहन को मैसेज भेज कर युवती ने लगाया फंदा

अमृत विचार, लखनऊ : अब आगे नहीं जी सकती...बहन को मैसेज भेज युवती ने फंदा लगा लिया। युवती गाजीपुर इलाके के सुख कांप्लेक्स में एक दुकान के स्टोर पर काम करती थी। शुक्रवार दोपहर युवती का शव बाथरूम में मिला। मैसेज पढ़ जीजा जब तक पहुंचा युवती आत्मघाती कदम उठा चुकी थी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि शिल्पी (27) मूलत: कानपुर के बर्रा की रहने वाली थी। सात वर्ष पहले माता-पिता की मौत के बाद से वह बहन आंचल और जीजा राकेश कुमार के संग चिनहट में रहती थी। यहां अजीत सिंह की आर्टीफिशियल ज्वैलरी शॉप में काम करती थी। शुक्रवार को स्टोर पर गई थी। कुछ देर बाद उसके नंबर से आंचल के व्हाट्सअप पर मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि अब आगे नहीं जी सकती हूं, अपना ख्याल रखना और एफडी भांजी के नाम करवा देना। मैसेज की जानकारी होते ही अनहोनी की आशंका से राकेश आनन-फानन दुकान पर पहुंचे। शिल्पी के बारे में पूछा, तो काफी देर से नहीं दिखने की बात बतायी गयी। वह खोजबीन करते हुये बाथरूम में पहुंचे, जहां खिड़की पर फंदा से उसका शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

फर्नीचर कारोबारी का आम के बाग में पेड़ से लटका मिला शव

संवाददाता लखनऊ/काकोरी

▸▸ परिजन ने हत्या की जताई आशंका, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत परसादी खेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह फर्नीचर कारोबारी संदीप (20) का शव गांव के बाहर आम के पेड़ से लटका मिला। पड़ोसियों ने शव को पेड़ से लटकता देख फौरन पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि कृष्णानगर के विजयनगर कॉलोनी में संदीप किराए के मकान में रहकर फर्नीचर बनाने का काम करता था। भाई विनीत के मुताबिक, संदीप ठेके पर काम लेकर फर्नीचर तैयार करता था। बताया कि संदीप का किसी ठेकेदार से पैसे का लेनदेन भी था। जिससे वह परेशान रहता था। विनीत का कहना है कि संदीप की हत्या कर शव को बाग में आम के पेड़ से लटका दिया गया है। हंसखेड़ा चौकी प्रभारी जय बहादुर राय ने बताया कि परसादी खेड़ा गांव में आम के बाग में सरकारी ट्यूबवेल के पास मफलर के सहारे पेड़ से लटकता मिला था।

दुस्साहस हाई सिक्योरिटी के बावजूद पुलिस नहीं लगा पा रही लगाम

हजरतगंज में स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सोशल मीडिया पर 21 सेकेंड का वीडियो हुआ वायरल

▸▸ पुलिस कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी

अमृत विचार : राजधानी पुलिस के तमाम दावों के बावजूद शहर में स्टंटबाजी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। स्टंटबाज सड़कों पर करतब दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र से स्टंटबाजी से जुड़ा 21 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल हो रहे वीडियो में एक चौराहे के बीचोबीच एक कार को गोलचक्कर में घुमाया जा रहा है। यह वीडियो गुरुवार देर रात का बताया जा रहा है। बहरहाल, मामले को संज्ञान में लेते हुए हजरतगंज पुलिस कार नंबर के आधार पर स्टंटबाजों की तलाश में जुटी है।

गौरतलब है कि 21 नवम्बर को गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अन्तर्गत जनेश्वर पार्क जी-20 तिराहे के पास एडिशनल एसपी श्वेता श्रीवास्तव के बेटे नामिष के मौत के बाद में पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों पर स्टंट बाजी को रोकने के लिए बैरिकेटिंग लगा रखी है। कहने को तो पुलिस ने सख्ती बरती हुई है। बावजूद इसके स्टंटबाज पुलिस की चेकिंग व सुरक्षा व्यस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसके अलावा बीते 26 दिसंबर को गोमती नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर पार्क के पास दो युवक खतरनाक तरीके से बाइक के आगे का पहिया उठाकर स्टंट करते हुए दिखे थे. हालांकि पुलिस ने बाद में इन स्टंटबाजों को गिरफ्तार कर लिया था।

रील बनाने के चक्कर में कर रहे स्टंट

शहर की सडक़ों पर तेज रफ्तार से दौड़ रही रेसर बाइक पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इनकी वजह से लोगों की जान हर वक्त खतरे में रहती है। यह स्टंट तो करते ही हैं, साथ रील बनाने के चक्कर में कई बार बड़ा हादसा होने का भी खतरा मंडराता रहता है। ऐसे में न ही इन्हें अपनी जान की परवाह है और न ही दूसरों की। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि शहर में आए दिन दूर दराज से राइडर्स महंगी-महंगी बाइक से रेसिंग करते हैं। जो अपनी ही नहीं दूसरों के भी जान के दुश्मन बन जाते हैं।

बेजुबानों पर अत्याचार, नींद में पशुपालन विभाग

कार्रवाई के लिए एसपीसीए का गठन नहीं कर पाया विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तमाम जिलों में धूल फांक रहे प्रस्ताव, कैसे हो कार्रवाई

अमृत विचार : एक तरफ बेजुबानों पर अत्याचार तो दूसरी तरफ जिम्मेदार पशुपालन विभाग सो रहा है। विभाग को सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) के तहत शासन ने पशुओं पर क्रूरता करने वालों पर कार्रवाई करने का अधिकार तो दिया है, लेकिन इस्तेमाल करने के लिए जिलों में अधिकारी कई वर्ष से एसपीसीए का गठन नहीं कर पाए हैं। शुक्रवार को सहादतगंज के कश्मीरी मोहल्ले में एक श्वान पर ताबड़तोड़ डंडे से हमला कर अधमरा करने की घटना उदासीनता का उदाहरण है।

इसकी जानकारी अधिकारी और पशु चिकित्सकों को नहीं हो पाई। जब हुई तो पुलिस का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। यदि जिलों में एसपीसीए का गठन हो जाए तो इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगेगी। पशु पालन विभाग की जवाबदेही तय होगी।

2010 को लागू हुआ था एसपीसीए : प्रदेश में 2010 में एसपीसीए का शासनादेश लागू हुआ था। इसके तहत पांच पशु प्रेमियों को शामिल कर कमेटी गठित करनी है। जो क्षेत्रों की निगरानी करेंगी और पशुओं पर अत्याचार की निगरानी करेंगी। ऐसी स्थिति में पुलिस-प्रशासन को जानकारी देकर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत जुर्माना व एफआईआर का प्रावधान है। राजधानी में कमेटी की पहल तो हुई लेकिन फाइल ठंडे बस्ते में चली गई।

निगरानी के ये बिंदु

पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुंचाना या पीड़ा देना, वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग करना, क्षमता से ज्यादा सामान लादना व काम लेना, धूप व पानी में बराबर खड़ा रखना, बीमारी पर उपचार न कराना, काम करने के दौरान या बेवजह मारना।

> घायल पशु को उपचार के निर्देश देने के साथ घटना की रिपोर्ट मांगी है। जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। सोमवार को सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनीमल्स कमेटी की जानकारी कर सभी जिलों में गठित कराएंगे
>
> -धर्मपाल सिंह, पशुधन, मंत्री

मेनका गांधी को किया ट्वीट

जानकीपुरम निवासी विवेक शर्मा ने वायरल वीडियो सांसद मेनका गांधी को ट्वीट किया। लिखा ऐसी भी कौन सी दुश्मनी... जो इस बेजुबानों पर ही निकाल डाली।

प्रदेश में 18 फीसदी लोग प्री- डायबिटीज से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) की तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में हुई। इस मौके पर कार्यशाला के आयोजक चेयरमैंन डॉ. अनुज माहेश्वरी ने बताया कि अनियमित जीवनशैली से लोग डायबिटीज (मधुमेह) के शिकार हो रहे हैं। प्रदेश में करीब 18 प्रतिशत आबादी प्री डायबिटीज से ग्रसित है। इन पर डायबिटीज का खतरा मंडरा रहा है।

वहीं, देश की करीब 11.4 प्रतिशत आबादी डायबिटीज की चपेट में है। यूपी में यह अनुपात 4.8 फीसदी है। जो राष्ट्रीय स्तर से कम है। वहीं, डॉ. अजय तिवारी ने बताया कि प्रदेश में करीब 26 प्रतिशत डायबिटीज पीड़ित एनीमिया की चपेट में हैं। इसकी वजह से मरीज को दूसरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. अजय के मुताबिक डायबिटीज की वजह से शरीर में पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं नहीं होती हैं। जो डायबिटीज संबंधी जटिलताएं जैसे आंख और तंत्रिका के क्षति ग्रस्त होने की आशंका भी बढ़ जाती है। दिल और गुर्दों की सेहत भी बिगड़ सकती है। उन्होंने बताया कि एनीमिया के खतरों से बचने लिए डायबिटीज मरीज नियमित जांच कराएं। ताकि शुरुआत में बीमारी की पहचान कर उसकी रोकथाम की जा सके।

व्यायाम जरूरी

केजीएमयू फिजियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नरसिंह वर्मा का कहना है कि पहले लोग तीन वक्त ही खाना खाते हैं। अब लोग दिन में कई बार भोजन करते हैं। उसके मुकाबले कसरत नहीं करते हैं। इससे भी डायबिटीज की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज से बचने के लिए नियमित कसरत करें। रोजाना कम से कम 30 मिनट तेज गति से चलें। इससे डायबिटीज की आशंका कम होगी। यदि बीमारी है तो उस पर काबू पाना आसान होगा। भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां शामिल करें।

रहीमाबाद में पांच डॉक्टरों सहित छह पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अशोका अस्पताल के पांच डॉक्टर सहित एक अन्य के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि करीब सवा साल पहले अस्पताल में महिला के पेट की पथरी का ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई थी। डॉक्टरों ने पेट में कॉटन छोड़ दिया था। रहीमाबाद भतोइया खुशहालपुर निवासी राकेश कुमार के मुताबिक पत्नी पिंकी का स्वास्थ्य अक्टूबर 2022 में गड़बड़ हुआ था। रहीमाबाद चंदीखेड़ा के राजेश रावत के माध्यम से पत्नी को अशोका अस्पताल में डॉ. मो. राशिद के पास इलाज के लिए लेकर गए। डॉ. अशोक के कहने पर 26 नवंबर 2022 को पत्नी को भर्ती करा दिया। राकेश के मुताबिक 28 नवंबर को डॉ. मो. राशिद, डॉ. रोहित सिंह सोनकर, डॉ. अजय वीर सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह ने ओटी में ऑपरेशन किया और पांच दिसंबर 2022 को डिस्चार्ज कर दिया। राकेश के मुताबिक ऑपरेशन के कुछ दिन बाद ही पिंकी के टांके पकने लगे, असहनीय दर्द होने लगा। इस बार डॉ. अशोक ने 17 दिसंबर को दोबारा एडमिट कर लिया। पर, पिंकी के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। ऐसे में मजबूर होकर उसने 21 दिसंबर को डिस्चार्ज कराकर घर ले गया। फिर 30 मई 2023 को केजीएमयू सर्जरी विभाग में दिखाने पर यहां हुई सीटी स्कैन व जांच में पता चला कि ऑपरेशन के दौरान पेट के अंदर कुछ छूट गया। फिर दुबग्गा के एरा मेडिकल कॉलेज में 23 जुलाई 2023 को ऑपरेशन कराया तो पेट में कॉटन छूटने, पस बनने और संक्रमण फैलने की बात डॉक्टरों ने बताई।

लगा रहा जाम, रेंगते रहे वाहन, राहगीर परेशान

रूट डायवर्जन के बावजूद हजरतगंज क्षेत्र में लगे जाम में फंसे लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हजरतगंज समेत शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगा भीषण जाम

अमृत विचार: विधानमंडल सत्र के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था को बरकरार बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने वैकल्पिक मार्गों का एक प्लान तैयार किया था। शुक्रवार सुबह यह प्लान पूरी तरह से फेल हो गया। चंद मिनट में वैकल्पिक मार्गों के अलावा शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। माल एवेन्यू पुल पर गाड़ियों के पहिए थम गए। इसके अलावा विधानभवन चौराहे के समीप घंटों तक राहगीरों के वाहन रेंगते रहे।

दरअसल, शुक्रवार सुबह से विधानमंडल सत्र-2024 शुरू हो गया। ऐसे में विधानसभा के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने जगह-जगह रूट डायवर्जन किया था। विधानसभा तक जाने वाले सभी ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया था। जिनमें बंदरियाबाग चौराहे से राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, रॉयल होटल चौराहा, सिकन्दरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहा विधानसभा जाने वाला मार्ग शामिल था।

पूर्व पार्षद की मौत मामले की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मड़ियांव के निजी अस्पताल में हुई थी मौत, परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए की है जांच की मांग

अमृत विचार : मड़ियांव क्षेत्र के केशव नगर स्थित एलाइट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान पूर्व पार्षद की मौत मामले की जांच होगी। परिजनों की शिकायत पर सीएमओ ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं पुलिस का कहना है स्वास्थ्य विभाग से जांच रिपोर्ट आने बाद मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई होगी।

बीकेटी भैंसामऊ के रहने वाले पूर्व पार्षद रवि पाल को किडनी में स्टोन थी। बहनोई गौरीशंकर ने बताया कि केशव नगर के एलाइट अस्पताल के डॉक्टर ने 30 जनवरी को ऑपरेशन के लिए बुलाया था। रिपोर्ट न मिलने की बात कहकर ऑपरेशन नहीं किया गया। बुधवार को भी ऑपरेशन के लिए ओटी ले गए, लेकिन टूडी ईको की जांच न होने की बात कहकर वापस कर दिया गया। बहनोई के मुताबिक गुरुवार शाम छह बजे डॉक्टर ऑपरेशन के लिए रवि को ओटी ले गए थे।

आरोप है ओटी में मरीज को बेहोशी का इंजेक्शन लगाया गया। करीब पौन घंटे बाद ही बाहर निकले डॉक्टरों ने बताया कि मरीज की मौत हो गई है। भाई बाल गोविंद पाल ने सीएमओ आफिस में लिखित शिकायत किया है। नर्सिंग होम के नोडल अफसर डॉ. एपी सिंह के मुताबिक, मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में अस्पताल की लापरवाही मिली तो बंद कराने की संस्तुति होगी।

जिनोम सीक्वेंसिंग से कैंसर की पहचान संभव : डॉ. मोहित

अमृत विचार, लखनऊ: आल्पाइन प्लस डायग्नोस्टिक और कार्डन जोनेमिक्स मिलकर प्रदेश की पहली निजी नेक्स्ट जेनेरेशन जेनोम सीक्वेंसिंग प्रयोगशाला की शुरुआत करने जा रहा है। यह साझेदारी डायग्नोस्टिक्स के लिए मजबूत आधारशिला साबित होगी। यह बातें निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. मोहित ने कहीं। उन्होंने कहा कि अल्पाइन प्लस डायग्नोस्टिक्स 2018 से सेवाएं दे रहा है। डॉ. शची दीक्षित ने कहा अमेरिका के मेडिकल विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध सर्जन डॉ. राल्फ क्रुम के साथ मिल कर इस क्षेत्र में काम इस संस्था की शुरुआत हुई थी। अब एनजीएस तकनीक से नई प्रयोगशाला स्थापित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कॉलंबिया विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित डॉ. अरविंद प्रो. डब्ल्यू. इयान लिपकिन, नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. चार्ल्स एम. राइस के साथ काम करने का मौका मिला जो मेरे लिए गर्व की बात है।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्क्रीनिंग जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

डॉ. निवेदिता

डॉ. अर्चना

▸▸ एक्ट्रेस पूनम पांडेय की 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से हुई मौत

▸▸ चिकित्सकों ने कहा, समय से जानकारी मिलने पर सर्वाइकल को हराया जा सकता है

अमृत विचार : बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम पांडेय की महज 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर ने जान ले ली। इसकी वजह यह रही कि जब उन्हें सर्वाइकल के बारे में पता चला तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह महिलाओं में होने वाला चौथा बड़ा कैंसर है। वहीं चिकित्सकों का मानना है कि समय से जानकारी मिलने पर इससे निजात मिल सकती है। इसके लिए समय-समय पर स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए।

हजरतगंज स्थित वीरांगना झलकारी बाई महिला अस्पताल की सीएमएस व वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. निवेदिता कर बताती हैं कि सर्वाइकल गर्भाशय मुंह का कैंसर है। ये ह्यूमन पैपीलोमा वायरस (एचपीवी) के कारण होता है। उन्होंने कहा कि इस रोग के प्रारम्भिक अवस्था में पता लग जाने पर 90 प्रतिशत इलाज संभव होता है। महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। अगर उनके शरीर में कोई भी बदलाव हो रहा है या ऐसे लक्षण नजर आ रहे हैं, जो पहले कभी नहीं दिखाई दिए तो उन्हें तुरंत महिला रोग विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की शुरुआत में महिलाओं को पार्टनर के साथ इंटरकोर्स होते समय अत्यधिक दर्द होता है। अचानक से ब्लीडिंग होना या फिर अनियमित माहवारी का आना भी एक संकेत है।

पुरुषों को भी खतरा

हॉलिस्टिक हेल्थ केयर की डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) इसे आमतौर पर महिलाओं की बीमारी माना जाता है, क्योंकि इस वायरस से गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का खतरा बढ़ता है। लेकिन, यह वायरस पुरुषों में भी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहा है। एचपीवी संक्रमण के कारण कैंसर हो सकता है। पुरुषों में इससे गुदा कैंसर, जननांग कैंसर और मुंह का कैंसर हो सकता है।

प्रमुख कारण

- ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) सबसे मुख्य कारण है।
- असुरक्षित यौन संबंध बनाना।
- महिलाएं तीन या तीन से ज्यादा बच्चों को जन्म देना।
- लंबे समय तक गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन से भी सर्वाइकल कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।
- स्मोकिंग या नशीले पेय पदार्थ का सेवन करना।

बचाव

- 9 से 14 साल की उम्र वाली सभी लड़कियों को एचपीवी टीकाकरण।
- 28 साल की उम्र तक महिलाओं में एचपीवी का टीका होता है लेकिन यह इतना कारगर साबित नहीं होता है।
- कैंसर की स्क्रीनिंग टेस्ट।
- एक से अधिक व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध से बचे।
- तीन या तीन से अधिक बच्चे न करें।
- फैमिली प्लानिंग करते हुए दो बच्चों के बीच में तीन से चार साल का अंतर रखें।

लक्षण

- बिना माहवारी के वरजाइनल ब्लीडिंग होना।
- संभोग के दौरान दर्द महसूस होना।
- अनियमित पीरियड्स आना।
- ज्यादा रक्तस्राव होना।
- यूरीन पास करने में परेशानी होना।
- पैल्विक दर्द जो पीरियड्स से जुड़ा नहीं होता है।
- वजन कम हो जाना।

केजीएमयू में अब एड़ी का प्रत्यारोपण भी होगा

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अब एड़ी का प्रत्यारोपण भी हो सकेगा। प्रत्यारोपण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण आदि की खरीद संबंधित तैयारियां शुरू कर दी गई। ताकि मरीजों को जल्द से जल्द एड़ी प्रत्यारोपण की सुविधा मुहैया कराई जा सके। केजीएमयू में पूरे प्रदेश के हड्डी से संबंधित मरीज आते हैं। अभी तक हड्डी रोग विभाग में कूल्हा व घुटना प्रत्यारोपण हो रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि अब जल्द ही यहां एड़ी प्रत्यारोपण भी हो सकेगा। यह प्रदेश का पहला मेडिकल संस्थान होगा जहां एड़ी प्रत्यारोपण होगा। डॉ. आशीष ने बताया कि ऊंची एड़ी की सैंडिल या जूते पहने से भी एड़ी खराब हो रही हैं। लंबे समय तक ऐसा करने से एड़ी पूरी तरह से खराब हो जाती हैं। मरीज को चलने-फिरने में काफी अड़चन होती है। भीषण दर्द भी महसूस होता है। अभी दवा व इलाज के दूसरे तरीके अपनाए जा रहे हैं। ताकि मरीज को कुछ राहत मिल सके। मरीज की दुश्वारियों दूर करने के लिए एड़ी प्रत्यारोपण किया जाएगा।

सप्ताह में एक बार जरूर करें शरीर को डिटॉक्स

▸▸ जानकीपुरम के हॉलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक में आयोजित कार्यक्रम में किया गया जागरूक

संवाददाता, लखनऊ

डिटॉक्स जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चिकित्सक।

अमृत विचार : हॉलिस्टिक हेल्थ केयर संगठन की ओर से शुक्रवार को जानकीपुरम के राम-राम बैंक चौराहे के पास स्थित क्लीनिक में डिटॉक्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि डिटॉक्सीफिकेशन करने से शरीर से सभी विषाक्त पदार्थ (डिटॉक्स) निकल जाते हैं।

वहीं, इस प्रक्रिया से त्वचा में निखार आने के साथ शरीर में सूजन भी कम होती है। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है। कार्बोहाइड्रेट, शुगर, शराब या कार्बोनेटेड पेय लेने से आपका शरीर धीरे-धीरे फैट का शिकार हो जाती है। ऐसे में आपको सप्ताह में एक बार डिटॉक्स जरूर करना चाहिए।

एक सप्ताह के लिए इन चीजों से करें परहेज

- मीट- इसे पचने में लंबा समय लगता है।
- पैकेट फूड्स जैसे नूडल्स, चिप्स, बिस्कुट, तैयार खाना, जैम, मक्खन, पनीर, केचप आदि।
- शराब- इसे पूरी तरह छोड़ दें। इससे फैट की मात्रा बढ़ती है।
- कैफीन- ग्रीन टी लें। कॉफी और चीनी से भरी दूध वाली चाय से परहेज करें।

ये करें उपाय

- व्रत : इसका मतलब यह है कि 14-16 घंटे तक कुछ न खाएं। इस दौरान ढेर सारा पानी पीना चाहिए।
- डिटॉक्स पेय : दिन भर डिटॉक्स पेय जिसमें पुदीना, खीरे के टुकड़े, नींबू और अदरक हो, उसे पिएं।
- पानी : 3 .5 से 4 लीटर पानी पिएं।
- फल-सब्जियां - जितना हो सके मौसमी फल और हरी सब्जियों को शामिल करें।
- रात का खाना : रात 7-8 बजे तक भोजन करें।

सार-संक्षेप

सवा लाख ट्रांसजेंडरों को नहीं मिलेगी पेंशन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के ट्रांसजेंडरों को पेंशन देने की योजना पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रतिमाह पेंशन देने के प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी नहीं मिली है। शासन की ओर से ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन 9 जून 2021 को किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष समाज कल्याण मंत्री हैं और उपाध्यक्ष के तौर पर ट्रांसजेंडर समुदाय के एक सदस्य नामित किया गया है। जबकि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के आधार पर ट्रांसजेंडर समुदाय के पांच सदस्य नामित किए गए। समाज कल्याण विभाग के निदेशक को सदस्य सचिव नामित किया गया है। वर्ष 2011 में हुई जनगणना के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 36 हजार ट्रांसजेंडर हैं। ट्रांसजेंडरों को प्रतिमाह पेंशन देने पर विचार किया जा रहा है। इनको प्रतिमाह एक हजार से डेढ़ हजार रुपये के बीच पेंशन देने का प्रस्ताव समाज कल्याण निदेशालय की ओर से पिछले वर्ष शासन को भेजा गया था। यह शासन स्तर से तय होना था कि ट्रांसजेंडरों को प्रतिमाह कितनी पेंशन दी जाए। इसके चलते ट्रांसजेंडरों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा रहा था। प्रदेश के 75 जिलों से 1070 ट्रांसजेंडरों ने फार्म भराए गए थे। जबकि 514 को प्रमाण पत्र दिया गया था। शेष की जांच प्रक्रिया चल रही थी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि शासन से अभी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है।

स्वास्थ्य मेले में दिव्यांगों को वितरित की गई ट्राई साइकिल

अमृत विचार, लखनऊ : ममता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मिधानी के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को चिनहट स्थित रामलीला मैदान में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता नीरज सिंह और बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान दिव्यांगजनों को ट्राई साइकल, बैशाखी आदि उपकरणों का वितरण किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को कंबल व गैस कनेक्शन भी दिए गए। इस मौके पर डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. लोकेश वर्मा, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. पूजा ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण लर दवाएं वितरित की। इस मौके पर चिनहट कमल पांडे, पार्षद अरुण राय, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

धार्मिक स्थलों को लेकर अलर्ट रही पुलिस

अमृत विचार, लखनऊ : वाराणसी की जिला अदालत के आदेश के बाद ज्ञानवापी मस्जिद के सीलबंद तहखाने के 'व्यास का तहखानों' में रात को कड़ी सुरक्षा के बीच पूजा-अर्चना की गई है। इसे देखते हुए लखनऊ पुलिस अलर्ट थी। शुक्रवार को पुलिस पुराने लखनऊ में जगह-जगह मुस्तैद दिखी, पुलिस जहां पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाती रही, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों की तलाशी लेकर पूछताछ करती रही। चौक, दुबग्गा, सआदतगंज, हुसैनगंज, ठाकुरगंज, नखास समेत अन्य जगहों पर पुलिस अलर्ट रही। पश्चिमी क्षेत्र में 69 जगहों पर सेंसटिव प्वाइंट चिन्हित किया था। जहां शुक्रवार दोपहर जगह-जगह फोर्स तैनात रहा। बाजार में भी असर देखने को मिला. अकबरी गेट, नखास, चौक, समेत अन्य जगहों पर अधिकतर दुकानें बंद रखी गईं। शाम को दुकानें खुलीं।

पीएफ का पैसा हड़पने वाली कंपनी का खत्म होगा अनुबंध

अमृत विचार, लखनऊ : लोकबंधु अस्पताल में निजी कंपनी के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों ने आठ महीने के पीएफ का रुपया हड़पने का आरोप लगाया है। मामले में कई बार शिकायत करने के बावजूद सुनवाई न होने पर अब अस्पताल प्रशासन ने नई कंपनी का चयन करने की तैयारी की है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कंपनी का अनुबंध मार्च में खत्म हो रहा है। लोकबंधु अस्पताल में बीएस कंस्ट्रेक्शन कंपनी को मैनपॉवर का जिम्मा बीते साल मिला था। कंपनी के अधीन करीब 65 कर्मचारी तैनात हैं। कंपनी जरिए हर माह पीएफ कटौती कर रही है। आरोप है कि मई से जनवरी माह तक का पैसा पीएफ में कंपनी ने जमा नहीं किए हैं। इतना ही नहीं कंपनी ने कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र तक नहीं दिया है। ईएसआई की कटौती बाद भी कार्ड नहीं बनाया गया है। ऐसे में कर्मचारी इलाज तक नहीं करा पा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कंपनी ने पीएफ का पैसा जमा नहीं किया है। ऐसे में कंपनी को हटाए जाने की तैयारी की गई है। वहीं, कंपनी संचालक नवनीत सिंह का कहना है कर्मचारियों के पीएफ की राशि उनके खाते में कई माह की भेजी जा चुकी है। जिनका पीएफ का पैसा बचा है उनके खाते में जल्द ही पहुंच जाएगा।

बलरामपुर अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

> अस्पताल जरिए गुरुवार को कॉल लॉक कराई गई थी। इससे पहले कोई भी सूचना नहीं आई है। प्लांट मरम्मत के लिए करीब चार से पांच लाख रुपए का खर्च आएगा।
>
> -अजय वर्मा, मैनेजर, सायरेक्स कंपनी

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में लगे दो ऑक्सीजन प्लांट में से एक प्लांट करीब चार दिन से खराब है। लिहाजा एक ही प्लांट से ऑक्सीजन की आपूर्ति हो रही है। वहीं उपकरणों की मरम्मत करने वाली कंपनी सायरेक्स अभी तक प्लांट को ठीक नहीं कर पाई है। ऐसे में ऑक्सीजन का संकट गहराने की संभावना है। कंपनी का कहना है कि प्लांट मरम्मत के लिए करीब पांच लाख रुपए का खर्च आएगा।

बलरामपुर अस्पताल में दो ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं। इसमें एक हजार व पांच सौ एमएलडी की क्षमता का प्लांट हैं। बीते साल बड़े प्लांट में खराबी आने पर कई दिन तक निजी कंपनी प्लांट की मरम्मत नहीं कर पाई थी। ऐसे में जंबो सिलेंडर की मदद से ऑक्सीजन की आपूर्ति अस्पताल ने जारी रखी थी। करीब आठ से दस लाख रुपए खर्च होने बाद बड़ा प्लांट ठीक हो सका था। करीब चार दिन पहले 500 एमएलडी का प्लांट खराब हो गया। अस्पताल प्रशासन ने सायरेक्स कंपनी को जानकारी दी। इसके बाद भी मरम्मत नहीं हो सकी है। इस मामले में अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु के मुताबिक, ऑक्सीजन प्लांट मरम्मत के लिए कई दिन पहले कॉल की गई थी। अभी अस्पताल में दूसरे प्लांट से ऑक्सीजन की आपूर्ति हो रही है।

एक नजर

एकेटीयू में 17 तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरीओवर विषयों की द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म और परीक्षा शुल्क 17 फरवरी तक भरा जा सकेगा। इसके लिए ईआरपी पोर्टल खोल दिया गया है। छात्रों की एबीसीडी आईडी नहीं होने पर परीक्षा फॉर्म अपूर्ण रहेगा।

एकेटीयू में आज मिलेगी स्टार्टअप की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब और यूपीएलसी एवं सिडबी की ओर से शनिवार को इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में लखनऊ के आसपास के जिलों के इन्क्यूबेशन सेंटर के जिम्मेदार प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में आयोजित स्टार्टअप के दौरान शासन द्वारा चलाई जा रही वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही इन योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इस पर भी चर्चा होगी।

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्तियों का खाका तैयार

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रम होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवीन सत्र में हिंदू एमए अध्ययन सहित अन्य विषयों को पाठ्यक्रमों में शामिल किये जाने का खाका लखनऊ विश्वविद्यालय ने तैयार कर लिया है। इसको लेकर अनापत्तियों एवं सहयुक्तता के प्रस्तावों के लिए आवेदन भी मांगे जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर कोई समस्या न हो सके।

लविवि स्वयं व अपने से संबद्ध महाविद्यालयों में नवीन सत्र में नए पाठ्यक्रमों को शामिल करने जा रहा है। इसमें एमए हिंदू सहित अन्य विषय जुड़ रहे हैं। विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह का कहना है कि बीएड पाठ्यक्रमों को छोड़कर नवीन पाठ्यक्रमों के लिए विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में अनापत्ति प्रस्तावों का ऑनलाइन अवलोकन किया जा रहा है। निस्तारण को लेकर व्यवस्थाएं पूरी की गई हैं। विवि में अनापत्तियों को जमा करने की अंतिम तिथि 5 फरवरी तय है।

▸▸ हिंदू एमए सहित अन्य की हो चुकी है प्रशासनिक घोषणा

भूमि संबंधी अभिलेखों का होगा सत्यापन

विभागों को जल्द शुरू करने के लिए भूमि संबंधी अभिलेखों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें राजस्व विभाग की मदद ली गई है। कुल सचिव का कहना है कि इसी के बाद विभागीय खाके को अंतिम रूप दिया जाएगा।

निरीक्षण मंडल का गठन

नए सत्र में जो पाठ्यक्रम सम्मिलित हो रहे हैं, उसके लिए निरीक्षण मंडल का गठन हुआ है। सहयुक्त महाविद्यालय लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में भी ऐसी ही व्यवस्था कराई जा रही है।

लविवि परीक्षा में 194 छात्र मिले अनुपस्थित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षाओं के आयोजन हुए। दो पालियों में आयोजित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में 194 छात्र अनुपस्थित रहे। अनुपस्थिति को लेकर परीक्षा नियंत्रक की ओर से सवाल-जवाब भी किए गए।

लविवि की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को भी लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, बाराबंकी जनपदों में परीक्षा के आयोजन हुए। ऐसे में प्रथम पाली में 69 छात्र और 116 छात्राएं अनुपस्थित मिले। दूसरी पाली में 9 छात्राएं अनुपस्थित मिलीं। कुल 194 छात्रों की अनुपस्थिति को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की ओर संबंधित सूचनाएं मांगी गई हैं।

महिला छात्रावास में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

एचजेबी हॉल के नाम रही कृत्रिम बुद्धिमता प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर छात्र प्रतियोगिताओं के आयोजन हो रहे हैं। ऐसे में कृत्रिम बुद्धिमता पर आयोजित प्रतियोगिता में एचजेबी हॉल ने जीत दर्ज की। लविवि में आयोजित प्रतियोगिता के चौथे दिन हबीबुल्लाह हॉल में वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सभी संकायों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कृत्रिम बुद्धिमता : श्राप अथवा वरदान पर विषयवार प्रस्तुतियां हुईं। जिसमें सभी ने अपना पक्ष रखा। कई चरणों में आयोजित प्रतियोगिता एचजेबी हॉल के नाम रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय आध्यात्मिक आधार पर विकसित भारत 2047 रहा। ये प्रतियोगिता हबीबुल्ला हाल के अंकित यादव ने जीती। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका का निर्वाहन प्रोफेसर आनंद विश्वकर्मा, डॉ. अनित्य गौरव और डॉ. सत्यकेतु ने किया।

स्टॉफ क्लब में हुआ बैडमिंटन मैच

स्टॉफ क्लब में बैडमिण्टन मैच का आयोजन हुआ। जिसमें महिला प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता प्रो. संगीता साहू और चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। संचालन डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. अर्चना द्वारा किया गया।

आवश्यकता है

महावीर प्रसाद मायावती महाविद्यालय
दौलतयारपुर माधौगंज हरदोई
मे **प्राचार्य 01 पद**
योग्यता व वेतन यूजीसी के मानक के अनुसार।
आवेदन :-
mpm1297@gmail.com, 9450141141 पर भेजे।
प्रबन्धक :- अनूप कुमार सिंह

अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् जनपद न्यायाधीश, लखनऊ

प्रकीर्ण वाद संख्या-968/2023

ता0पेशी-08.02.2024

1-प्रदीप कुमार सोनी आयु लगभग 43 वर्ष पुत्र श्री मेवालाल सोनी

2-प्रतीक सोनी उम्र नाबालिग पुत्र प्रदीप कुमार सोनी

3-आराध्या सोनी उर्फ प्रियांशी उम्र नाबालिग पुत्री प्रदीप कुमार सोनी

निवासीगण-ए/188, प्रगतिविहार मेट्रो हॉस्पिटल, कल्याणपुर, विकास नगर, लखनऊ —प्रार्थीगण/वादीगण

बनाम

1-उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी, जिला-लखनऊ —विपक्षी

जनसामान्य को सूचनार्थ :-

चूंकि उपरोक्त नामांकित-प्रार्थीगण/वादीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा-8 उप धारा-2 हिन्दू अप्राप्तवयता संरक्षकता अधिनियम-1956 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 08.02.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 22.11.2023 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

सार-संक्षेप

लोगों को संबोधित करते जयपुरिया विद्यालय के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया व अन्य।

विकास आधारित शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है जयपुरिया विद्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : सेठ आनंद राम जयपुरिया विद्यालय सतत विकास आधारित शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए कई नए प्रयोग किए गए। अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया, प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम कोचिटी और उप प्रधानाचार्य पंकज राठौर के प्रयास से यह संभव हो सका। तीनों जिम्मेदारों के प्रयास से कोविड के दौरान आ रही कठिनाइयों का सामना करते हुए ग्लोबल स्कूल प्रोग्राम का सदस्य बना। यह सारा काम पंकज राठौर के नेतृत्व में हुआ। सभी विषयों के एकीकृत लेखन प्लांस (पाठ योजनाओं) का अनूठा प्रयोग किया गया। विद्यालय की अनूठी प्रातः कालीन सभाएं सतत विकास उद्देश्यों की प्रमुख साक्षी है। अन्य सभी अध्यापकों ने पूरे दिल से दैनिक पाठ योजना में समन्वय किया। ग्रुप एडवाइजर विनोद मल्होत्रा ने इस दायित्व को निभाते हुए 17 सतत विकास लक्ष्य पर आधारित दो सुन्दर पुस्तकों की रचना भी की है। उत्कृष्टता की खोज में सभी छात्रों अध्यापक, कर्मचारियों और अभिभावकों की अहम भूमिका रही।

लविवि के 12 कर्मियों को मिली प्रोन्नति

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 12 कर्मियों की प्रोन्नति हुई है। इसमें पहला नाम निर्माण विभाग के अवर अभियंता मारकण्डेय प्रसाद तिवारी का है। इन्हें सहायक अभियंता के रूप में प्रोन्नत किया गया है। इसी तरह कुल सचिव कार्यालय के सै. हसन मो. जैदी प्रधान सहायक बने हैं। इसी पद पर राकेश चन्द्र, विनोद कुमार तिवारी, अयोध्या प्रसाद गौतम, संजीव कुमार सिंहा, राकेश कुमार सोनी और मनोज कुमार वर्मा सम्मिलित किये गए हैं। सुशील कुमार कश्यप, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, विजय कुमार द्वितीय वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक बनाए गए है। दफ्तरी के पद पर रामलखन की नियुक्ति हुई है।

बजट में पेंशन बहाली को लेकर कोई योजना नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस जिला कमेटी के श्रम प्रकोष्ठ बैठक में बजट पर चर्चा हुई। जिसमें श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत सरकार ने अंतरिम बजट पेश कर दिया है। लेकिन उसमें आम जनमानस को कोई राहत प्रदान नहीं की गई है। पेंशन बहाली के लिए भी कोई योजना नहीं है। पेंशन बहाली के लिए कमेटी बनाई गई, लेकिन पेंशन बढ़ोत्तरी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। पेंशनधारक सरकार की इस अनदेखी को याद रखेगा और चुनाव में सरकार के खिलाफ वोट करेगा।

न्यूनतम 21 हजार रुपये प्रतिमाह सरकार करे मासिक भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऐक्टू के आव्हान पर ईको गार्डेन में तीन दिवसीय महापड़ाव में शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों आशा कर्मियों ने भाग लिया। इलाहाबाद मंडल अध्यक्ष रेखा मौर्य ने कहा कि 2013 में सम्पन्न हुए 45 वें, 2015 में हुए 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार आशा कर्मियों को स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा देते हुए न्यूनतम वेतन के दायरे में लाकर न्यूनतम 21000 रुपये का मासिक भुगतान, मातृत्व अवकाश, सामाजिक सुरक्षा, ग्रेड्यूटी, पेंशन, पीएफ सहित ईएसआई की गारंटी देनी चाहिए। लेकिन सरकार को मुफ्त के बेगार करने वेल मजदूर मिल गए हैं। इसलिए इस पर नजर डालने की भी फुरसत नही है। रमाबाई नगर की वरिष्ठ नेता अंजू कटियार ने कहा कि कितने काम है जिसका पैसा एनएचएम और जिला से लेकर स्वास्थ्य केंद्र के बीच बंदर बांट हो जाता है। यही नहीं जो कुछ दो चार माह में मिलता है उसे देने के नाम पर 20 से 30 प्रतिशत तक की वसूली कर ली जाती है। स्वास्थ्य सचिव, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सबके दरवाजे खटखटाने के बावजूद भ्रष्टाचार पर भी संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि देश भर की माताओं और शिशुओं को सुरक्षित जीवन देने वाली हम आशाओं को न कोई मातृत्व अवकाश मिलता है न हमें कोई अन्य सुविधा ही प्राप्त है।

रन फॉर मेंटल हेल्थ में दौड़े छात्र व कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में रन फॉर मेंटल हेल्थ का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सदस्य, विद्यार्थी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रसिद्ध रोबोटिक्स सर्जन डॉ. ज्ञान चंद मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त अतिथि के तौर पर ट्रस्ट फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन साइटोमेट्री की सह संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी डॉ. रेखा गौड़ व शीरोज हैंगआउट की एसिड अटैक सर्वाइवर रुपाली विश्वकर्मा मौजूद रहीं। इस अवसर पर जुंबा व्यायाम और बाइक रैली आयोजित की गई। प्रतिभागियों एवं पुरस्कार विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. संजय कुमार, प्रो. कमल जायसवाल, प्रो. यूवी किरन, प्रो. वेंकटेश कुमार आर, प्रो. एमएल मीना, प्रो. दीपा एच द्विवेदी सहित अन्य शिक्षकगण एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक

प्रसिद्ध रोबोटिक्स सर्जन डॉ. ज्ञान चंद ने कहा कि व्यक्ति के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। इससे क्षमताओं का आंकलन होता है। वहीं डॉ. रेखा गौड़ ने सभी छात्रों को हंसने- मुस्कुराने को लेकर प्रोत्साहित किया।

पं. दीनदयाल के विचार बने प्रेरक : प्रो. बिपिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय आए टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई के डीन रिसर्च प्रोफेसर बिपिन जोजो ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन और उनके विचार सभी को प्रेरणा देने वाले हैं। इसे जीवन में लाए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाला का दर्शन सर्वकालिक है और ऐसे विचारों से सामाजिक कार्यों को पोषण मिलता है। उद्घाटन सत्र की सह अध्यक्षता करते हुए विवि के प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी ने बताया कि वर्तमान सरकार इन्हीं के मार्ग पर चलकर भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। कार्यशाला में शोध पीठ के निदेशक और विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने कार्यशाला की प्रासंगिकता एवं उद्देश्यों को बताया।

इस अवसर पर प्रो. डीके सिंह, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डॉ. अन्विता वर्मा, डॉ. रमेश त्रिपाठी, डॉ. रजनीश यादव, डॉ. मधुशिखा श्रीवास्तव एवं विवि के छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि प्रो. बिपिन जोजो व अन्य।

50 वर्षों का खाका किया था तैयार

काशी विद्यापीठ की प्रोफेसर भावना वर्मा ने बताया कि पं. दीनदयाल ने 50 वर्षों का जो कार्यक्रम बनाया था, वो अब साकार हो रहा है। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. ए.एन. सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. रुपेश कुमार सिंह, डॉ. सहादत हुसैन सहित अन्य ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

समीक्षक और कथाकार डॉ. विनय दास को मिला मित्र स्मृति अवधी सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रख्यात अवधी साहित्यकार लक्ष्मण प्रसाद मित्र की स्मृति में हर साल दिया जाने वाला मित्र स्मृति अवधी सम्मान-2024 से आलोचक, समीक्षक और कथाकार डॉ. विनय दास को सम्मानित किया गया। सम्मान के तहत उन्हें ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्रम दिया गया।

उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. राम बहादुर मिश्र, बलभद्र प्रसाद दीक्षित पढ़ीस, वंशीधर शुक्ल और चन्द्र भूषण त्रिवेदी रमई काका की अवधी रचनाधर्मिता पर केन्द्रित कृति तिरबेनी का लोकार्पण भी हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि लक्ष्मण प्रसाद मित्र मूल रूप से अवधी के कवि और साहित्यकार रहे हैं। उनकी प्रतिभा का विकास खड़ी बोली के क्षेत्र में दिखाई पड़ता है। वह मानवतावादी कवि हैं। प्रवासी संसार के सम्पादक डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने विदेशों में अवधी की भाषाई संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन किया। इसके मूल में रामचरित मानस है।

अजय प्रधान ने उनकी अवधी कविताओं का पाठ किया। सम्मानित साहित्यकार डॉ. विनय दास ने लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान का आभार जताते उनके साहित्य को हिन्दी जगत की अमूल्य निधि बताया। इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद मित्र की वयोवृद्ध बेटी मनोरमा साहू ने उनकी स्मृतियों को साझा किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वीरेन्द्र सारंग ने विनय दास को बधाई देते हुए लक्ष्मण प्रसाद मित्र की रचनाधर्मिता और अवधी साहित्य में उनके योगदान की चर्चा की।

प्रेस क्लब में लक्ष्मण प्रसाद सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मित्र स्मृति अवधी सम्मान समारोह के दौरान प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मूल रूप से अवधी के कवि और साहित्यकार रहे हैं लक्ष्मण प्रसाद

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरी पत्नी सुनीता के बीमा पॉलिसी संख्या- 205804333 में नामिनी में मेरा नाम राम किशुन अंकित है। जो कि मेरा बचपन का पुकारने वाला नाम है। मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम बालकिशन है। बालकिशन व रामकिशुन दोनों मेरे ही नाम हैं। **-बाल किशन पुत्र बाबूलाल, निवासी- सुदीन का पुरवा देवर पट्टी, बिहार, कुंडा प्रतापगढ़।**

सूचना

मैं सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा व मेरी पुत्री गार्गी सिंह का मेरे पति निशेष वर्मा पुत्र स्व0 कालीचरण निवासी इटावा से 6 सितंबर 2021 से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। हमे निशेष वर्मा और उसके परिवारजनों से जान का खतरा होने का अंदेशा है। **आकांक्षा सिंह पुत्री श्री विरेंद्र कुमार सिंह**

सूचना

सूचित हो कि मैं **वीरेन्द्र कुमार पुत्र गौरी शंकर, नि0 कपसेठी तह-कर्वी, जि0-चित्रकूट,** मेरी एचडीएफसी लाइफ इ0 की पॉलिसी सं0-12547419 में मेरा नाम त्रुटिवश वीरेन्द्र सिंह अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में (आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता) वीरेन्द्र कुमार अंकित है। वीरेन्द्र सिंह व वीरेन्द्र कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **राम प्रकाश पुत्र स्व0 राम औतार, निवासी-5/178, सेक्टर-एच0, जानकीपुरम नियर सहारा स्टेट लखनऊ** मेरा पुत्र हरिओम शर्मा का व्यवहार माता-पिता व परिवार के साथ अच्छा नहीं है तथा परिवार के साथ गाली गलौज- मारपीट करता है तथा आवारा प्रवृत्ति का व्यक्ति है, उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सारे सम्बन्ध समाप्त करता हूँ आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा परिवार से किसी प्रकार का कोई लेना देना या मतलब नहीं होगा।

NOTICE

I SHAHWEZ Son of Shareef Ahmad R/O Shahwez Shareef R/O makbara, Bijnor, Najibabad 24673. Local adress-296/49, hata sangi beg, chowk, Lucknow. That I changed my name from SHAHWEZ TO SHAHWEZ SHAREEF .In future I will be called SHAHWEZ SHAREEF.

NOTICE

I TARANNUM AIJAZ Wife of Sri AIJAZ MOHD KHAN BUNGASH R /O of 296/49 Hata sangi beg chowk Lucknow That I changed my name from TARANNUM to TARANNUM AIJAZ.In future I will be called TARANNUM AIJAZ.

न्यायालय तहसीलदार हैदरगढ़, जिला बाराबंकी

वाद सन 2023

सरोजनी देवी ...वादी

बनाम

दुर्गा प्रसाद ...प्रतिवादी

सरोजनी देवी पुत्री रामेश्वर प्रसाद पत्नी स्व. रामानंद, नि. कांहीपुर परगना व तहसील हैदरगढ़, आपको एतद्द्वारा द्वारा चेतावनी दे जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 5 फरवरी 2024 को स्वयं या सम्यकरुपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपासंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। न्यायाधीश

न्यायालय तहसीलदार हैदरगढ़, जिला बाराबंकी

वाद सन 2023 ई.

सरोजनी देवी ...वादी

बनाम

दुर्गा प्रसाद ...प्रतिवादी

श्रीमती भानमती पत्नी रोशनलाल यादव, निवासी पैकौली परगना व तहसील हैदरगढ़, आपको एतद्वारा द्वारा चेतावनी दे जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 5 फरवरी 2024 को स्वयं या सम्यकरुपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपासंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। न्यायाधीश

न्यायालय तहसीलदार हैदरगढ़, जिला बाराबंकी

वाद सन 2023 ई.

सरोजनी देवी ...वादी

बनाम

दुर्गा प्रसाद ...प्रतिवादी

प्रवीण कुमार पुत्र मोल्हेराम नि. एफ/3056, राजाजीपुरम, शहर लखनऊ, आपको एतद्वारा द्वारा चेतावनी दे जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 5 फरवरी 2024 को स्वयं या सम्यकरुपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपासंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। न्यायाधीश

कार्यक्रम — उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के सहयोग से हुआ नाटक का मंचन

शंकराचार्य के योग बल का दर्शन करा गया शंकराचार्यवैभवम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी की सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्था अनादि ने शुक्रवार की शाम को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक शंकराचार्यवैभवम का मंचन किया। डॉ. नवलता द्वारा लिखित और मुन्नी देवी द्वारा निर्देशित इस नाटक का मंचन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के सहयोग से किया गया।

नाटक में मंडन मिश्र अपनी प्रसिद्धि और विद्वता को जताने के लिए विद्वानों से शास्त्रार्थ किया करते थे। शास्त्रार्थ में जो पराजित हो जाता उसे अपना दास बना लेते थे। उन्होंने अनेक विद्वानों को अपना दास बना लिया। बाल ब्रह्मचारी शंकराचार्य मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ करने पहुंचे। मंडन मिश्र की पत्नी शास्त्रार्थ में निर्णायक बनकर बैठीं। इस शास्त्रार्थ में मंडन मिश्र पराजित हो गए और उन्होंने बाल ब्रह्मचारी शंकराचार्य का दास बनना स्वीकार कर लिया।

मंडन मिश्र की पत्नी भारती ने शंकराचार्य से कहा कि मैं मंडन मिश्र की अर्धांगिनी हूं। आपको मुझसे भी शास्त्रार्थ कर मुझे पराजित करना होगा। शंकराचार्य भारती से शास्त्रार्थ करना स्वीकार कर लेते हैं। भारती उनसे काम शास्त्र पर सवाल पूछती हैं। शंकराचार्य कहते हैं कि मैं बाल ब्रह्मचारी हूं। इन प्रश्नों का उत्तर कैसे दे सकता हूं। भारती कहती हैं कि काम शास्त्र एक प्रतिष्ठित शास्त्र है। अगर आपको इसकी जानकारी नहीं है तो आप शास्त्रों के पूर्ण ज्ञाता नहीं हैं। आप अपनी हार स्वीकार कीजिये।

शंकराचार्य भारती से छह महीने का समय लेकर वापस अपने आश्रम चले जाते हैं। उसी दौरान एक राजा की मौत हो जाती है। राजा की कई रानियां थीं। शंकराचार्य योग बल से उस राजा के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। वह अपने शिष्यों से कह जाते हैं कि मेरे शरीर को सम्भाल कर रखना मैं कुछ समय के बाद अपने शरीर में लौटूंगा। राजा के शरीर में रहकर शंकराचार्य काम कला से सम्बंधित जानकारी प्राप्त करते हैं। छह महीने बाद वह अपने शरीर में वापस लौट आते हैं और भारती से शास्त्रार्थ करने पहुंच जाते हैं।

भारती अपने योगबल से पता लगा लेती हैं कि शंकराचार्य छह महीनों में कहां थे। वह शंकराचार्य से क्षमा मांगती है और उनका दासत्व स्वीकार कर लेती है। इस पर शंकराचार्य मंडन मिश्र से कहते हैं कि तुमको दास बनाना मेरा उद्देश्य नहीं है। तुमने जिनको दास बनाया उनको मुक्त कर दो। मंडन मिश्र ऐसा ही करते हैं। शंकराचार्य मंडन मिश्र और भारती को वेदांत तत्व का उपदेश देते हैं और सुरेश्वराचार्य की उपाधि भी देते हैं।

नाटक में संदीप देव, मनीष पाल, विशाल श्रीवास्तव, अमन कुमार, वैभव कश्यप, विनीता सिंह, प्रियंका भारती, सूरज गौतम और मोनिका अग्रवाल ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

वाल्मीकि रंगशाला में अनादि शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा संस्कृत भाषा में नाटक शंकराचार्यवैभवम का मंचन करते कलाकार।

बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मैनपुर नवाबगंज गोण्डा (उ.प्र.)

आवश्यकता है स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत

प्राचार्य – 01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु – प्राचीन इतिहास, भूगोल विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद।
स्नातक स्तर पर कृषि संकाय हेतु– प्रवक्ता 4 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नियुक्ति संविदा पर होगी, यू.जी.सी.नेट को वरीयता दी जायेगी।

(इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।)

सत्य प्रकाश तिवारी – प्रबंधक, मो0: 9721655000, 9628551000

यू.पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि.
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
कार्यालय : महाप्रबन्धक जोन-7, यू.पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि., लखनऊ
ISO 9001:2015 बाँया तट, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ। ई-मेल: gm.7uppcl@gmail.com

पत्रांकः 216/पी.सी.एल./महाप्र.जोन-7/ई-टेण्डर दिनांक 02.02.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा "Repair/Renovation & Up-gradation work of Reception, Lift Lobby, 1st Floor Pickup Office & Front Driveway Repair with street lighting work at PICUP Bhawan, Gomti Nagar, District-Lucknow (U.P.)" के कार्य हेतु इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना-95/UPPCL/GM-7/E-TENDER/2023-24 दिनांक 02.02.2024 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in के पोर्टल पर दिनांक 03.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है, जिसे दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक सबमिट/जमा किया जा सकता है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण एवं शर्तें इत्यादि कारपोरेशन की वेबसाइट www.upprojects.org पर भी देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक जोन-7
यू.पी.पी.सी.एल., लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना सं. 02HQWORKS2024
दिनांक 01.02.2024

प्रमुख मुख्य इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं जो दिनांक 28.02.2024 को 15:00 बजे बन्द कर दी जायेगी। **क्र.सं. 1: कार्य का विवरण:** आरडीएसओ के नवीनतम विनिर्देशों के अनुसार एफबीडब्ल्यूपी/गोंडा/एन.ई. रेलवे पर मौजूदा रेल फ्लैश बट वेल्डिंग मशीन, स्ट्रिपिंग मशीन, डिजिटल माप प्रणाली के साथ प्री और पोस्ट स्ट्रेटनिंग प्रेस, मौजूदा मैनुअल सफाई इकाई के स्थान पर ऑटो सफाई इकाई सहित स्टेशनरी फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट को उन्नयन/प्रतिस्थापन का प्रावधान एवं अन्य कार्य इत्यादि। **मात्रा:** As per Schedule; **अनुमानित लागत:** ₹26.06 करोड़ (रु० छब्बीस करोड़ छः लाख); **बयाना राशि:** ₹14,53,400/- (चौदह लाख तिरपन हजार चार सौ मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹0.00/-; **कार्य समापन अवधि:** 15 (पन्द्रह) माह। **1.** वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि- दिनांक 01.02.2024. **2.** निविदा बन्द होने की तिथि/समयः दिनांक 28.02.2024 को 15:00 बजे। **3.** विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **4.** यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो IREPS के helpdesk अथवा अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ – 9794840233 या सी०से०इंजी०/कम्प्यूटर – 9794840282 से सम्पर्क किया जाए।

अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ
मुजाधि/डब्ल्यू-527 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

एक नजर

प्रो. एसएन कपूर ने की ब्राह्मीलिपि पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : पुरातात्विक धरोहरों के प्रचार – प्रसार और उनके संरक्षण के लिए राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एसएन कपूर ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा में ब्राह्मी लिपि और भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता नामक दो विषयों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मी लिपि के उत्पन्न कर्ता ब्रह्मा माने गए हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मी लिपि को सबसे पहले जेम्स प्रिन्सेफ़ ने सांची स्तूप के सामने बैठकर सन 1834 से 37 के बीच पढ़ा। प्रो. एसएन कपूर ने मौर्य कालीन, शुंग कालीन, कुषाण कालीन और गुप्त कालीन ब्राह्मी लिपि के बारे में विस्तार से चर्चा की और यह बताया कि ब्राह्मीलिपि के अभिलेख भारत के अलावा श्रीलंका, डेनमार्क, लाउस, वियतनाम और कम्पूचिया आदि देशों में भी मिले हैं। इस कार्यक्रम में बाराबंकी, लखीमपुर–खीरी, जौनपुर, सीतापुर, रायबरेली और गोंडा आदि जिलों के 150 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान विभाग के उत्खनन एवं अन्वेषण अधिकारी राम विनय, सहायक पुरातत्व अधिकारी डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र कुमार रस्तोगी और प्रकाशन सहायक बलिहारी सेठ मौजूद रहे।

एनजीओ व स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाएगा : रहाटकर

स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को बनाया जा रहा है आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है और उसके अनुरूप ही पूर्व निर्धारित योजना पर काम शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी एनजीओ और स्वयं सहायता समूहों से संपर्क कर पार्टी से जोड़ेगी।

भाजपा की ओर से शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान को लेकर शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर ने कहा कि महिला कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सांसद से लेकर पार्षद तक को सफल बनाना है। कहा कि शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों एवं एनजीओ संपर्क अभियान के तहत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए महिलाओं को पार्टी से जोड़ने वाला महाअभियान है।

इंद्रिरा गांधी प्रतिष्ठान में शक्ति वंदना अभियान के दौरान दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री विजया रहाटकर, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ शक्ति वंदन अभियान के तहत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बनाने का काम हो रहा है। शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमें पार्टी संगठन की योजना के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाओं को पार्टी संगठन से जोड़ते हुए उन्हें सक्रिय करना है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान को पूरे प्रदेश में प्रभावी ढंग से चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें पार्टी संगठन की योजनानुसार स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी बहनों से संपर्क कर संवाद स्थापित करना है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान की कार्ययोजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले में काम करने वाली स्वयं सहायता समूह, एनजीओ के अध्यक्ष और सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों से संपर्क कर चर्चा करना है। 11-12 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। 12-21 फरवरी तक मंडल में सक्रिय स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 22 फरवरी को प्रत्येक मंडल में प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा। 25 और 26 फरवरी को प्रत्येक जिले में एनजीओ के प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

कार्यशाला का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने किया। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य आदि मौजूद रहे। क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अभियान की टोली व जिला अभियान की टोली के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यशाला में प्रदेश में कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी बहनों से सम्पर्क व संवाद कर उन्हें पार्टी संगठन से जोड़कर सक्रिय करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई व कार्ययोजना तैयार की गई।

कैप्टन तनुज चोपड़ा को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड ऑफिसर चुनने पर ट्रॉफी देतीं लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, साथ में अन्य। अमृत विचार

सीखे गुर, युद्ध में घायल सैनिकों का करेंगे इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पाठ्यक्रम में त्रि-सेवा प्रतिनिधित्व वाले 119 अधिकारी रहे शामिल

अमृत विचार : सेना के चिकित्सा अधिकारियों ने युद्ध या फिर आपदा में सशस्त्र बलों को चिकित्सीय सहायता प्रदान करने के गुर सीखे। नौ सप्ताह तक छावनी स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में आयोजित मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स -245 का सफल समापन हुआ। इसमें गहन युद्ध चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण दिया गया।

चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों को और सशक्त बनाने के लिए यह पाठ्यक्रम संचालित किया गया। इसमें त्रि-सेवा प्रतिनिधित्व वाली 26 महिला अधिकारियों सहित 119 अधिकारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के सफल संचालन पर परिसर में सैन्य परंपराओं के साथ एक औपचारिक परेड आयोजित हुई। ड्रिल स्क्वायर में परेड का नेतृत्व 2136 फील्ड अस्पताल की एक महिला अधिकारी कैप्टन सुरभि, परेड एडजुटेंट ने किया। लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय कमांडेंट एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, ओआईसी एएमसी रिकॉर्ड्स ने परेड की समीक्षा की। लेफ्टिनेंट जनरल ने अधिकारियों को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार उन्नत करने और आगे बढ़ाने की सलाह दी। पाठ्यक्रम अधिकारियों के 200 से अधिक माता-पिता और रिश्तेदारों के साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने परेड का अवलोकन किया।

कैप्टन तनुज चोपड़ा सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड ऑफिसर

341 मीडियम रेजिमेंट के कैप्टन तनुज चोपड़ा को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड ऑफिसर चुना गया और कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं, 46 राष्ट्रीय राइफल बटालियन के कैप्टन अमित सिंह को फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के लिए मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी दी गई।

सार-संक्षेप

स्वच्छता के लिए व्यवहार में लाएंगे परिवर्तन

अमृत विचार, लखनऊ : गांवों में स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने के लिए ग्रामीणों के व्यवहार में परिवर्तन लाया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को विकास भवन में एक संस्था ने चयनित 25 गांव के प्रधान, सचिव समेत अधिकारियों को सीडीओ अजय जैन की अध्यक्षता में प्रशिक्षित किया। जो प्रशिक्षण पाकर ग्रामीणों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए फायदे व नुकसान बताएंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के साथ डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर ने स्वच्छ भारत मिशन योजना बताई। कहा, इसके तहत घर–घर शौचालय बनाकर जिला ओडीएफ किया गया है। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी और अभिषेक गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 की जानकारी दी। इस दौरान सभी एडीओ, खंड प्रेरक, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि रहे। इसी क्रम में गांवों से वेस्ट प्लास्टिक एकत्र कर निस्तारण करने के लिए बीकेटी के कठवारा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट लगाई गई है। शुक्रवार को एक ठेकेदार ने 10 रुपये किलो की दर से 500 किलो वेस्ट प्लास्टिक खरीदी।

रोटरी कम्युनिटी सेंटर में वोकेशनल अवॉर्ड से सम्मानित लोग।

रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ने छह विभूतियों का किया सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ने निरालानगर स्थित रोटरी कम्युनिटी सेंटर में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाली छह विभूतियों को वोकेशनल अवार्ड से सम्मानित किया। सांसद रीता बहुगुणा जोशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ की अध्यक्ष संगीता मित्तल ने बताया कि इस वर्ष चिकित्सा, पुलिस, साहित्य, संगीत व नृत्य के क्षेत्र की असाधारण प्रतिभाओं को सम्मान के लिए चुना गया। सम्मानित होने वाली विभूतियों में पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह (साहित्य), डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी और डॉ. तूलिका चन्द्रा (चिकित्सा), आईपीएस अपर्णा कुमार (पुलिस सेवा), पं. अनुज मिश्र (कथक) और आभा सक्सेना (शास्त्रीय गायन) का नाम शामिल है। इस मौके पर प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि रोटरी क्लब 100 साल से भी पुराना क्लब है। कोविड–19 के दौर में रोटरी क्लब ने काफी काम किया। कार्यक्रम में रोटेरियन स्तुति मित्तल, सीपी अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार, केके श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार मित्तल, अंजना अग्रवाल, कर्णिका, वाई के गोयल, मनीष निर्मल, भारती गुप्ता, विनोद तैलंग, विनीता विभोर और रागिनी की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

सदस्यता प्रमाण पत्र पाकर खिले पटरी दुकानदारों के चेहरे

अमृत विचार, लखनऊ : सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में शुक्रवार को अमीनाबाद गंगा प्रसाद रोड के छोटे व मंझोले पटरी व्यापारियों को मेयर सुषमा खर्कवाल द्वारा सदस्यता प्रमाण पत्र बांटे गए। कई दशकों से अमीनाबाद में व्यापार कर रहे इन छोटे व फुटकर व्यापारियों को व्यापार मंडल ने संगठन का सदस्य बनाया और बड़े व्यापारियों की तरह सम्मान दिया। प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल ने व्यापारियों को यह भरोसा दिलाया की बाजार में और वार्डों में इन व्यापारियों को ध्यान में रखकर वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे, जिससे बाजार में अतिक्रमण व ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिलेगी। सदस्यता वितरण कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल, प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति सिंह अग्रवाल, प्रदेश महासचिव मोहनीश त्रिवेदी, प्रदेश सचिव जमाल अख्तर, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद शोएब, शारदा बाजार के संस्थापक आनंद रस्तोगी, आजाद नगर आलमबाग के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहम्मद आजम, नगर मंत्री मोहम्मद एजाज के साथ सदस्यता पाने वाले बड़ी तादाद में व्यापारी शामिल रहे।

गोमतीनगर स्थित बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में शारदेय प्रकाशन के 9वें वार्षिकोत्सव में काव्य कुन्ज एवं श्री राम चित्रकथा पुस्तक का लोकार्पण करतीं मुख्य अतिथि मीनू खरे, शारदा लाल, मधु खरे, रंजना श्रीवास्तव, निवेदता श्री व अन्य। अमृत विचार

शारदेय प्रकाशन के वार्षिक उत्सव पर लोकार्पण और रचनाकारों का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में शुक्रवार को शारदेय प्रकाशन ने अपना नौवां वार्षिक उत्सव मनाया। इसमें डॉ. रंजना श्रीवास्तव की श्रीराम चित्रकथा, निवेदिता श्री की दोहा श्री व चार्वी और साझा काव्य संग्रह काव्य कुंज का लोकार्पण भी किया गया। इस मौके पर शारदेय शिष्य सम्मान वीणा–पाणी को, शारदेय शिक्षक सम्मान अर्चना सिंह को और कृष्णा श्री सम्मान मुकेश मिश्रा को दिया गया। शारदा लाल की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे, विशिष्ट अतिथि के रूप में दयानन्द पाण्डेय समेत अन्य की मौजूदगी रही।

बौद्धिक विचार मंच का राष्ट्रीय सम्मेलन कल

अमृत विचार, लखनऊ : सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच की ओर से रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सरदार पटेल और सामाजिक समरसता से जुड़े विभिन्न पक्षों पर राष्ट्रीय बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस होंगे। बौद्धिक विचार मंच के महामंत्री जगदीश शरण गंगवार ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक संगठनों के लगभग 2,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

शिया के छठे इमाम जाफर सादिक का जन्मदिन आज

अमृत विचार, लखनऊ : शिया के छठे इमाम जाफर सादिक के जन्मदिन पर कल शनिवार को कूंडों का त्योहार पूरी अकीदत से मनाया जायेगा। पुराने शहर इसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। मिठाइयों की दुकानें सज गई हैं। इस्लामी कैलेंडर के रजब महीने की 22 तारीख को यह त्योहार मनाया जाता है। 22 रजब को सुबह सूरज निकलने से पहले मैदे, रवे, घी और शकर से बनाई गई टिकियां, खीर और तरह–तरह की मिठाइयों पर नज्र होती है। इस त्योहार की तैयारियों में पिछले कई दिनों से हलवाई जुटे हुए हैं। दुकानों के भीतर और बाहर मिठाइयों के ढेर लगे हुए हैं। सुबह–सुबह तारों की छांव में नज्र के बाद लोग अपने रिश्तेदारों और मित्रों के घर जाकर इमाम जाफर सादिक के जन्मदिन की मुबारकबाद देंगे।

अयोध्या में मस्जिद की जमीन पर दुकानें बनाकर वसूली मामले में जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की टीम मौके पर जाकर करेगी जांच

अमृत विचार : अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की अनुमति लिए बगैर वक्फ सम्पत्ति पर दुकानों का निर्माण कराया और उन्हें धन उगाही कर आवंटित कर दिया। इस मामले की शिकायत मिलने पर बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार मस्जिद खजूर वाली के अध्यक्ष दिलावर हुसैन और सचिव सैय्यद परवेज हुसैन ने अपने सगे-संबंधियों के नाम पर दुकानें एलाट कर दीं और मिलने वाला पैसा अपने बैंक खातों में जमा करवा लिया। बोर्ड अध्यक्ष के मुताबिक़ यह वक्फ एक्ट के खिलाफ किया गया काम है।

उन्होंने बताया कि बोर्ड की टीम स्थलीय जांच के लिए अयोध्या (फ़ैजाबाद) जायेगी। जांच रिपोर्ट में अगर शिकायत सही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ वक्फ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर मस्जिद को हुए नुक्सान की वसूली की जायेगी।

14 को प्रदेश में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 फरवरी को प्रदेश में प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस यात्रा के स्वागत की तैयारी में जुट गई है।

न्याय यात्रा प्रदेश के चंदौली जिले से प्रवेश करेगी। फिर पूर्वी उत्तर प्रदेश में वाराणसी, भदोही, प्रयागराज व प्रतापगढ़ में प्रवेश करेगी। राजधानी पहुंचने से पहले यात्रा अमेठी व रायबरेली होते हुए सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, शाहजहांपुर, बरेली व रामपुर तक जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ, हाथरस और आगरा से गुजरेगी। यात्रा सोनभद्र, मिर्जापुर, कौशांबी, चित्रकूट, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, फर्रुखाबाद, बदायूं पश्चिम में कासगंज, एटा, फिरोजाबाद और इटावा से होकर गुजरेगी।

मालूम हो कि यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया कोयात्रा का संयोजक व कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है।

कांग्रेस ने तेज की तैयारी

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार संगठन में प्रदेश से लेकर लेकर बूथ स्तर पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दिये जाने की तैयारी चल रही है। समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्याशियों को टिकट घोषित कर दिये जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस सभी 80 सीटों पर तैयारी कर रही है।

मार्च के आखिर तक अयोध्या में मिलेगी बीएसएनएल की 4जी सेवा

अमृत विचार, लखनऊ : भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अयोध्या में मार्च की आखिर तक उपभोक्ताओं को 4जी की सेवा प्रदान करेगा। अयोध्या जनपद धार्मिक स्थल की श्रेणी में आता हैं। इसलिए बीएसएनएल का अयोध्या में 4जी सर्विस उपलब्ध कराने पर ज्यादा जोर है। बीएसएनएल मार्च में अयोध्या में 4जी की सेवा प्रदान करने जा रहा है। इसके लिए बीटीएस टावरों को लगाने का काम तेजी पर है। अयोध्या में 14 बीटीएस टावर लगाये जा चुके हैं। अब यहां के निवासियों व यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अनवरत 4जी नेटवर्क की सेवायें उपलब्ध करायी जा सकेंगी। बीएसएनएल मोबाइल सेवा के उप महाप्रबंधक अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि अयोध्या में अगले माह की आखिर तक बीएसएनएल की 4जी सेवाएं मिलने लगेंगी। जो टॉवर लगे हैं उनको अपग्रेड किया जाएगा और जो जगह छूट रही है। वहां पर नए टॉवर लगाए जाएंगे।

बीबीएयू में वेटलैंड की घटती संख्या पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में विश्व वेटलैंड दिवस एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वेटलैंड की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की गई। शोधार्थी और छात्रों ने अपने अपने शोध और विचार प्रस्तुत किये। विवि के लॉ स्टूडेंट एकेडमिक फोरम के संयोजक डॉ. अनीस अहमद ने अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर तेजी से घटती हुई वेटलैंड्स की संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बने कानूनों एवं कार्यक्रमों को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया। डॉ. सूफिया अहमद ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर भी जोर दिया। साथ ही नम भूमि संरक्षण के लिए विधिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए शहरीकरण एवं अतिक्रमण कारणों के वर्णन के साथ नम भूमि को संरक्षण प्रदान करने की अवश्यकता पर बल दिया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधि विभाग के संकाय सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मुजीबुर्रहमान, डॉ. राजकुमार परिचेता एवं विधि विभाग के छात्र–छात्राएं और शोधार्थी उपस्थित रहे।

आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में भारत हस्तशिल्प महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं बाल कलाकार।

आयोजन देश भर से आए शिल्पियों के साथ ही उज्बेकिस्तान और अफगानिस्तान के शिल्पियों ने सजाए स्टॉल

देश–दुनिया को एक मंच पर खड़ा कर रहा सनतकदा महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी और सलेमपुर हाउस में शुक्रवार को पांच दिवसीय महिंद्रा सनतकदा महोत्सव शुरू हुआ। देश भर से आए शिल्पियों के साथ ही उज्बेकिस्तान और अफगानिस्तान के शिल्पियों ने अपने स्टॉल सजाए हैं। दोपहर 12 बजे तक बारादरी हाल में स्टॉल पूरी तरह से सज गए थे और कद्रदानों का जमावड़ा लग गया था। बारादरी के चबूतरे पर तैयारियां चल रही थीं लेकिन फूड जोन चलाने वाले अपने-अपने स्टॉल पर मुस्तैद नजर आ रहे थे। इस बार के महोत्सव को आशिकाना लखनऊ थीम दी गई है।

महोत्सव की संस्थापक माधवी कुकरेजा ने बताया कि इन 14 वर्षों में हमें बहुत प्यार और स्नेह मिला है और इसलिए अपने 15वें वर्ष में हम उन सभी अद्भुत लोगों को प्यार और गर्मजोशी वापस देना चाहते हैं जो इस यात्रा में हमारे साथ रहे हैं। इसलिए थीम आशिकाना लखनऊ है। जहां हम प्यार को उसके सभी रूपों में मनाते हैं। देश और दुनिया भर से 106 शिल्प समूहों के साथ महोत्सव की शुरुआत नवाबों के शहर में रहने वाले लोगों की मौजूदगी में पूरी भव्यता के साथ की गई है।

सफेद बारादरी में महिंद्रा सनतकदा महोत्सव में खरीदारी करतीं युवतियां। अमृत विचार

महोत्सव में तमिलनाडु से टोडी कढ़ाई उत्पाद, पश्चिम बंगाल से हथकरघा, उज्बेकिस्तान से इक्कत का काम, असम से पूर्वोत्तर बुनाई और आभूषण, पंजाब से फुलकारी का काम, अफगानिस्तान से आभूषण, आदिवासी स्ट्रीट वियर और कश्मीरी घरेलू सजावट के स्टॉल लगाये गए हैं। महोत्सव के प्रमुख-सांस्कृतिक आउटरीच जय शाह ने बताया कि इस वर्ष महिंद्रा सनतकदा महोत्सव आशिकाना लेंस से लखनऊ की खोज करता दिखाई देगा। महोत्सव के इस संस्करण को उद्यमी आनंद महिंद्रा की मां इंदिरा महिंद्रा को समर्पित किया गया है। उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ के कारीगरों के लिए एक नए पुरस्कार की भी घोषणा की गई। जिसे सनतकदा ट्रस्ट द्वारा स्थापित मीरा और सत्ती कुकरेजा हुस्न-ए-कारीगारी पुरस्कार के नाम से जाना जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार शाहिद हुसैन रफूगर को दिया गया। जो हजरतगंज में एक ही स्थान पर 30 वर्षों से अधिक समय से रफूगरी कर रहे हैं।

समारोह में इश्क क्या है की स्क्रीनिंग भी की गई, जो महोत्सव की शोध टीम द्वारा लिए गए 100 से अधिक साक्षात्कारों पर आधारित इन-हाउस निर्मित फिल्में थीं।

हस्तशिल्प महोत्सव में बिखरी गायन वादन और नृत्य के साथ फैशन की छटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मीकू फाउंडेशन ने फैशन फेस्टिवल सीजन-2 का किया आयोजन

अमृत विचार : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट और प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में फैशन शो, गायन व नृत्य का जलवा बिखरा। गायन प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने अपने गायन से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और यह साबित करने की कोशिश की कि आने वाला समय उनका है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वालों में रेशमा, मोहिनी, यशिका, पूजा, अनुराग, हर्षित, प्रियंका, हरी, प्रिया, पलक और छवि प्रमुख रहे।

आज यहां मीकू फाउंडेशन ने सांस्कृतिक मंच पर फैशन फेस्टिवल सीजन-2 का आयोजन किया। रितिका गुप्ता के मार्गदर्शन में हुए फैशन शो में मेकअप आर्टिस्ट ज्योति, डिजाइनर स्वीटी दुबे, रीता चौहान और अभय ठाकुर की देखरेख में आई हुई प्रतिभागियों ने एथनिक और डिजाइनर को बेस बनाकर रैंप पर कैटवाक किया। रैंप पर प्रतिभागियों ने विभिन्न परिधानों की अद्भुत छटा बिखेरी।

महोत्सव में शिवराम पांडे और पुलकित श्रीवास्तव ने सजा दो घर, रामचंद्र कृपालु, श्री राम जानकी और राम आएंगे को बहुत अच्छे अंदाज में गाकर उपस्थित दर्शकों को भक्ति रस में विभोर कर दिया। इनके साथ कीबोर्ड पर समीर, गिटार पर विकास, तबले पर माधविंदर और ढोलक पर कुंदन ने अच्छा सुरताल प्रदर्शित किया।

महोत्सव में आज खिली हुई धूप के साथ लोगों ने झूलों पर, फिश टनल में, फूड जोन में खूब आनंद लिया। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और एनबी सिंह ने सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य - इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िज़ी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32: 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांछित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िज़ी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

प्रसंगवश

भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

दो नोबेल विजेताओं की दास्तां



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

सोशल फोरम

डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं।

देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

-फेसबुक वॉल से

द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

चौड़ा होगा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार, लगाई जाएगी लिफ्ट

योजना

▸▸ **श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को लेकर मंदिर प्रशासन ने की पहल पांच एलसीडी भी लगाने की है तैयारी**

अयोध्या कार्यालय

चौड़ा किया जा रहा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार। अमृत विचार

श्रद्धालुओं के लिए निर्माणाधीन लिफ्ट।

अमृत विचार : भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तेजी से बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर अब विश्वप्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी नए सिरे से व्यवस्था शुरू कर दी गई है। हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को व्यापक रूप देने के लिए कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत मुख्य निकास द्वार को तीस फिट चौड़ा करने के साथ दस व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाने की तैयारी की जा रही है।

केवल इतना ही नहीं श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हों इसके लिए मंदिर परिसर में पांच बड़े एलसीडी स्क्रीन भी लगवाए जाने की तैयारी की गई है। इसके अलावा रेलिंग भी लगवाई जाएगी जिससे यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतों का सामना भी न करना पड़े। बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में तेजी से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। विभिन्न प्रांतों से रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं जो हनुमंत लला के दरबार में भी श्रद्धा निवेदित करने आ रहे हैं। इसे देखते हुए ही हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन की ओर से निकास द्वार को 30 फीट चौड़ा करवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा भविष्य में लोगों को सीढ़ियों से आने में दिक्कत होने पर सुविधा के लिए दस व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट भी लगवाई जा रही है। मंदिर प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में यह कार्य शुरू कर दिए गए हैं भविष्य में जैसी आवश्यकता होगी व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

चौकी इंचार्ज की कार का शीशा तोड़ नकदी व अभिलेख चोरी

बाराबंकी, अमृत विचार: सिविल कोर्ट के बाहर कार खड़ी कर न्यायालय का कामकाज निपटाने गए चौकी इंचार्ज की कार का शीशा तोड़कर चोर सरकारी अभिलेख और रुपयों से भरा बैग चोरी कर ले गए। चौकी इंचार्ज ने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया।

मामला नगर कोतवाली का है। बीती 17 जनवरी को बड़ेल चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव न्यायालय के काम से सिविल कोर्ट गए थे। सड़क पर चौकी इंचार्ज ने अपनी कार पार्क की थी। इसी दौरान शातिर चोर चौकी इंचार्ज की कार का शीशा तोड़कर अंदर रखा बैग चोरी कर ले गए। एक पखवारे तक तो चौकी इंचार्ज खोजबीन करते रहे। सफलता नहीं मिली तो गुरुवार को उन्होंने नगर कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बैग में तीन से चार हजार रुपये व सरकारी अभिलेख थे। सीओ सिटी डॉ. वीनू सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज की कार का शीशा केमिकल डालकर तोड़ने के बाद बैग कोई उठा ले गया है।

एक नजर

निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से

अयोध्या, अमृत विचार : निर्माणाधीन राम मंदिर के रुके कार्यों को गति देने को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र शुक्रवार को रामनगरी पहुंच गए। वे यहां होने वाली दो दिवसीय बैठक में मंदिर के कार्यों को दिसंबर 2025 तक पूरा करने के लक्ष्य की तैयारियों पर मंथन करेंगे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन में बिना बाधा आए कार्य प्रारंभ कराए जाने की विस्तृत जानकारी ली।

क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी दर्शन की तस्वीर

अयोध्या, अमृत विचार : जल्द ही रामलला मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान की तस्वीरें मिलने लगेंगी। इसके लिए उन्हें क्यूआर कोर्ड स्कैन करना होगा। इस व्यवस्था के लिए मंडलायुक्त गौरव दयाल ने सुझाव दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एलएंडटी के तकनीकी अधिकारियों को ऐसा एप इजाद करने के निर्देश दिए हैं।

अनिल बने देवा के कोतवाल

बाराबंकी, अमृत विचार : स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय को देवा कोतवाली का नया कोतवाल बनाया गया है। यहां तैनात रहे इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह का तबादला सुल्तानपुर होने के बाद उन्हें शुक्रवार को कार्यमुक्त करने के बाद एसपी दिनेश कुमार सिंह ने आदेश जारी किया। अनिल कुमार ने देवा पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कुर्सी पुलिस ने किसान पथ के अंडरपास के समीप एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। लखनऊ के बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के हरदौरपुर निवासी आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी की बाइक व तमंचा बरामद किया।

जिला अस्पताल में बनेगी 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट

चिकित्सालय का किया जाएगा विस्तार, उपभोक्ता संघ की जमीन की गई आवंटित

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अस्पताल से सटी हुई जिला उपभोक्ता फोरम की जमीन। अमृत विचार

अमृत विचार: जिला चिकित्सालय जल्द ही 100 बेड से बढ़कर डेढ़ सौ बेड का हो जाएगा। अस्पताल परिसर में ही 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की मंजूरी मिल गई है। परिसर में जमीन उपलब्ध न होने के कारण अस्पताल से सटे जिला सहकारी उपभोक्ता संघ की खाली पड़ी जमीन जिला चिकित्सालय को आवंटित कर दी गई है। हालांकि जमीन की उपलब्धता कम होने के कारण वार्ड को बहुमंजिली इमारत के रूप में तब्दील किया जाएगा।

रफी अहमद किदवई जिला चिकित्सालय सिर्फ 100 बेड का है। शहर में अन्य कोई बड़ा चिकित्सालय न होने के कारण पूरे जिले के मरीजों का भार इसी चिकित्सालय पर है। अस्पताल में ट्रामा सेंटर का भी निर्माण कराया गया लेकिन वार्ड की कमी दूर नहीं हुई। ओपीडी में भी मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए अब इसके विस्तार पर सरकार गंभीरता पूर्वकविचार कर रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव के मुताबिक चिकित्सालय में 100 और बेड बढ़ाने की योजना को मंजूरी मिली थी।

योजना पर खर्च होंगे 25 करोड़ रुपये

जिला चिकित्सालय के विस्तार के लिए 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण को स्वीकृति मिली है। इसके लिए जिला उपभोक्ता सहकारी संघ की जमीन आवंटित कर दी गई है। आचार संहिता लागू होने से पहले कार्य शुरू करा दिया जाएगा। योजना पर 25 करोड़ खर्च होंगे। **–सत्येंद्र कुमार**, डीएम

पेट्रोल पंप लगाने के नाम पर 13.65 लाख रुपये ठगे

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके में एक प्राइवेट कंपनी के प्रोपराइटर ने एक व्यक्ति से पेट्रोल पंप लगाने के नाम पर 13 लाख 65 हजार रुपये ठग लिये। पंप न लगने पर परेशान व्यक्ति ने प्रोपराइटर के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना इलाके के ग्राम मुड़िया मजरे कसौंजा निवासी राम बरन वर्मा ने बताया कि वह मां गायत्री इंटरप्राइजेज का प्रोपराइटर है। उक्त फर्म में राम सेवक यादव भी भागीदार है। जनपद गौतमबुद्ध नगर नोएडा सेक्टर आई निवासी अपूर्व मिश्रा ने ग्राम झंझरी स्थित भूमि पर फिलिंग सेंटर लगाने का झांसा देकर 13 लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। इतना ही प्रोपराइटर ने जल्द ही पम्प का लालच देकर भूमि पर बाउंड्रीवाल कर ऑफिस बनवा दिया। रामबरन ने बताया कि ऑफिस व बाउंड्रीवाल बनवाने में भी 15 लाख ख़र्च हुए है। लेकिन पेट्रोल पंप न लगने पर जब फोन पर सम्पर्क किया। कोई जानकारी न मिलने पर रामबरन को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अपूर्व मिश्रा पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, छेदा निवासी प्रेमा देवी ने भी लखीमपुर निवासी सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव व राम दुलारे पर जमीन का इकरारनामा होने के बाद दूसरे को जमीन बेचने का आरोप लगाकर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0 पी0 एच0, कानपुर

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1. ई0 निविदा सं0– 40/कान्श0/2023–24, विवरण– Shifting of existing 33 KV GB-1 & GB-2 and 33 KV NRI City Line and conversion of overhead 33 KV line into 33 KV U/G Cable at some places, for road widening work by by PWD from Ganga Bairaj to Mandhana under EUDD- Vikas Nagar Division, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 74,500/– (NEFT/RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 15.02.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय– 15.02.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 74.12 (कर अतिरिक्त)। उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0– 628805018266 आई0एफ0एस0सी0–ICIC0006288 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)
पत्रांक 163/वि0नि0ख0(के0) का0/टी0–2
दिनांक 02.02.2024
''राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए''

उन्नाव में आग से झुलसीं डिप्टी सीएम की बुआ, कानपुर में भर्ती

हादसा

▸▸ **घर में आग ताप रहीं थीं, निजी अस्पताल से हैलट भेजा गया**

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

अमृत विचार : डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ शुक्रवार को आग तापते समय अचानक झुलस गईं। उन्हें झुलसा देख परिजनों ने पहले कस्बे के निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। परिजन हालत में सुधार बता रहे हैं।

प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की 100 वर्षीय बुआ विद्यावती फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर में परिवार के साथ रहती हैं। शुक्रवार को वह घर में आग ताप रही थीं। तभी अचानक उनके कपड़ों ने आग पकड़ ली। यह देखकर उनकी छोटी बहू बचाने को दौड़ीं। तब तक परिवार के दूसरे सदस्य भी आ गए। सबने मिलकर आग बुझाई। इसके बाद उन्हें कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। डिप्टी सीएम की बुआ होने की जानकारी पर उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उन्हे हैलट ले गए। हैलट में उनका इलाज जारी है। पारिवारिक सूत्रों के मुजाबिक, अब उनकी हालत में सुधार है।

सियार ने हमला कर बालिका और युवती को किया घायल

सिरौली, गौसपुर बाराबंकी, अमृत विचार : पागल सियार के हमले से दो लड़कियां घायल हो गई। एक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली बदोसराय के अमरा कटेहरा गांव में शुक्रवार को करीब 4:30 बजे शाम जंगली पागल सियार बस्ती के अंदर घुस गया और सड़क के किनारे मौजूद दो लड़कियों फौजिया (8) पुत्री सईद एवं सोनी (20) पुत्री रामसमुझ पर अचानक हमला बोल दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने दोनों संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया है। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में फौजिया को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। गांव में घुसा सियार पागल बताया जाता है। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है। घायल सोनी ने बताया कि सियार ने गांव में कई जानवरों को भी काटकर घायल किया है। शाम को वह अपने दरवाजे पर सड़क किनारे लगे हैंडपंप पर बर्तन धो रही थी तभी सियार ने हमला कर दिया। फौजिया अपने घर के पास खेल रही थी।

98 स्कूलों के निरीक्षण में 16 शिक्षक मिले गैरहाजिर

बाराबंकी, अमृत विचार: महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश पर शुक्रवार को 21 टीमों ने मसौली ब्लॉक के 98 परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान 16 शिक्षक व कर्मचारी गैर हाजिर मिले। बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय ने मसौली के विद्यालयों में विशेष निरीक्षण अभियान के लिए 13 खंड शिक्षा अधिकारी एवं 8 जिला समन्वयक को सुबह 9 बजे विद्यालय आवंटित कर जांच कराई। गठित 21 टीमों ने 98 विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान 16 शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी अनुपस्थित मिले। बीएसए ने बताया कि जांच में अनुपस्थित मिले शिक्षकों पर कारवाई की जाएगी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, अमौली-फतेहपुर

पत्रांक– 2064/ राज्य वित्त/ पदहवाँ वित्त/2023–24/दिनांक– 30/–24

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित/पद्रहचवॉ वित्त के अर्न्तगत क्षेत्र पंचायत अमौली फतेहपुर की निम्नलिखित स्वीकृत परियोजना पर प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्यवार सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 13.02.2024 को पूर्वान्ह 12: 00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 2: 00 बजे तक उपस्थिति सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक–12.02.2024 अपरान्ह 2: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर क्षेत्र पंचायत कार्यालय से कम किये जा सकते है निविदाओं के साथ 02 प्रतिशत जमानत की धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक की एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0/के0वी0पी0 अथवा पोस्ट ऑफिस के पासबुक के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी अमौली के पक्ष में बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा सशर्त टेण्डर मान्य न होगें विभाग के सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी निविदाओं को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा प्रस्तावति कार्यो का विवरण निम्नवत् है ।

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	कार्य का विवरण स्थल सहित	सामग्री की लागत लाख रू0 में	जमानत धनराशि रू0 में	आपूर्ति की जाने वाली सामग्री	सामग्री की आपूर्ति की अवधि
1	कुन्देरामपुर	कुन्देरामपुर में रामचन्द्र वर्मा के घर से ओमकार वर्मा के घर तक सी0सी0) रोड निर्माण	6.55	13100	प्राक्कलन के अनुसार	6 माह

निविदा फार्म शर्ते एवं विवरण की जानकारी हेतु 500 / रू0 के बैंक ड्राफ्ट को खण्ड विकास अधिकारी अमौली फतेहपुर के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक से देय हो अथवा नगद कार्यालय में जमा कराकर दिनांक 12.02.2024 तक निर्धारित कार्यालय समीप अपरान्ह 2: 00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

अवर अभियन्ता
आर0ई0डी0

खण्ड विकास अधिकारी
अमौली– फतेहपुर

गोंडा में बैंक कैशियर की गर्दन पर हंसिया रख 8.54 लाख की लूट

गोंडा, अमृत विचार: नगर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन इलाके में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की सिविल लाइन शाखा की कैशियर की गर्दन पर हंसिया सटाकर एक लुटेरे ने 8.54 लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई लूट की इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। वारदात के चार घंटे के भीतर एसओजी व नगर कोतवाली पुलिस ने लूट की धनराशि व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया।

डीआईजी एसपी ने बैंक की शाखा प्रबंधक व कैशियर से वारदात की जानकारी ली और बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। नगर कोतवाली क्षेत्र के पंतनगर इलाके में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा है। शुक्रवार सुबह बैंक लेनदेन हो रहा था तभी 11.30 बजे एक युवक हेलमेट लगाकर बैंक के भीतर घुसा और सीधे कैशियर के केबिन में पहुंच गया। कैरियर श्वेता गौड़ ने युवक से हेलमेट हटाने के लिए कहा कि लेकिन उसने कैशियर की गर्दन पर हंसिया रख दिया और पास रखा रुपयों से भरा थैला लूटकर फरार हो गया। एसपी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई इस वारदात से हड़कंप मचा गया। बैग में 8.54 लाख रुपये थे। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दावा किया कि पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं।

योजनाओं को ए श्रेणी में लाएं : सीडीओ

बाराबंकी, अमृत विचार: नवागत सीडीओ सुथान अब्दुल्ला ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन शहर के पायनियर चौराहा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर जाकर शिव के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद विकास भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विधिवत कार्य प्रारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विकास कार्यों में गति लाने को निर्देशित किया। कहा कि सीएम डशबोर्ड में जिन-जिन विभागों की प्रगति सी श्रेणी व उससे नीचे है, वह अपने कार्यक्रम की गहन समीक्षा और रणनीति तैयार कर योजनाओं में ए श्रेणी प्राप्त करने में लग जाएं। परियोजना निदेशक मनीष कुमार, डीडीओ भूषण कुमार भी मौजूद रहे।

तेल कोल्हू में फंसकर किशोर की हुई मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या अमृत विचार : कुमारगंज थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर से संचालित तेल कोल्हू से खली निकालते समय 12 वर्षीय किशोर सनी का हाथ साफ्ट में फंस गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस चौकी देवगांव क्षेत्र के सुरती गांव निवासी सोहराब पुत्र सिराज अपने दरवाजे के पास ट्रैक्टर संचालित तेल कोल्हू से सरसों की पेराई कर रहा था। इस दौरान खली कोल्हू में फंस गई। जिसे गांव का ही सनी पुत्र हीरालाल निकाल रहा था, तभी तेल कोल्हू में उसका बायां हाथ फंस गया। बच्चों के शोर मचाने पर जब तक सोहराब ने ट्रैक्टर बंद किया, तब तक सनी की मौत हो चुकी थी। लोगों ने बताया कि मृतक सनी सोहराब के साथ ही रहता था और तेल की पेराई करने में सहयोग करता था। सनी के पिता हीरालाल की मौत हो चुकी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि टीम ने मौके पर जांच की है।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली व कस्बा हैदरगढ़ में किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी सुजीत कश्यप पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने उसे त्रिपुला नहर के पास से गिरफ्तार किया। दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे फतेहपुर कोतवाली के आतीया निवासी हिमांशु को कुर्सी पुलिस ने अम्बर पुर मोड़ के पास से दबोचा।

कन्नौज में कोर्ट परिसर में हत्यारोपी पर तमंचे से फायर

कन्नौज, अमृत विचार : पिता की हत्या का प्रतिशोध लेने के लिए युवक ने न्यायालय परिसर में ही तारीख पर आए हत्यारोपी के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोर्ट परिसर में गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई। वकीलों ने तमंचा लेकर भाग रहे आरोपी को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के पास बने पुस्तकालय की तरफ से एक युवक ने कोर्ट में तारीख पर आए हत्यारोपी ग्राम भगतगाढ़ा निवासी चंदन यादव पुत्र कृपाल सिंह पर 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। चंदन जमीन पर लेट गया और गोली सामने दीवार में जा धंसी। वकीलों ने गोली चलाने वाले आदेश यादव पुत्र पिंटू निवासी कटरा को तमंचे समेत पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। उसके पास से एक कारतूस व एक खोखा भी मिला है। भागते समय आदेश एक वकील की मेज से टकराकर गिर गया था। हत्यारोपी चंदन ने बताया कि वह एफटीसी कोर्ट से तारीख लेकर अधिवक्ता चेंबर की तरफ जा रहा था, उसी समय उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया।

टेंट लगा रहे श्रमिक की करंट से मौत

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार: तिलक समारोह में टेंट लगा रहे मजदूर की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र के दनापुर मजरे परमा का पुरवा गांव की है। यहां के निवासी सत्य नारायण यादव के यहां शुक्रवार को तिलकोत्सव की तैयारी चल रही थी। गंगौली मजरे मुजेहना गांव निवासी अंकुर (22) आयोजन स्थल पर टेंट लगा रहा था। ऊपर से गुजरी 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन की चपेट में टेंट की लोहे की रॉड आने से अंकुर झुलस गया। उसे सीएचसी मथुरा नगर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

ग्राम पंचायत शिवनगरा विकास खण्ड सण्डीला जनपद हरदोई

पत्रांकः मेमो मनरेगा 2023/24 दिनांकः 02/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत शिवनगरा विकासखंड संडीला जनपद हरदोई द्वारा मनरेगा के अंतर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री (सीमेंट, मौरंग,बालू, गिट्टी, लोहा, ईट प्रथम, कैटल शेड,टीन शेड, इंटरलॉकिंग ईट आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 05–01–2024 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त का जमा कर सकते हैं प्राप्त निविदाएं दिनांक 08–01–2024 को समिति द्वारा साय 4:00 बजे पंचायत भवन में खोली जाएगी।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	प्राक्कलन के अनुसार स्वीकृत लागत (रु0 में)	योजना मद का नाम	धरोहर राशि	निविदा पप्रत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज एवं जीएसटी सहित	नियत कार्य स्थल पर सामग्री कार्यपूर्ति अवधि
1.	देशराज के घर से जयपाल के घर तक इंटरलाकिंग नाली निर्माण कार्य	शिवनगरा	174400.57	मनरेगा	3488.01	600	15 दिवस
2.	प्रकाश के घर से विपिन के घर तक इंटरलाकिंग नाली निर्माण कार्य	शिवनगरा	320200.64	मनरेगा	6404.01	600	15 दिवस

नियम व शर्ते– 1. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। 2. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी। 3. बिना बताए किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा। 4. निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें। 5. धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जाएगा। 6. कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरो की कटौती नियमानुसार की जाएगी। 7 प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

जैदेवी – प्रधान **किरन यादव –सचिव**
ग्राम पंचायत शिवनगरा विकास खण्ड सण्डीला जनपद हरदोई

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर

पत्रांक –जन्म–मृत्यु/विज्ञापन/2023–24/9097–2 दिनांकः 1/02/2024

विज्ञापन

उ0प्र0 शासन एवं भारत के महारजिस्टार का कार्यालय नई दिल्ली के कुशल दिशा–निर्देशन में राज्य में नागरिक पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत 1969 के तहत कार्य किया जा रहा है। शत–प्रतिशत पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के उददेश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 जन्म–मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने सहयोगी विभागों यथा पंचायती राज विभाग (ग्रामीण क्षेत्र) एवं स्थानीय निकाय विभाग (नगरीय क्षेत्र) के साथ संयुक्त रूप से प्रयासरत है। प्रदेश में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे एवं घटित होने वाले प्रत्येक मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है। यह आप और हमारे संयुक्त प्रयास से सम्भव है। शत–प्रतिशत पंजीकरण भावी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अन्य योजनाओं को बनाने का मुख्य आधार है। आगे आये और पंजीकरण में सहयोग करें।

1. जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है। 2. जन्म / मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करे। 3. जन्म/ मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म एंव स्थान) से करायें। 4. जन्म का पंजीकरण बच्चे का अधिकार है।

'जीवन और पहचान दो मेरे ये अधिकार दो शिक्षा नौकरी और अधिकार, जन्म प्रमाण–पत्र सबका आधार, शिशु के जन्म पर मंगल गाओ, जन्म पंजीकरण तुरन्त कराओ'

- जन्म पंजीकरण के लाभः-

रजिस्ट्रार द्वारा दिया गया जन्म प्रमाण–पत्र जन्म तिथि का विधिक प्रमाणन है व निम्न उद्देशों के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है– 1. स्कूल में प्रदेश हेतु. 2. राशनकार्ड में शिशु का नाम बढ़ाने हेतु, ३. बीमा पालिसी हेतु 4. ड्राईविंग लाईसेन्स हेतु, 5. पासपोर्ट बनवाने हेतु, 6. सरकारी एंव गैर सरकारी सेवाओं में प्रवेश हेतु. 7. मतदान का अधिकार एवं चुनाव उम्मीदवारी हेतु 8. स्वंय विवाह का अधिकार प्राप्त करने हेतु, 9. बाल विवाह एवं बच्चों के अनैतिक व्यापार के विवादों के निपटान हेतु 10. अन्य उद्देश्य जहां आयु प्रमाणन की आवश्यकता है।

-: मृत्यु पंजीकरण के लाभः-

1. मृत्यु तिथि का प्रमाण, 2. उत्तराधिकार सिद्ध करने हेतु। 3. सम्पत्ति, बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा के लाभों पर दावा प्रमाणित करने हेतु।

यदि कोई समस्या है तो अपने जनपद के जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) / जिलाधिकारी अथवा अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु), मुख्य चिकित्सा अधिकारी / कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री कमलेश यादव जन्म मृत्यु अनुभाग में सम्पर्क करे।

नोडल अधिकारी (जन्म–मृत्यु)
उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सुलतानपुर

अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सुलतानपुर

जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) / जिलाधिकारी
सुलतानपुर

पिता के साथ चलाया हल, अब बने मुख्यमंत्री, शीबू सोरेन के हैं बेहद करीबी

चंपई सोरेन: आंदोलन में योगदान से बने झारखंड टाइगर

रांची, एजेंसी

झारखंड में सरायकेला-खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा गांव में कभी अपने पिता के साथ खेतों में हल चलाने वाले चंपई सोरेन राजनीति में एक लंबा सफर तय कर राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। अलग राज्य के लिए 1990 के दशक में चले लंबे आंदोलन में अपने योगदान को लेकर चंपई (67) झारखंड टाइगर के नाम से भी जाने जाते हैं। बिहार के दक्षिणी हिस्से को विभाजित कर वर्ष 2000 में झारखंड का गठन किया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के वफादार माने जाने वाले चंपई, धन शोधन के एक मामले में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद झामुमो विधायक दल के नेता चुने गए। मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की बागडोर संभालने वाले चंपई सातवें व्यक्ति हैं। उनसे पहले बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, रघुवर दास और हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री रहे।

शिबू सोरेन और उनके बेटे हेमंत के बाद झामुमो से मुख्यमंत्री बनने वाले वह तीसरे नेता हैं। चंपई ने झामुमो विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कहा, मैं अपने पिता (सिमल सोरेन) के साथ खेतों में काम किया करता था...अब किस्मत ने मुझे एक अलग भूमिका निभाने का मौका दिया है। सरकारी स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई करने वाले चंपई की शादी काफी कम उम्र में ही हो गई थी। उनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं।

1991 में की राजनीति की शुरुआत

चंपई सोरेन ने 1991 में सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक चुने जाने के साथ अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की। इसके चार साल बाद उन्होंने झामुमो के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा और भाजपा उम्मीदवार पंचू टुडू को हराया था। वहीं, 2000 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट पर वह भाजपा के अनंत राम टुडू से हार गए। उन्होंने 2005 में, भाजपा उम्मीदवार को 880 मतों के अंतर से शिकस्त देकर इस सीट पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया। चंपई ने 2009, 2014 और 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। वह सितंबर 2010 से जनवरी 2013 के बीच अर्जुन मुंडा नीत भाजपा-झामुमो गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

त्रिपुरा: भाजपा की 73 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति घोषित

अगरतला। त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा ने लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले 73 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। मुख्यमंत्री माणिक साहा, राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता एवं सामाजिक न्याय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक और पूर्व उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा सहित राज्य में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को गुरुवार रात घोषित समिति में शामिल किया गया है। समिति में 14 आमंत्रित सदस्य हैं। पार्टी की राज्य इकाई के 18 पदाधिकारियों के नाम की घोषणा तीस दिसंबर को की गई थी।

सूरजकुंड शिल्प मेले में संस्कृति की झलक...

हरियाणा के फ़रीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

रोहन बोपन्ना ने प्रधानमंत्री को भेंट किया रैकेट

नई दिल्ली। हाल ही आस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतने वाले भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपना रैकेट भेंट किया, जिससे उन्होंने ग्रैंडस्लैम जीता था। बोपन्ना ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर उन्हें वह रैकेट देने उनके लिए सम्मान की बात है, जिसकी बदौलत वह विश्व नंबर एक और आस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंडस्लैम चैंपियन बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। बोपन्ना की पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की। लिखा कि उनकी उपलब्धि भारत को गौरवान्वित करने के साथ ही लोगों को प्रेरित करती है।

इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए : रमेश

कांग्रेस महासचिव ने कहा-27 दलों का गठबंधन बरकरार, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

पश्चिम बंगाल, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए है, किसी राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं और 27 दलों का विपक्षी गठबंधन बरकरार है तथा यह साथ मिलकर लड़ेगा। बिहार में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ कर नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) हाल ही में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया। इस तरह अब विपक्षी गठबंधन में 27 दल रह गए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन आम चुनाव के लिए है और पश्चिम बंगाल या महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं। रमेश ने कहा कि हालांकि, महाराष्ट्र में कांग्रेस, (शरद पवार नीत) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना (यूबीटी) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा, जबकि अन्य राज्यों के चुनावों में इंडिया के साझेदारों के बीच कोई गठजोड़ नहीं होगा। उन्होंने बीरभूम जिले के रामपुरहाट में संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोकसभा चुनावों के लिए, 27 दलों का इंडिया गठबंधन है और यह साथ मिलकर लड़ेगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा को शिकस्त देने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इसलिए इनकी रक्षा करने के लिए भाजपा को शिकस्त देना जरूरी है।

टीएमसी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है : राहुल

बहरामपुर (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा कर रही है और मुद्दे का समाधान निकल जाएगा। गांधी ने गुरुवार रात पश्चिम बंगाल में पार्टी के डिजिटल मीडिया योद्धाओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

सपा-कांग्रेस ने सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया : राम गोपाल

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उनकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सपा जल्द ही और प्रत्याशी घोषित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ जा सकती है, यादव ने कहा कि दोनों पार्टियां पहले ही एक समझौते पर पहुंच चुकी हैं। यादव ने कहा, "हमने 16 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हम कुछ दिनों में और सीटें घोषित करेंगे। कांग्रेस और सपा उत्तर प्रदेश में अंतिम समझौते पर पहुंच गए हैं। दिया कि आगामी चुनाव संविधान को बचाने" के बारे में होंगे। उन्होंने कहा, "यह एक महत्वपूर्ण चुनाव है। यह संविधान को बचाने का चुनाव है। इसमें और देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, चुनाव जमीनी स्तर पर लड़ा जाता है। अगर समय पर उम्मीदवार तय हो जाएंगे तो उन्हें भाजपा के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ने का समय मिलेगा।

उत्तराखंड में अभी दो दिन और अंगड़ाई लेगा मौसम

मौसम

▸▸ 5 को एक बार फिर बर्फबारी होने का जताया जा रहा अनुमान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड में अभी दो दिन और मौसम में बदलाव हो सकता है। पहाड़ों में बर्फबारी की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने का अनुमान है।

अल-नीनो के असर से सर्दियों के सीजन में जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का मौसम नहीं बन पा रहा था। 1 फरवरी को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई तो वहीं ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी बर्फबारी भी देखने को मिली। शुक्रवार को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो सकता है। 5 फरवरी को एक बार फिर से पहाड़ों में बर्फबारी हो सकती है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विज्ञानी आरके सिंह का कहना है कि 5 फरवरी को बर्फबारी की संभावना बन रही है।

हिमपात के कारण उत्तरकाशी जिले में कई मार्ग अवरुद्ध

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तराखंड के विभिन्न ऊंचाई वाले पर्वतीय स्थानों पर शुक्रवार को भी हल्का से मध्यम हिमपात जारी रही। अनेक स्थानों पर धुंध छाई हुई है। उत्तरकाशी जिले में अनेक मार्ग अवरूद्ध हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में ठंडी हवाएं चलने से शीत का प्रकोप बढ़ गया है। उत्तरकाशी जनपद के आपदा प्रबंधन अधिकारी डीएस पटवाल ने बताया कि तहसील मोरी, पुरोला, भटवाड़ी, डुण्डा, बड़कोट में समाचार लिखे जाते समय मौसम साफ है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भैरव घाटी से आगे हिमपात होने के कारण अवरुद्ध है। उक्त मार्ग धराली से आगे जोखिम भरा हैं, जबकि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग फूलचट्टी से आगे बर्फबारी के कारण अवरुद्ध हुआ है। धरासू, बड़कोट मोटर मार्ग राडीटॉप के पास बर्फबारी होने के कारण जोखिम भरा है।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को उच्चतम न्यायालय का नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वकील के रूप में नामांकन के लिए अधिक शुल्क को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को उप्र बार काउंसिल को नोटिस जारी किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत बनारस हिंदू विवि के विधि संकाय के एक विधि स्नातक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने अदालत को बताया कि उसे एक दिन के भीतर अपने आवेदन के त्वरित निस्तारण के लिए नामांकन शुल्क 16,665 रुपये और अतिरिक्त 5,000 रुपये का भुगतान करना होगा।

कांग्रेस को 40 सीट मिलना मुश्किल : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा से मुकाबला करने की चुनौती दी और कहा कि उन्हें संदेह है कि क्या सबसे पुरानी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी हासिल कर पाएगी। बनर्जी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भी आलोचना की, जो राज्य के छह जिलों से होकर गुजरी। उन्होंने इसकी तुलना राज्य में आए प्रवासी पक्षियों के लिए हज फोटो खींचने के अवसर से की।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि मैंने प्रस्ताव दिया कि कांग्रेस 300 सीट पर चुनाव लड़े (देश भर में जहां भाजपा मुख्य विपक्ष है), लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। अब, वे मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए राज्य में आए हैं। मुझे संदेह है कि यदि वे 300 सीट पर चुनाव लड़ते हैं, तो क्या वे 40 सीट भी जीत पाएंगे। केंद्र से राज्य के बकाया भुगतान की मांग को लेकर कोलकाता में एक धरने के दौरान बनर्जी ने दोहराया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक थी, लेकिन उसने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

कोलकाता : ममता बनर्जी के धरने के दौरान टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा। ● एजेंसी

▸▸ टीएमसी प्रमुख ने कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में जीत की दी चुनौती

ऋतु बाहरी बनीं उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश

नैनीताल, विधि संवाददाता

अमृत विचार: पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद उनके मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी है।

उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी बीती 26 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए थे। जस्टिस ऋतु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं। उन्होंने 14 अक्टूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का चार्ज लिया था। 1962 में जालंधर में जन्मी ऋतु बाहरी ने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ में की और 1985 में पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री हासिल की। 1986 में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में वकालत आरंभ की। 16 अगस्त, 2010 को उन्हें पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था।

यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार, समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में बनी समिति ने शुक्रवार को इसका ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया। इसे सौंपे जाने के साथ ही राज्य में शीघ्र ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

इस अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व हमने जनता से भाजपा के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। अपने वादे के मुताबिक हमने सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया था और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति ने इस ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन और परीक्षण कर शीघ्र उत्तराखंड राज्य के लिए समान नागरिक संहिता कानून का प्रारूप तैयार कर संबंधित विधेयक को आगामी विधान सभा के विशेष सत्र में रखेगी। इस कानून को लागू करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी।

समान नागरिक संहिता को जल्द लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ

मुख्यमंत्री को समान नागरिक संहिता का प्रारूप सौंपते समिति के सदस्य।

मुख्यमंत्री धामी ने लॉन्च किया 'आ रहा है यूसीसी'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में समान नागरिक संहिता पर बने गीत 'आ रहा है यूसीसी' को लॉन्च किया। इस गीत को भूपेंद्र बसेड़ा द्वारा लिखा और स्वर प्रदान किया गया है, जबकि राकेश भट्ट द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गीत के माध्यम से यूसीसी के लाभ एवं आम जनमानस पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाया गया है।

बंबई उच्च न्यायालय ने खारिज की कंगना रनौत की याचिका

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गीतकार जावेद अख्तर ने अभिनेत्री पर दायर किया है मानहानि का मामला

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अभिनेत्री कंगना रनौत की उस याचिका को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने गीतकार जावेद अख्तर द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत में कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पीडी नाइक की एकल पीठ ने कहा कि अख्तर द्वारा दायर शिकायत पर सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। इसलिए रनौत की ओर से मांगी गई राहत इस स्तर पर नहीं दी जा सकती है।

कंगना रनौत ने पिछले महीने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर 2020 में दायर अख्तर की आपराधिक मानहानि शिकायत पर रोक लगाने की मांग की थी। साथ ही अनुरोध किया था कि मामले की सुनवाई उनके द्वारा अख्तर के खिलाफ की गई शिकायत के साथ की जाए। उच्च न्यायालय ने कंगना रनौत की अर्जी खारिज करते हुए कहा कि अख्तर की शिकायत पर सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। याचिकाकर्ता (रनौत) ने देर से ही सही इस आवेदन को प्राथमिकता दी है।

मन की बात

दुष्कर्म मामले से बरी होने के बाद पूर्व गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद ने राजनीतिक विरोधियों को लिया आड़े हाथ

मुझे नहीं बल्कि जिले को नुकसान पहुंचाने की थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

मीडिया से वार्ता करते पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद।

अमृत विचार: शिष्या से दुष्कर्म के आरोप से कोर्ट से बरी होने के बाद पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि जिले को नुकसान पहुंचाने के लिए उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश रची गई थी। जिसका अब पटाक्षेप हो गया।

शुक्रवार को वह एसएस लॉ कॉलेज के सभागार में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। छवि धूमिल किए जाने के पीछे वह राजनीति वर्चस्व स्थापित करने वाले विरोधियों पर निशाना साधते नजर आए। उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई के साथ उनके खिलाफ साजिश की गई।

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाहजहांपुर को सुदामापुरी बनाएं यह मेरा सपना था। मुख्यमंत्री के संबंधों का लाभ जनपद को देना चाहता था, लेकिन नहीं दे पाया। कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए बाधा पहुंचाई और परिणाम यह हुआ कि जनपद में जो काम हुए हैं वह निजी लाभ के लिए ज्यादा हुए हैं। आम जनता के लिए कम हुए हैं। गांवों की दशा जस की तस बनी हुई है। शिष्या से दुष्कर्म मामले में बोले कि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर मेरा पूरा विश्वास है और उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान किया। उन्हें स्टे और जमानत हाईकोर्ट से मिली और न्याय डिस्ट्रिक कोर्ट से मिला। न्याय पालिका को लेकर कोई शिकायत नहीं है। आरोप लगाकर छवि खराब करने वालों पर कार्रवाई किए जाने के सवाल पर बोले, नहीं हम कुछ नहीं चाहेंगे, उन्होंने अपना काम किया है, न्यायालय ने अपना काम किया है और ईश्वर अपना काम कर रहा है।

▸▸ मुख्यमंत्री से संबंधों का लाभ दिलाने में बाधा बने विरोधी

विरोधी नहीं हो पाए कामयाब

कहा कि मेरी छवि धूमिल किए जाने के पीछे लॉ कॉलेज को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी, क्योंकि वर्ष 2018 में जब युवा महोत्सव के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में आए थे, तब उन्होंने स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में बदलने की चर्चा की थी, लेकिन कुछ लोगों को यह बात अच्छी नहीं लगी और उन्होंने मेरे खिलाफ साजिश रची। इस साजिश के कारण जनपद को एक विवि जो 2020 तक मिल सकता था मिलने से रह गया। स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि उनका नाम योगी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए लिया गया, लेकिन जब वह योगी के साथ सार्वजनिक और निजी कार्यक्रम में शामिल ही नहीं हुए, तब विरोधी कामयाब नहीं हो पाए।

अब करुंगा रामलला के दर्शन

आरोपों से घिरा होने के चलते वह अयोध्या तक नहीं जा सके हैं। राममंदिर भूमि पूजन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक किसी भी कार्यक्रम में वह नहीं गए हैं। अब जाकर वह आरोपों से मुक्त हुए हैं। अब वह अयोध्या जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे।

अब्बास अंसारी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका स्वीकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को राहत देते हुए उसके खिलाफ पारित हिरासत आदेश को रद कर दिया है। पुष्टिकरण आदेश दिनांक 2.11.2023 को पारित होने के बाद याची को प्रारंभिक हिरासत आदेश 18 सितंबर 2023 से 3 महीने की अवधि के लिए हिरासत में रखने का निर्देश दिया गया था।

तीन महीने की समाप्ति के बाद याची की हिरासत अवैध हो जाती है और वह तुरंत रिहा होने का हकदार हो जाता है। उपरोक्त कारणों से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने याची के खिलाफ पारित आक्षेपित आदेशों को रद्द कर दिया। दरअसल चित्रकूट के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3(2) के तहत पारित हिरासत आदेश को रद करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा अंसारी को तुरंत रिहा करने का निर्देश दिया।

सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का किया विरोध

नई दिल्ली। सीबीआई ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया की ओर से दायर दो अर्जियों का शुक्रवार को विरोध किया, जिनमें जमानत और हिरासत में पैरोल की मांग की गई थी। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया द्वारा दायर अर्जियों के जवाब में विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल के समक्ष दलीलें दीं और उन्हें खारिज करने की मांग की। विशेष न्यायाधीश ने कहा, नियमित जमानत की अर्जी के साथ-साथ आरोपी मनीष सिसोदिया की ओर से दायर हिरासत पैरोल की मांग वाली अन्य अर्जी पर सीबीआई की ओर से एक जवाब दाखिल किया गया है। जिस पर पांच फरवरी को अपराह्न दो बजे बहस होगी।

कोर्ट ने महंत नरेंद्र गिरि का ऑडियो टेप किया तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरी के आत्महत्या मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई में दूसरे गवाह श्रीमहंत रवींद्र पुरी जिला अदालत में हाजिर हुए। उनकी गवाही दर्ज हुई। अदालत ने महंत नरेंद्र गिरि का जारी आडियो टेप तलब किया है, जिससे गवाह से आवाज की पहचान कराई जा सके।

वादी मुकदमा अमर गिरि पिछली कई तारीखों पर अदालत में गवाही देने के लिए हाजिर नहीं हो रहे थे। इससे मुकदमे की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही थी। अदालत के आदेश के बावजूद पुलिस अमर गिरि को गिरफ्तार कर पेश नहीं कर सकी। पुलिस ने अदालत को बताया कि अमर गिरि के विरुद्ध जारी गैर जमानती वारंट अभी तक तामील नहीं हो सका है, जिस पर अदालत ने अभियोजन का पक्ष सुनने के बाद दूसरे गवाह के रूप में रवींद्र पुरी को समन भेजकर गवाही दर्ज कराने का आदेश दिया था। इस मुकदमे की सुनवाई पहले जिला जज संतोष राय के समक्ष चल रही थी, लेकिन उनके द्वारा मुकदमा अंतरित करने के बाद अब इसकी सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश रामप्रताप सिंह राणा के समक्ष हो रही है। वर्तमान मामले की अगली सुनवाई आगामी 6 फरवरी 2024 को सुनिश्चित की गई है।

संगठन की सहमति से ही एटा में प्रयास करने आयी थी : अनीता लोधी

एटा लोकसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक के सामने आने के बाद बढ़ीं राजनीतिक सरगर्मियां

गजेंद्र चौहान, कासगंज

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलंदशहर से लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाते ही वरिष्ठ नेताओं के साथ मौजूदा सांसदों ने भी चुनाव लड़ने के लिए टिकट को लेकर अंदरखाने पैरवी शुरू कर दी है। कुछ लोकसभा की ऐसी भी सीटें हैं, जहां भाजपा के धुरंधर सांसद हैं। ऐसी ही लोकसभा सीट एटा है।

यहां पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया पिछली दो बार से भाजपा से सांसद हैं। कल्याण सिंह का घर माने जाने वाले एटा लोकसभा क्षेत्र में अनीता लोधी के सामने आने के बाद राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। बाबूजी कल्याण सिंह की विरासत को संभाल रहे उनके बेटे राजू भैया की दावेदारी को बुलंदशहर की डिबाई सीट से 2017 से 22 तक भाजपा से विधायक रहीं अनीता लोधी ने अपनी दावेदारी करते हुए चुनौती दी है। दो बार से सांसद राजू भैया की सीट पर अनीता की दावेदारी से एक तरह से वर्चस्व की जंग छिड़ती नजर आ रही है। दावेदारी के बाद से दोनों के समर्थकों में टकराव बढ़ गया है।

गुरुवार दोपहर बाद ऐसा विवाद हुआ कि सांसद के समर्थक और अनीता सिंह ने एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। पुलिस ने अनीता लोधी के खिलाफ कासगंज के रहने वाले अखिलेश वर्मा की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसे अनीता लोधी चेतावनी के रूप

में देख रही हैं। घटनाक्रम और दर्ज हुए मुकदमे को लेकर पूर्व विधायक अनीता लोधी से अमृत विचार के संवाददाता ने शुक्रवार को बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश...

सवाल: आप एटा लोकसभा से तैयारी कर रही हैं, ऊपर केंद्रीय कमेटी के नॉलेज में है कि आप यहां पर तैयारी कर रही हैं, आवेदन किया आपने?

जवाब : हां केंद्रीय कमेटी के नॉलेज में है लेकिन मामले में अभी मेरी बातचीत नहीं हुई है, मैं इस पूरी घटना की जानकारी आलाकमान को दे रही हूं।

सवाल: आपने चुनाव लड़ने के लिए एटा लोकसभा सीट को क्यों चुना?

जवाब : एक कार्यकर्ता के नाते मैंने यहां आवेदन किया है, यह एक कार्यकर्ता का अधिकार है। निश्चित तौर पर बाबूजी का रसूख है, बाबूजी हम सब के आदरणीय हैं सम्माननीय हैं, बात रही सांसद जी की तो मेरे पास सूचना थी कि पार्टी यहां से प्रत्याशी बदलना चाहती है, चीजें ठीक नहीं है। उनके विरोध के स्वर की रिपोर्ट है।

सवाल : आपने एटा लोकसभा पर दावेदारी की है, क्या इसके लिए आपने कोई आवेदन केंद्रीय कमेटी, प्रदेश कमेटी को दिया है?

जवाब : मैंने अपना आवेदन केंद्रीय कमेटी, प्रदेश कमेटी और जिला कमेटी को दिया है, सबको पता है कि मैं यहां से आवेदन कर रही हूं। प्रॉपर चैनल के जरिए मैं यहां दावेदारी करने आई हूं, संगठन की सहमति के बाद ही यहां प्रयास करने पहुंची हूं। हमारी पार्टी में स्वतंत्रता है, आप मेहनत करिए प्रयास करिए तो मैं यहां प्रयास कर रही हूं।

सवाल: आपके राजनीतिक जीवन की शुरुआत कहां से हुई ?

जवाब : मेरे पिता गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे और आरएसएस के खंड कार्यवाह रहे हैं तो मेरी राजनीतिक पृष्ठभूमि संघ और भाजपा की रही है। मैं 10 साल से राजनीतिक तौर पर सक्रिय हूं। इससे पहले मैं अपने पति के साथ बिजनेस कर रही थी।

सवाल: आपकी शिक्षा कहां से हुई ?

जवाब : मैं डॉक्टरेट हूं एग्रीकल्चरल साइंस में। मैंने एग्रीकल्चर से बीएससी किया है, एमएससी प्लांट पैथोलॉजी में है। गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय उत्तराखंड की थ्रू आउट फर्स्ट क्लास पास हूं।

▸▸ राजू भैया की सीट पर दावेदारी से छिड़ी वर्चस्व की जंग

शरीयत के अनुसार हुआ तभी मानेंगे यूसीसी : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बयान जारी करते हुए कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने जा रहा है। यूसीसी में शरीयत का पालन किया गया है तो मुसलमान इस कानून को मानेगा, अगर शरीयत के उसूलों के खिलाफ है तो मुसलमान इसे मानने पर मजबूर नहीं होगा। मौलाना ने कहा कि देश के मुसलमानों ने हमेशा कानून का सम्मान किया है और सम्मान करते रहेंगे, मगर शरीयत के खिलाफ नहीं जा सकते हैं। हम हर उस कानून को मानेंगे, जिससे शरीयत को नुकसान न पहुंचता हो।

धर्मांतरण कानून का पालन किए बिना अंतर्धार्मिक विवाह अवैध

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ कोर्ट ने एक्ट की धारा 8 और 9 के अनुपालन के बाद एक नई याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता दी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अंतर्धार्मिक विवाह के मामले में कहा कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 8 और 9 के प्रावधानों का पालन किए बिना जो विवाह किया गया हो, उसे वैध नहीं माना जा सकता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की एकल पीठ ने निकिता नजराना और अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 1(3) के अनुसार 2021 के अधिनियम के लागू होने के बाद यानी 27 नवंबर 2020 के बाद कोई भी अंतर धार्मिक विवाह होता है तो पक्षकारों को अधिनियम की उक्त धारा 8 और 9 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। अधिनियम की धारा 8 में बताया गया है कि जो व्यक्ति अपने धर्म को परिवर्तित करना चाहता है उसे जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट को कम से कम 60 दिन पहले इस संबंध में एक घोषणा पत्र देना होगा कि धर्मांतरण का निर्णय उसका अपना है। वह किसी दबाव में या कार्य नहीं कर रहा है जबकि उक्त अधिनियम की धारा 9 धर्मांतरण के बाद की घोषणा से संबंधित है। दरअसल एक अंतर्धार्मिक जोड़े द्वारा संरक्षण याचिका कोर्ट में दाखिल की गई, जिसमें लड़की पहले मुस्लिम धर्म से थी और वर्ष 2017 में उसने हिंदू धर्म अपना लिया और लड़का हिंदू धर्म से है। इसके बाद दोनों ने इसी वर्ष 2 जनवरी 2024 को शादी कर ली। याची के अधिवक्ता का तर्क है कि लड़की का धर्मांतरण प्रमाण पत्र 2017 में जारी किया गया था, जब उक्त अधिनियम अस्तित्व में नहीं था।

अतः इस अधिनियम के प्रावधान वर्तमान मामले में लागू नहीं होते हैं। हालांकि कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि याचीगण का विवाह अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद हुआ है। अतः याचियों को अधिनियम के प्रावधानों का पालन करना चाहिए था।

अभिनेत्री अमीषा पटेल को कोर्ट से बड़ी राहत

मुरादाबाद, अमृत विचार : अभिनेत्री अमीषा पटेल (47) की अर्जी पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार ने सुनवाई करते हुए जमानत की मंजूरी दे दी है। अमीषा पर मुरादाबाद में एक पार्टी से 11 लाख रुपये एडवांस लेकर भी डांस न करने और रुपये न लौटने का आरोप है। इस मामले में अभी 23 जनवरी को ही अमीषा पटेल मुरादाबाद आई थी और जमानती प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर लौट गई थी।

अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला जज ने सुनवाई के बाद प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र पर मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले में ट्रायल चलेगा, साक्ष्य प्रस्तुतीकरण की कार्रवाई होगी। उसके बाद गवाह एवं बहस का काम शुरू होगा। फिलहाल, अभिनेत्री को जमानत मिलने से बड़ी राहत मिली है।

हाईकमान तक पहुंचा भाजपा नेताओं में फायरिंग का मामला

संवाददाता, कासगंज

▸▸ नामजद रिपोर्ट दर्ज होने पर अनीता लोधी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई

अमृत विचार : लोकसभा टिकट की रार को लेकर कासगंज में भाजपा नेताओं के दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला हाईकमान तक पहुंच गया है। सांसद के समर्थक की तहरीर पर पूर्व विधायक अनीता लोधी और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एटा जिले के एक विधायक और कासगंज से एक पूर्व विधायक अनीता के पक्ष में है। अनीता लोधी का कहना है कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात करने जा रही हूं। कासगंज पुलिस पुलिस ने भी पक्षपात किया है। एक तरफ मैंने शाम चार बजे ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और मेरी ओर दिए गए प्रार्थना पत्र पर एफआईआर नहीं हुई। दूसरे पक्ष की तहरीर पर मेरे और मेरे समर्थकों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। यह न्याय संगत नहीं है। गुरुवार को बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी अपने समर्थकों के साथ कासगंज आयी थीं। आरोप है कि स्कार्पियो कार से आए अराजक तत्वों ने हवाई फायरिंग की। वहीं, दूसरे पक्ष से भाजपा नेताओं ने भी अनीता लोधी एवं उनके समर्थकों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इस प्रकरण में पुलिस ने अनीता सिंह समेत उनके कई समर्थकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनीता लोधी की ओर से भी एसपी को तहरीर दी गयी है।

बच्चे की गर्दन में फंसा मांझा, चली गई जान

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ बाइक से पिता की दुकान पर जाते समय हादसे का शिकार

अमृत विचार : जिले के गंगापार इलाके के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दस वर्षीय किशोर की गर्दन कट गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद घरवाले आनन-फानन किशोर को अस्पताल ले गए। जहां भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रयागराज में गंगापार इलाके के हंडिया-सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सराय इनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव में विजय यादव के यहां है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 वर्ष से ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सराय इनायत बाजार में अपने पिता की दुकान पर जा रहा था। दोनों थाने के निकट पहुंचे ही थे कि अचानक सचिन के गले में पतंग का मांझा फंस गया। इससे उसकी गर्दन कट गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वाराणसी में शुक्रवार को राम-जानकी शोभा यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु।

ज्ञानवापी : तहखाना देखने के लिए भी लग रही भक्तों की लंबी कतार

एजेंसी, वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं, जिसे वाराणसी की एक अदालत के हालिया आदेश के बाद पूजा-अर्चना के लिए खोल दिया गया है।

काशी विश्वनाथ मंदिर के अधिकारी स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए प्रबंधन में जुटे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) पीयूष



तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे (खिड़की) से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था जिसे अदालत के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने बुधवार रात हटा दिया। शुक्रवार को अवरोधकों के पास खड़े पुलिस कर्मियों के एक समूह को तहखाने के दर्शन के लिए उत्सुक भक्तों की कतार का प्रबंधन करते देखा गया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से नामित एक पुजारी द्वारा नियमित अंतराल पर पूजा-अर्चना की जा रही है। पीआरओ ने बताया कि अदालत के फैसले के अगले दिन गुरुवार की सुबह, याचिकाकर्ताओं और हिंदू पक्ष के कुछ वकीलों ने तहखाने के दर्शन किए। अब केवल पुजारियों को प्रार्थना करने के लिए तहखाने के अंदर जाने की अनुमति है। अन्य भक्त अवरोधकों के पास से दर्शन कर रहे हैं।

▸▸ अभी केवल पुजारियों को ही तहखाने के भीतर जाने की अनुमति

वर्ग पहेली-331

बाएं से दाएं

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

ऊपर से नीचे

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



वर्ग पहेली - 330 का हल

1 ल	ह	ल	हा		2 रो
भ					ज़ा
नी		3 जो		4 जा	
	5 म	हा	भा	ग	
6 ग	ग	री		र	
	रि			ण	
	7 बी	ए	ड		

सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		9		1			
9		3		2			5	
				7		3		
5			8			7		
		4						1
		2			6			5
				6				9
	1			8		4	7	
			4		7		1	

सुडोकू - 47 का हल

7	6	1	9	5	4	2	8	3
2	3	9	6	1	8	5	7	4
4	5	8	3	2	7	1	9	6
5	9	7	1	4	6	3	2	8
1	8	6	7	3	2	4	5	9
3	4	2	8	9	5	6	1	7
9	7	5	4	6	1	8	3	2
8	1	4	2	7	3	9	6	5
6	2	3	5	8	9	7	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 17.20 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06.51-07.35, 07.35-08.19 तक।

दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।

मिथुन — आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।

कर्क — आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।

सिंह — आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।

तुला — आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।

वृश्चिक — आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।

धनु — आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।

मकर — आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।

कुंभ — आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।

मीन — आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जागृति — सुबह : 10.00
- सीता और गीता — रात : 07.00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 10.22
- अफवाह — रात : 07.00

SONY PIX
- कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 09.42
- एस्केप रूम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- एनेमी — सुबह : 10.30
- जीरो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- गहराइयां — दोपहर : 01.04
- धनवान — रात : 07.32

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न में नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी में कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा- हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव: अजय सेठ

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

मुंबई। पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरे भारत में संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीआईसी प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने दी जानकारी

जीएसटी परिषद, जीएसटी पंजीकरण कराने के इच्छुक संदिग्ध व्यक्तियों के लिए पूरे भारत में बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इस समय दो राज्यों - गुजरात और आंध्र प्रदेश, तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पायलट आधार पर करदाताओं का आधार प्रमाणीकरण शुरू किया गया है। अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ''इसके उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। गुजरात में (पंजीकरण) आवेदनों की संख्या में कमी आई है। यह एक संकेत है कि इन उपायों से उन लोगों पर लगाम लग गई है, जो नकली आईटीसी फर्म बनाने के लिए दूसरों की पहचान का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा-उत्साहजनक नतीजों को देखते हुए, ऐसा लगता है कि अब अधिक से अधिक राज्य इसे चुनेंगे या इसे सभी राज्यों पर समान रूप से लागू किया जा सकता है, क्योंकि फर्जी पंजीकरण से राजस्व प्रभावित होता है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी अब तक पंजीकरण के आवेदकों को सत्यापित करने के लिए ओटीपी आधारित आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी कंपनी बनाने के लिए अन्य लोगों की पहचान का दुरुपयोग करने के मामले सामने आने के बाद सीबीआईसी ने बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की ओर बढ़ने का फैसला किया था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,850
गिन्नी (प्रति नग)	48,300-48,500
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,300
सोना जेवरात गिन्नी	63,300
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,500
चांदी आभूषण	73,900।

केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

नई दिल्ली। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

राष्ट्रीय

अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे

केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

एजल। मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में हुई एंट्री

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल

▸▸ प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर

तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है । इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है।

टेरर फंडिंग मामले में श्रीनगर, दिल्ली में पांच जगहों पर छापेमारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में शुक्रवार को श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी और तलाशी ली गयी। यह इस मामले में तलाशी का दूसरा दौर था जो आरोपी लोगों की ओर से अपराध की अवैध आय को अवैध रूप से जुटाने, लेयरिंग, मिश्रण और लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिन पर बाद में अलगाववाद तथा आतंकवाद सहित अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाने का संदेह है।

इससे पहले एसआईए ने दिल्ली और कश्मीर घाटी में 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसआईए के बयान में कहा गया है कि एसआईए कश्मीर की विशेष टीमों द्वारा आज दिल्ली और श्रीनगर में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी ली गई।

एक नजर

हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

जम्मू। जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

पूर्व न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए परीक्षा की जरूरत पर केंद्र दे जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों के अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त होने के आकांक्षी सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए भी लिखित परीक्षा पास करने की आवश्यकता को 'दूर की कौड़ी' बताया और केंद्र से इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता से एक हफ्ते के अंदर इस मुद्दे पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का उपयोग करते हुए, शीर्ष अदालत ने 2023 के एक फैसले में निर्देश दिया था कि राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति दो पत्रों (पेपर) वाले लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर की जाएगी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या पूर्व जिला न्यायाधीश को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए कहना उपभोक्ता संरक्षण नियमों के उद्देश्यों को विफल करता है। इसमें कहा गया है कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के कामकाज और फैसले चयन समिति के पास उपलब्ध हैं, जो उन्हें ऐसे उपभोक्ता संरक्षण मंचों के लिए नियुक्त करने से पहले उन पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा- यह (परीक्षा) दूर की कौड़ी है और उपभोक्ता संरक्षण नियमों के उद्देश्य को विफल करती है। पीठ ने कहा- इस अदालत के 3 मार्च 2023 के फैसले में संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत निर्देश जारी किया गया था कि राज्य आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के पदों पर नियुक्तियां दो पेपर वाली लिखित परीक्षा के आधार पर की जानी चाहिए। सॉलीसिटर जनरल मेहता ने कहा कि वह विशेष रूप से उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए एक परीक्षा आयोजित करने की आवश्यकता पर केंद्र सरकार से निर्देश मांगेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान

नई दिल्ली। सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान विशेष हैं।

महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

रांची, एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना

राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई । नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों, युवाओं, आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा पर 71.80 करोड़ रु. खर्च किए

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने 2022-23 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर कुल 71.80 करोड़ रुपये खर्च किए। 'भारत जोड़ो यात्रा' 145 दिनों तक चली थी और यह 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त हुई थी। कांग्रेस की इस यात्रा पर औसतन प्रतिदिन 49 लाख रुपये का खर्च आया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्वाचन आयोग के पास दाखिल नवीनतम वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार उसने 2022-23 में चुनाव-पूर्व सर्वेक्षणों पर 40,10,15,572 रुपये खर्च किए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कांग्रेस पार्टी का चुनावी खर्च 192.5 करोड़ रुपये से अधिक था।

घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

इस्लामाबाद में पकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।

पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइल में

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

सचिन दास और और कप्तान उदय सहारन की शतकीय पारी के बाद सौमी पांडे की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को 132 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सचिन और उदय ने खेली शतकीय पारी सौमी पांडे ने झटके 4 विकेट

298 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की दीपक बोहरा और अर्जुन कुमाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। दीपक 22 और अर्जुन 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान देव खनाल सर्वाधिक 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, इसके बाद आकाश चांद 18, दुर्गेश गुप्ता 29 रन ने हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सौमी पांडे ने 4 विकेट लिए। अर्शीन कुलकर्णी को दो विकेट मिले। राज लिंबानी, आराध्य शुक्ला और मुरुगन अभिषेक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

उदय और सचिन के बीच हुई रिकॉर्ड 215 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छा नहीं रही। पांचवें ओवर में आदर्श सिंह 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए प्रियांशु मोलिया भी 19 रन पर रनआउट हो गए। 14वें ओवर में अर्शीन कुलकर्णी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 3 विकेट गिरने के बाद कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। उदय ने 107 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 100 रन बनाए। सचिन ने 101 गेंदों में 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। मुशीर खान ने नाबाद नौ बनाए। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया।

डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा

कोलकाता, एजेंसी। शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबिक पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।

6 विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

2-2 विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

खेल डायरी

मुक्केबाजीः अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63 .5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

लंदन। लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।

भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

ढाका। पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

फुटबॉल

तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी ।भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा।

ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

भुवनेश्वर। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है।

आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन

भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला युगल के अंतिम चरण में हारने के बाद चालिहा ही टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। चालिहा ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

बैडमिंटन

भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स को पहली पारी में 199 पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी। तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की। इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

बॉलीवुड हलचल

मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।

अक्षय कुमार का डीपफेक वीडियो हुआ वायरल

साल 2023 के नवंबर में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। यह पहला मामला था जब किसी अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो बनाया गया मगर इसके बाद आलिया भट्ट, काजोल, कटरीना कैफ, नोरा फतेही भी डीपफेक के शिकार हुए। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए। अब अभिनेता अक्षय कुमार डीपफेक के शिकार हुए हैं। डीपफेक वीडियो में उनकी आवाज और चेहरे का इस्तेमाल करके एक गेमिंग एप का प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार की ओर से डीपफेक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस वीडियो के सोर्स की जांच की जा रही है।

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।

प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर



शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर

सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन

बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

पूंछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

▸▸ वैज्ञानिकों ने खोजा पूंछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूंछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूंछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूंछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।

बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

असामान्य विशेषता का हुआ खुलासा: नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

एक नजर

केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

नैरोबी। केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल

धुसेल्स/बर्लिन। बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

वाशिंगटन। अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, 3 लोगों की मौत

क्लियरवॉटर। फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में पायलट और एक घर में मौजूद दो लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, हादसे में पायलट समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले कई लोगों की मारे जाने की खबरें थी।

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में विस्फोट, 1 की मौत, कई घायल

बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग सड़क पर धमाका हुआ। प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

बड़ी संख्या में मतदान करें लोग: इमरान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जेल में बंद हैं। उन्होंने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पीटीआई समर्थकों और पाकिस्तान की आवाम से कहा है कि उन्हें बड़ी संख्या में मतदान में हिस्सा लेकर चुनाव को सफल बनाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि वे अमेरिकी दबाव को बेअसर साबित करने में सफल रहे। इमरान के मुताबिक पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव में जनता की भागीदारी 'वोट के हथियार' के रूप में सामने आएगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी जगह कोई दूसरा प्रधानमंत्री होता तो पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप को रोकने में सफल नहीं हो पाता।

90 हजार पोलिंग बूथों पर होगा मतदान

पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूथ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4.28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2.76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

पूनम का शव कहां है किसी को जानकारी नहीं, निधन पर संशय

मुंबई। अपने बयानों से 2011 में चर्चा में आने वालीं अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे की 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबर पर संशय बना हुआ है। अभिनेत्री की प्रचार टीम ने शुक्रवार को उनके निधन की सूचना दी, लेकिन उनकी मौत कब हुई, कहां हुई इस बारे में जानकारी नहीं दी गई।

पांडे अपने इस बयान से चर्चा में आई थीं कि अगर भारत 2011 का क्रिकेट विश्व कप जीतेगा, तो वह अपने कपड़े उतार देंगी। कई वेबसाइट को खंगालने और पूनम पांडे को जानने वाले लोगों से संपर्क करने के बावजूद उनके निधन के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई। पांडे की प्रचार टीम से जुड़ीं पारुल ने कहा, पांडे का सर्वाइकल कैंसर के कारण कल रात निधन हो गया। चावला ने कहा कि उन्हें निधन के बारे में तब पता चला, जब पांडे की बहन ने उन्हें फोन किया। हालांकि, पांडे उत्तर प्रदेश के किस शहर से थीं या उनके परिवार के विवरण के बारे में चावला नहीं बता पाईं।

चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहे: जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूंछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूंछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है।

संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। बतौर रमेश, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें, तो हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। यह मामला सिर्फ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

महापौर चुनाव : पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।

याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर में हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

▸▸ कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

शिमला : मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

सैनिकों की वापसी का मुद्दा भारत-मालदीव के बीच दूसरे कोर ग्रुप की हुई बैठक

नई दिल्ली। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा। मालदीव के विदेश मंत्रालय का यह बयान इस विवादास्पद मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच दूसरे दौर की बैठक के कुछ घंटे बाद आया।

शुक्रवार को दोनों देशों के दूसरे कोर समूह की बैठक दिल्ली में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष मालदीव में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन जारी रखने के लिए कुछ परस्पर स्वीकार्य समाधान पर सहमत हुए। कॉप-28 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच हुई बैठक के बाद दोनों पक्षों ने कोर समूह गठित करने का निर्णय लिया था। पिछले महीने मुइज्जू ने भारत को 15 मार्च तक अपने सैन्य कर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने कहा था।

चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में कहा- डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन गुस्सैल बुजुर्ग

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे? इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं।

बहुभाषी भारत एक जीवंत परंपरा की थीम पर होगा विश्व पुस्तक मेला

नई दिल्ली, अमृत विचार। पुस्तक प्रेमियों का महाकुंभ दिल्ली के प्रगति मैदान में 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है विश्व पुस्तक मेला का अतिथि देश सऊदी अरब होगा और मेले की थीम बहुभाषी भारत एक जीवित परंपरा रखी गई है।

हर वर्ष के बाद इस वर्ष भी नेशनल बुक ट्रस्ट प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला का आयोजन 10 से 18 फरवरी तक करने जा रहा है लेकिन इस बात मिले का स्वरूप काफी बड़ा कर दिया गया है करीब 45 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में सैकड़ो बुक स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू के अलावा क्षेत्रीय एवं विदेशी भाषाओं के लेखकों की पुस्तकें भी बिक्री के लिए रखी जाएंगी। पुस्तक मेला में सऊदी अरब के कई लेखकों और साहित्यकारों को विशेष रूप से बुलाया गया है।

सुनवाई मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूंछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटॉक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।

13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन

सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्म पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंग्जाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

यासीन मलिक को इलाज के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अनुमति

नई दिल्ली। आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि उम्र कैद की सजा काट रहे मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।